वर्ष- 11 अंक-289
लखनऊ, शनिवार 08 जून, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



नीट परीक्षा में धांधली की व्यापक जांच करें सरकार : खड़गे 12

प्रदेश के एक्सप्रेस-वे के किनारे की भूमि पर वृक्षारोपण कराया जाय : दिनेश प्रताप 03

# मोदी रविवार शाम लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ

**शपथग्रहण**

- मोदी को राष्ट्रपति से मिली नियुक्ति चिट्ठी
- नई सरकार पहले से तेज गति से देश के विकास के लिए काम करेगी : पीएम



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेता नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री पद की नियुक्ति का पत्र शुक्रवार शाम को सौंप दिया और उन्हें नयी मंत्रिपरिषद के लिए नामों की सूची भेजने के लिए कहा।

श्री मोदी शाम छह बजे राष्ट्रपति भवन पहुंचे और राष्ट्रपति से मुलाकात की। बाद में उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया है और मंत्रिपरिषद की सूची देने को कहा है। उन्होंने कहा कि मैंने राष्ट्रपति को बताया है कि हमें शपथ ग्रहण समारोह के लिए रविवार शाम छह बजे का समय सुविधाजनक रहेगा। उन्होंने कहा कि उस समय तक मंत्रिपरिषद के सदस्यों की सूची भी राष्ट्रपति को भेज दी जायेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि दस वर्ष तक सरकार चलाने का उनका और उनकी टीम के अनुभव का अब देश को अगले पांच वर्ष तक पूरा लाभ मिलेगा और सरकार तेजी से काम करेगी। उन्होंने कहा कि 2014 में मैं नया था, अब अनुभव मिला है। भारत की जो वैश्विक छवि बनी है उसका अधिकतम लाभ अब शुरू होगा। श्री मोदी ने कहा कि यह पांच वर्ष वैश्विक परिवेश में भी महत्वपूर्ण होंगे। दुनिया संकट से गुजर रही है ऐसी विकट परिस्थिति दुनिया ने लंबे अरसे के बाद देखी है। हर देश चुनौती का डरते हुए सामना कर रहा है। हम इतने संकट के बावजूद सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में उभरे हैं। अब एक स्थायी सरकार और परिपक्व नेतृत्व मिलने के कारण युवा पीढी तथा राज्यों को लाभ मिलेगा और वैश्विक भागीदारी का माहौल बनने वाला है। उन्होंने कहा कि अठारहवीं लोकसभा आजादी के अमृत महोत्सव के बाद की पहली लोकसभा है और यह एक प्रकार से युवा ऊर्जा और कुछ कर गुजरने वाली लोकसभा होने जा रही है। उन्होंने देशवासियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने एनडीए सरकार को तीसरी बार देश की सेवा करने का आदेश और अवसर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह देशवासियों को आश्वस्त करते हैं कि पिछली दो कार्यकाल में देश तेज गति से आगे बढा है और समाज के हर वर्ग में परिवर्तन नजर आ रहा है। इस कार्यकाल में भी सरकार उसी तेजी के साथ उतने ही समर्पण भाव से देश की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने में कोई कमी नहीं रखेगी। पीएम ने कहा कि उनकी सरकार देश के सामान्य जन के सपनों को पूरा करने का प्रयास करेगी और लक्ष्यों को समय सीमा में हासिल करने के लिए ऊर्जा तथा व्यापक विजन के साथ काम करेगी। इससे पहले राजग नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने श्री मोदी को सर्वसम्मति से गठबंधन के संसदीय दल का नेता चुने जाने से संबंधित पत्र राष्ट्रपति को दिया था। इसके बाद श्रीमती मुर्मु ने श्री मोदी को राष्ट्रपति भवन बुलाया था। लोकसभा चुनाव में राजग ने 293 सीटें जीतकर लगातार तीसरी बार बहुमत हासिल किया है। वर्ष 1962 (पं. जवाहर लाल नेहरू) के बाद यह पहला अवसर है जब कोई नेता दो कार्यकाल पूरे करने के बाद लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेगा।

### मोदी ने आडवाणी व जोशी से मिलकर लिया आशीर्वाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का सर्वसम्मित से नेता चुने जाने के बाद शुक्रवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वयोवृद्ध नेता लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी से मिलकर आशीर्वाद लिया। संसद भवन परिसर में स्थित संविधान सदन में हुई राजग की बैठक में श्री मोदी को गठबंधन के संसदीय दल का नेता चुना गया था।

### न हारे थे, न हारे हैं, विजय को पचाना जानते हैं : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी इंडी गठबंधन द्वारा लोकसभा चुनावों में भाजपा की हार के दावे पर आज पलटवार किया और कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सच्चे अर्थों में भारत की आत्मा है और अगले दस साल में राजग देश में विकास एवं सुशासन के नये अध्याय लिखेगा। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि दो दिन चला, हम तो गये, हार गये। उन्होंने कहा कि गठबंधन के इतिहास में संख्या के हिसाब से देखें तो यह सबसे मजबूत गठबंधन सरकार है। इसी जीत को स्वीकार न करने, इस जीत को पराजय की छाया में डुबाए रखने की कोशिशें हुईं। लेकिन ऐसे सभी प्रयास निरर्थक रहे। ऐसी चीजों की बालमृत्यु हो जाती है, और ऐसा ही हुआ। उन्होंने कहा कि हम न हारे थे, न हारे हैं! चार जून के बाद हमारा व्यवहार जो रहा है, हम विजय को पचाना जानते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे संस्कार हैं कि विजय की गोद में हम उन्मादी नहीं होते, ना ही पराजित लोगों को उपहास उड़ाते हैं। उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि 10 साल बाद भी कांग्रेस 100 के आंकड़े को भी नहीं छू पाई। 2014, 2019, 2024 में मिलाकर कांग्रेस को जितनी सीटें मिली हैं, उससे ज्यादा हमें इस चुनाव में मिली हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों का एक परिणाम यह भी है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) जिंदा है। उन्होंने कहा कि चार जून के पहले ये लोग (इंडी गठबंधन) ईवीएम को लगातार गाली दे रहे थे और ये लोग तय करके बैठे थे कि भारत के लोकतंत्र की प्रक्रिया के प्रति लोगों का विश्वास ही उठ जाए। मुझे तो लगता था कि इस बार ये लोग ईवीएम का अर्थी जुलूस निकालेंगे, लेकिन 4 जून को शाम आते-आते उनको ताले लग गए... ईवीएम ने उनको चुप कर दिया। ये भारत के लोकतंत्र की ताकत है।

### मोदी को मिला राजग का पूर्ण समर्थन, भरपूर सराहना

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेताओं ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता, उनकी नेतृत्व क्षमता और 10 साल के उनके कार्य से देश के विकास और विश्व में भारत के गौरव में वृद्धि की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुये कहा कि वह इस समय देश को विकास और जन कल्याण के पथ पर ले जाने वाले सबसे उपयुक्त नेता हैं। श्री मोदी को नवनिर्वाचित राजग संसदीय दल का नेता चुने जाने के लिए पुराने संसद भवन में आयोजित बैठक में कहा गया कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में राजग की लगातार तीसरी जीत श्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 10 साल के कार्यों और प्रधानमंत्री के दिन रात के अथक परिश्रम का परिणाम है।

## दंड नहीं न्याय के भारतीय मूल्यों पर आधारित है नवीन आपराधिक न्याय प्रणाली : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



**तैयारी**

- पहली जुलाई से बदल रही है आपराधिक न्याय प्रणाली, भारतीय न्याय संहिता सहित लागू होंगे तीन नए कानून
- हर जिले में स्थापित होगा फॉरेंसिक लैब, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की भी होगी सुविधा : सीएम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में आगामी पहली जुलाई से लागू होने जा रही नवीन आपराधिक न्याय प्रणाली के संबंध में तैयारियों की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वाधीनता दिवस के अवसर पर देश के सामने पंच प्रण लिए थे। इनमें से एक प्रण था-गुलामी की सभी निशानियों को समाप्त करना। इसी प्रण को पूरा करने के लिए संसद ने अंग्रेज़ों द्वारा बनाए गए इंडियन पीनल कोड, 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (1898), 1973 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 कानूनों को समाप्त कर हम तीन नए कानून पारित किए हैं। यह कानून आगामी 01 जुलाई से उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में लागू होना है।

नवीन व्यवस्था के अनुसार, इंडियन पीनल कोड, 1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता, 2023 स्थापित होगा। क्रिमिनल प्रोसीजर कोड, 1898 की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 स्थापित होगा। नए भारत के ये तीनों स्वदेशी कानून प्रधानमंत्री के प्रण को पूरा करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि समाप्त किए गए तीनों कानून अंग्रेज़ी शासन को मज़बूत करने और उसकी रक्षा करने के लिए बनाए गए थे और उनका उद्देश्य दंड देने का था, न कि न्याय देने का, जबकि भारतीय लोकतंत्र न्याय की अवधारणा वाला है।

भारतीय मूल्यों को दृष्टिगत रखते हुए संसद द्वारा पारित तीनों नए कानूनों से हमारे आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक परिवर्तन करने वाले होंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि तीनों नए कानून के लागू होने से पूर्व इनसे संबंधित राज्य स्तरीय अधिनियम, नियमावली, एसओपी, शासनादेशों में संशोधन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। नए कानून में तकनीक का बड़ा महत्व है। डेटा एनालिटिक्स, साक्ष्यों के संकलन, ई-कोर्ट, दस्तावेजों के डिजिटाइजेशन जैसी हर प्रक्रिया में तकनीक का उपयोग किया जाना है। इसके दृष्टिगत आवश्यक तकनीकी बदलाव बिना विलंब किए जाएं। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक इंस्टिट्यूट, लखनऊ का सहयोग लें। रेंज स्तर पर स्थापित सभी फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं में हर जरूरी संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। सभी 75 जिलों में फॉरेंसिक लैब स्थापित कराएं। कोर्ट में पेशी के लिए हर जिले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा होनी चाहिए। यह कार्य शीर्ष प्राथमिकता पर रखें। प्रस्ताव तैयार करें, शासन स्तर से पूरा सहयोग मिलेगा। फॉरेंसिक एक्सपर्ट की तैनाती करें। जहां भी जैसी आवश्यकता हो, तत्काल बताएं, पूरा सहयोग मिलेगा।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नए कानून सहजता से लागू किए जा सकें और अपने उद्देश्यों में सफल हों, इसके लिए तीनों नए कानूनों के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना आवश्यक है। कॉन्स्टेबल, उपनिरीक्षक, इंस्पेक्टर, अभियोजक, जेल कर्मचारी आदि की विधिवत ट्रेनिंग कराएं। यह कार्य मास्टर ट्रेनर के तैयार कर आसानी से किया जा सकता है। बेहतर होगा कि इससे जुड़ी सामग्री का किट तैयार किया जाए। आम जनता को भी नए प्रावधानों व बदलावों के बारे में जागरूक करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### तेजस एक्सप्रेस के दो डिब्बे बेपटरी, हादसे की जांच के आदेश

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को तेजस एक्सप्रेस के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। ट्रेन को आनन-फानन में रोका गया और गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म-4 पर इसको मरम्मत के बाद गंतव्य की ओर रवाना किया गया। रेलवे ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। अधिकारियों के मुताबिक गाजियाबाद स्टेशन पर पहुंचने से पहले ही ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। गति कम होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। मौके पर पहुंचे अधिकारी घटना के बारे में छानबीन कर रहे हैं। यह भी पता लगाया जा रहा है कि कहीं इस घटना के पीछे कोई साजिश तो नहीं है।

### ईद-अल-अजहा 17 को

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के ग्रैंड मुफ़्ती मुफ़्ती नासिर-उल-इस्लाम ने शुक्रवार को कहा कि नया चाँद दिख गया है और इस साल ईद-अल-अज़हा 17 जून को मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस्लामी कैलेंडर के अनुसार वर्ष 1445 के धुल् हिज्जा महीने का अर्धचंद्र आज देखा गया और इसके बाद कल (08-जून-2024) से धुल् हिज्जा 1445 का महीना शुरू होगा। उन्होंने कहा कि ईद 17 जून 2024 को मनाई जाएगी।

### मणिपुर के दो जिलों में लगा कर्फ्यू

**इंफाल।** मणिपुर में 59 साल के एक व्यक्ति की हत्या के बाद जिरीबाम और तामेंगलोंग जिलों में अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को ये जानकारी दी। इंफाल में मणिपुर के एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि गुरुवार रात को जिरीबाम में सोइबाम सरतकुमार सिंह का शव बरामद होने के बाद स्थानीय लोगों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। शुक्रवार को भी स्थिति तनावपूर्ण है, हालांकि नियंत्रण में है।

### हरियाणा नहीं हिमाचल प्रदेश से मिलेगा दिल्ली को पानी

**नई दिल्ली।** यमुना के पानी को लेकर दिल्ली और हरियाणा का झगड़ा पुराना है, लेकिन इस बार सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर दिल्ली को हिमाचल प्रदेश से पानी दिया जाएगा। इस मामले में राजनीतिक समीकरण स्पष्ट नजर आ रहे हैं। गर्मी की भीषण लहर के बीच पिछले कई दिनों से दिल्ली के कई इलाकों में पानी का भारी संकट चल रहा है। इसी स्थिति को देखते हुए दिल्ली सरकार ने 31 मई को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी याचिका में दिल्ली सरकार ने कहा था कि राजधानी के प्राथमिक पानी के स्रोत सोनिया विहार और भागीरथी बैराज अपने अधिकतम स्तर पर काम कर रहे हैं।

## इरफान सोलंकी को सात साल की सजा, जाएगी विधायकी

**आगजनी मामला**

- इरफान के साथ उसके भाई और तीन अन्य आरोपितों को भी मिली सात साल की सजा



**कानपुर, समृद्धि न्यूज।**

महिला का प्लॉट कब्जाने के लिए की गई आगजनी मामले में एमपीएमएलए कोर्ट ने शुक्रवार को सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत पांच दोषियों को सात-सात साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दो साल से अधिक की सजा होने से अब इरफान की विधायकी भी जाना सुनिश्चित है। महाराजगंज जेल में निरुद्ध सीसामऊ सीट से सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत पांच दोषियों को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट के न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने आगजनी मामले में तीन जून को दोषी करार दिया था। इसके बाद सजा की तारीख सात जून मुकर्रर की थी।

**यह था मामला** विधायक इरफान सोलंकी के जाजमऊ स्थित आवास के पास एक प्लॉट पर नजीर फातिमा झोपड़ी बनाकर रहती है। नजीर फातिमा का आरोप है कि विधायक इरफान और उसके भाई रिजवान की नजर प्लॉट कब्जाने की बहुत दिनों से थी। इस पर दोनों ने साजिश रचकर सात नवम्बर 2022 को उस समय जब एक शादी समारोह में गई थी तो प्लाट में बनी झोपड़ी पर अपने गुर्गों से आग लगवा दी। इसके बाद पीड़िता ने आठ नवम्बर को विधायक और उसके भाई व अन्य पर जाजमऊ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद विधायक इरफान फरार हो गया और 22 दिसम्बर-2022 को पुलिस कमिश्नर कार्यालय में सरेंडर किया था। पुलिस ने मामले में तीन चार्जशीट बनाई और पहले चार्जशीट में विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान, इजरायल आटेवाल, मो. शरीफ और शौकत अली को आरोपित बनाया। दो अन्य चार्जशीट में अनूप यादव, महबूब आलम, शमशुद्दीन उर्फ चच्चा, एजाजुद्दीन उर्फ सबलू, मो. एजाज, मुरसलीन भोलू, शकील चिकना आरोपित बनाए गए। पहले चार्जशीट में शामिल पांचों दोषियों को कोर्ट ने सात साल की सजा सुनाई। बाकी बचे आरोपितों के खिलाफ मामला विचाराधीन है।

शुक्रवार को कोर्ट में विधायक इरफान सोलंकी को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेश किया गया और बाकी आरोपित सीधे कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट में लाते समय मामले में दोषी सपा विधायक इरफान सोलंकी के भाई रिजवान सोलंकी ने कहा कि इंसाफ होकर रहेगा। ये फर्जी मुकदमा है, हम बेगुनाही की जेल काट रहे हैं। कोर्ट में अभियोजन और बचाव पक्ष के बीच बहस पूरी हुई।

अभियोजन ने अधिक से अधिक सजा व जुर्माने की मांग की। अभियोजन की ओर से कहा गया कि दोषियों पर अधिक से अधिक जुर्माना लगाया जाए और जुर्माने की अधिकतम राशि पीड़िता को दी जाए। वहीं, बचाव पक्ष ने सजा कम करने व जुर्माना कम से कम की दलील दी। इसके बाद कोर्ट ने शाम छह बजे फैसला सुनाने का समय दिया है और कोर्ट ने विधायक समेत पांचों दोषियों पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए सात साल की सजा सुनाई।

## 24 घंटे विद्युत देना हमारा लक्ष्य : ऊर्जा मंत्री

**निर्देश**

- उप्र में 24 घंटे विद्युत स्पलाई पर ऊर्जा मंत्री ने की बड़ी बैठक



**शटडाउन में अधिकतम दो घण्टे तक बिजली कटौती करें**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के.शर्मा ने शुक्रवार को शक्ति भवन में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा, अध्यक्ष यूपीपीसीएल और प्रबन्धक निदेशक यूपीपीसीएल एवं सभी डिस्काम के अधिकारियों के साथ बड़ी बैठक की। प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष माध्यमों से ऊर्जा मंत्री ने 24 घंटे विद्युत स्पलाई पर जोर देते हुए कहा कि जनता को 24 घंटे विद्युत देना हमारा लक्ष्य है तो हमारी प्राथमिकता भी यही होनी चाहिए। डिस्काम के अधिकारियों को विशेष ध्यान रखना है कि शटडाउन में अधिकतम दो घण्टे तक कटौती करें। विद्युत कटौती पर शिकायत लेकर आने वाले उपभोक्ता के साथ अधिकारियों व कर्मचारियों के व्यवहार में सुधार हो। बिजली उत्पादन व वितरण सम्बन्धी आधारभूत संरचनाओं में सुधार करना भी बेहद आवश्यक है। ए.के.शर्मा ने कहा कि जनपदों में सक्रिय रुप से विद्युती बिल का भुगतान कराये। राजस्व वसूली में बढ़ोत्तरी कराना अपनी जिम्मेदारी है। प्लान शटडाउन की नोटिस कराये तो ट्रांसफार्मरों की तत्काल उपलब्धता भी करायें। बिजली चोरी, छोटे बकायेदारों के प्रति रियायत का ध्यान रखकर सक्रिय होकर कार्य करें। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि से संवाद स्थापित कर उनसे सहयोग लीजिए और उनका सहयोग भी कीजिए।

### दुस्साहस : बीच सड़क पर छेड़छाड़, बात करने से मना करने पर लड़की पर चलाई गोली



**झांसी, समृद्धि न्यूज।** सदर थाना क्षेत्र में एक छात्रा के साथ छेड़खानी के बाद एक सिरफिरे युवक द्वारा फायर करने का मामला सामने आया है। एकतरफा प्यार में पागल युवक ने वारदात को अंजाम दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। गनीमत रही कि यह पूरी घटना एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, अब उसका फुटेज सामने आया है, जो झांसी के सदर बाजार थाना क्षेत्र के भट्टा गांव का बताया जा रहा है। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## बागियों पर एक्शन के मूड में अखिलेश, पाला बदलने वाले विधायकों के खिलाफ करेंगे कार्रवाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



लोकसभा चुनाव के बाद समाजवादी पार्टी ने बागियों पर एक्शन के मूड में दिखाई दे रही है। सपा के खिलाफबगावत करने वाले विधायकों के खिलाफ पार्टी कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

सपा पाला बदलने वाले विधायकों की विधानसभा की सदस्यता खत्म कराने की तैयारी में है। ऐसे में विधायकों की सदस्यता खत्म कराने के लिए यूपी विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा जाएगा। सपा के बागी विधायकों में मनोज पांडेय, अभय सिंह, पूजा पाल, राकेश पांडेय, राकेश प्रताप सिंह, विनोद चतुर्वेदी और आशुतोष मौर्य शामिल हैं। बता दें कि ये वही विधायक हैं, जिन्होंने राज्यसभा के चुनाव में सपा के साथ धोखा किया था। इन विधायकों ने बीजेपी के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की थी। इस चुनाव में बीजेपी ने आठ सीटें अपने नाम कर ली थी तो वहीं सपा के खाते में केवल दो ही सीट आई थी। बीजेपी की जीत में सपा के बागी विधायकों ने अहम भूमिका अदा की थी। राज्यसभा में उत्तर प्रदेश की 31 सीटों में से 10 सीटों पर फरवरी में चुनाव हुए थे। सपा ने लोकसभा आम चुनाव में अब तक के अपने इतिहास में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। उसने कुल 37 सीटें जीतीं। इस तरह सपा देश की तीसरी बड़ी पार्टी के रूप में उभर कर सामने आई है। धार्मिक मुद्दों के बजाय जातीय गोलबंदी और यादवों-मुस्लिमों पर कम दांव की रणनीति से सपा को यह सफलता मिली। वहीं सपा के साथ गठबंधन में आई कांग्रेस ने यूपी में 6 सीटें हासिल की है।

## मां की इज्जत पर ऐसी हजारों नौकरियां कुर्बान : कुलविंदर

**चंडीगढ़, एजेंसी।**




अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत को कथित रूप से थप्पड़ मारने वाली केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) जवान कुलविंदर कौर ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें नौकरी की फिक्र नहीं है।

कुलविंदर कौर ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मुझे नौकरी की फिक्र नहीं है, मां की इज्जत पर ऐसी हजारों नौकरियां कुर्बान हैं।

इससे पहले एक और ट्वीट में उन्होंने जब बात स्वाभिमान की हो तो नौकरी, ताज, तख्त नहीं देखे जाते। कुलविंदर ने कल कथित रूप से चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर कंगना रनौत को उनकी एक पुरानी टिप्पणी को लेकर थप्पड़ मार दिया था, जिसमें सुश्री रनौत ने किसान आंदोलन के दौरान 2020-21 में दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलन पर बैठी महिला किसानों पर सौ-सौ रुपये लेकर धरने पर बैठने का आरोप लगाया था। सुश्री रनौत ने घटना के बाद जारी अपने वीडियो बयान में यह टिप्पणी कर फिर विवाद पैदा कर दिया कि पंजाब में आतंकवाद और उग्रवाद बढ़ रहा है और उसे लेकर कुछ करना पड़ेगा।

### केजरीवाल की जमानत याचिका पर 14 जून तक टली सुनवाई



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली अबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर शुक्रवार को विशेष अदालत में सुनवाई 14 जून के लिए स्थगित कर दी गई। राउज एवेन्यू स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मामलों से संबंधित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने श्री केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एन हरिहरन के अनुरोध पर गौर करते हुए सुनवाई स्थगित करने का आदेश पारित किया।

**फैसला** | **नीतिगत दरें लगातार आठवीं बार यथावत**

## तीव्र विकास के बावजूद किश्ते नहीं होंगी कम

**एजेंसी, मुंबई।**



भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक गतिविधियों में जारी तेजी एवं आगे महंगाई बढ़ने के जोखिम का हवाला देते हुये आज लगातार आठवीं बार नीतिगत दरों को यथावत रखने का फैसला किया है जिससे ब्याज दरों में कमी की उम्मीद लगाये आम लोगों को निराशा हाथ लगी है।

वित्त वर्ष 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 8.2 प्रतिशत कर दर ये बढ़ने के बाद लोगों को उम्मीद जगी थी कि इस बार रिजर्व बैंक ब्याज दरों में कुछ राहत देगा जिससे होम लोन, कार लोन और अन्य तरह के ऋणों पर ब्याज दरें कम हो सके। हालांकि रिजर्व बैंक के इस निर्णय से लोगों को निराशा हाथ लगी है। मई 2022 से 250 आधार अंकों तक लगातार छह बार की वृद्धि के बाद पिछले वर्ष अप्रैल में दर वृद्धि चक्र को रोक दिया गया और यह अभी भी इसी स्तर पर है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने मौद्रिक नीति को यथावत बनाए रखने का फैसला किया है। समिति के छह में से चार सदस्यों ने इस निर्णय का समर्थन किया है। इसके मद्देनजर रेपो दर के साथ ही सभी प्रमुख नीतिगत दरें यथावत हैं और समायोजन के रूख को वापस लेने का निर्णय लिया है। समिति के इस निर्णय के बाद फिलहाल नीतिगत दरों में बढोतरी नहीं होगी। रेपो दर 6.5 प्रतिशत, स्टैंडर्ड जमा सुविधा दर (एसडीएफआर) 6.25 प्रतिशत, मार्जिनल स्टैंडिंग सुविधा दर (एमएसएफआर) 6.75 प्रतिशत, बैंक दर 6.75 प्रतिशत, फिक्स्ड रिजर्व रेपो दर 3.35 प्रतिशत, नकद आरक्षित अनुपात 4.50 प्रतिशत, वैधानिक तरलता अनुपात 18 प्रतिशत पर यथावत है। श्री दास ने कहा कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा 31 मई, 2024 को जारी अनंतिम अनुमानों के अनुसार, 2023-24 की चौथी तिमाही में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि 7.8 प्रतिशत रही, जबकि तीसरी तिमाही में यह 8.6 प्रतिशत थी।


### आरबीआई ने थोक जमा की सीमा दो करोड़ रुपए से बढ़ाकर तीन करोड़ रुपए की

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को थोक सावधि जमा की सीमा मौजूदा दो करोड़ रुपए से बढ़ाकर तीन करोड़ रुपए करने की घोषणा की। थोक सावधि जमा पर खुदरा सावधि जमा की तुलना में थोड़ा अधिक ब्याज मिलता है, क्योंकि बैंक अपनी नकदी प्रबंधन प्रक्रिया के तहत अलग-अलग दरें प्रदान करते हैं। अब अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) और लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) के पास दो करोड़ रुपए तक की एकल रुपया सावधि जमा, खुदरा सावधि जमा का हिस्सा होगी।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

## मृतक के परिवार में तीन लड़के है शादीशुदा, वृद्ध की मृत्यु के उपरांत परिवार के लोग शोक में डूबे





**मितौली खीरी। समृद्धि न्यूज**

थाना क्षेत्र के ग्राम डहर के समीप बहोरी पुरवा गांव के निकट 11000 बिजली की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर एक वृद्ध की मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार बहोरी पुरवा निवासी रामपाल पुत्र धनीराम भार्गव उम्र लगभग 60 वर्ष शुक्रवार सुबह अपने मवेशियों के लिए घास काटने के लिए खेतों में गया हुआ था वहीं खाली पड़े गेहूं के खेत में झूलती हुई 11000 लाइन के तारों के चपेट में आकर झुलस कर वृद्ध की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पाकर राजस्व विभाग एवं प्रभारी निरीक्षक मितौली राजू राव मय पुलिस बल के साथ पहुंचकर मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया गया है।

ग्रामीणों ने बिजली कर्मचारियों के विरुद्ध मोर्चा खोल रखा था किंतु खम्हरिया प्रधान प्रतिनिधि अनूप राठौर एवं डहर प्रधान प्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध वर्ग के व्यक्तियों के समझाने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने को परिजन तैयार हुए। मृतक के परिवार में तीन लड़के शादीशुदा बताए जाते हैं। वृद्ध की मृत्यु के उपरांत परिवार के लोग शोक में डूबे हुए हैं।

> लाइन के सम्बंध में जब अवर अभियंता बिजली से जानकारी ली गई तब ज्ञात हुआ कि उक्त लाइन का सर्वे होकर बिल पास हो चुका है। शीघ्र ही लाइन पर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। पूर्व में उपभोक्ताओं की समस्या को हल करने के उद्देश्य को लेकर लाइन का संचालन कर दिया गया था। आंधी तूफान आने के करण बिजली की लाइन झुक गई थी जिस के कारण आज यह दुर्घटना घट गई है।
> अवर अभियंता

### तलाक के आरोपी पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज

**सिंगाही खीरी।** थाना क्षेत्र के मोतीपुर निवासी एक विवाहिता की तहरीर के आधार पर सिंगाही पुलिस ने तलाक के आरोपी पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के मोतीपुर निवासी पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी करीब 10 वर्ष पूर्व उसी गांव के निवासी वसी खां के साथ हुई थी। शादी में उसके मायके पक्ष की ओर से दान दहेज दिय गया था। लेकिन ससुराल पक्ष के लोग खुश नहीं थे। वह शादी के कुछ दिनों बाद दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट की जाती थी। 5 जुलाई को ससुरालियों ने से मारपीट शुरू कर दी। उसके विरोध करने पर पति वसी खां ने उसे तीन तलाक देते हुए घर से निकाल दिया। सिंगाही पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दिवंगत ग्राम रोजगार सेवक के परिजनों को बीडीओ निघासन ने सौंपी सहायता राशि



**निघासन खीरी।** विकासखण्ड निघासन की ग्राम पंचायत छेदुई पतिया के ग्राम रोजगार सेवक देशराज गुड्डू का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था, पारिवारिक समस्या को देखते हुए खंड विकास अधिकारी निघासन जयेश कुमार सिंह सहित निघासन ने रोजगार सेवकों के द्वारा दिवंगत रोजगार सेवक के घर जाकर परिजनों से मिलकर इस दुःख की घड़ी में परिवार को ढांढस बंधाते हुए ब्लॉक के समस्त रोजगार सेवकों के संयुक्त सहयोग से 111000 की नकद आर्थिक सहायता प्रदान किया और खण्ड विकास अधिकारी द्वारा भविष्य में भी अपेक्षित सहयोग करने का आश्वासन दिया गया।

# दो बाइकों में जबरदस्त टक्कर, पांच घायल



**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**

लखीमपुर भीरा स्टेट हाईवे पर बिजुआ पावर हाउस के पास शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में एक महिला समेत पांच लोग गंभीर घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए सीएचसी बिजुआ लाया गया। जहां चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई।

थाना भीरा क्षेत्र के बिजुआ स्थित पावर हाउस के पास शुक्रवार को सुबह करीब 10 बजे दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइकों के परखच्चे उड़ गए। गांव बम्हनपुर निवासी गगन सिंह, प्रेम सिंह व अंकित तीनों लोग एक ही बाइक पर सवार होकर मढहा बाबा स्थान पर भंडारे में जा रहे थे।

वहीं दूसरी बाइक पर नारायण पुरवा निवासी लेखराम अपनी पत्नी सहित लखीमपुर सिविल कोर्ट को पेशी करने जा रहे थे। बिजुआ में हाइडिल के पास इन दोनों की बाइकों में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से बिजुआ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां डॉक्टरों ने सभी गंभीर घायलों का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया की बाइक सवारों की दुर्घटना का कारण जल्दी और तेज रफ्तार है वही किसी भी बाइक चालक ने हेलमेट नहीं लगाया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



### गौशाला के निरीक्षण में सफाई व्यवस्था दिखी दुरूस्त

**निघासन खीरी।** जिलाधिकारी खीरी द्वारा आदेश के क्रम में विकासखण्ड निघासन की ग्राम पंचायत ग्राम रकेहटी देहात की झोलहु मैदान स्थित गौशाला का खण्ड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने अत्यधिक गर्मी को देखते हुए निरीक्षण किया। इस दौरान गौवंशीय पशुओ की हरे चारे व वाटर टैंक में ताजे पानी व गर्मी को देखते हुए टीन शेड में लगे वाटर कूलर की व्यवस्था का निरीक्षण किया। बीडीओ ने बताया कि वाटर कूलर चलते हुए पाए गए व अन्य सभी व्यवस्था साफ सफाई की व्यवस्था अच्छी दिखी। गौशाला में पशुओ को गर्मी से बचाव के लिए पानी का छिड़काव किया गया था। गौशाला में कुल 618 गौवंश संरक्षित पाए गए। 3 एकड़ हरा चारा गौशाला की समीप भूमि पर तैयार है जिसकी कटाई सुबह शाम की जा रही है। गौशाला में उचित मात्रा में भूसा स्टोर किया गया है। गौशाला में 9 गौसेवक व 1 चौकीदार है, जिनका पारिश्रमिक माह मई तक दिया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान मौके पर ग्राम पँचायत विकास अधिकारी उपदेश वर्मा, ग्राम रोजगार सेवक संजय गुप्ता आदि समस्त गौसेवक उपस्थित रहे।

### मानसिक विक्षिप्त अधेड़ पुल की रेलिंग से लटका

**धौरहरा खीरी।** धौरहरा थाना क्षेत्र के गांव निवासी अधेड़ ने नेशनल हाईवे पर बने घाघरा नदी के पुल की रेलिंग से लटककर फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव का पीएम करवाए बिना ही उसका दाह संस्कार कर दिया। थाना क्षेत्र के चकलाखीपुर चकलाखीपुर निवासी निवासी गोलीराम पाण्डेय (45) पुत्र बाबू राम पाण्डेय जो मानसिक रूप से विक्षिप्त था। कुछ देर बाद ही राहगीरों से सूचना मिली कि नेशनल हाईवे 730 पर घाघरा नदी के पुल की रेलिंग से एक अधेड़ का शव रस्सी से लटकरहा है। सूचना पर परिजनों सहित पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। परिजनों ने शव को पुल की रेलिंग से उतारा। मौके पर पहुंची पुलिस को परिजनों ने शव का पीएम करवाने से मना कर दिया।

# पीले ईंटों से हो रहा स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण



**उचौलिया खीरी। समृद्धि न्यूज**

पसगवॉ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कटिघरा में हो रहे स्वास्थ्य उप केंद्र के निर्माण में संबंधित ठेकेदार के द्वारा घोटाला करने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों की माने तो ठेकेदार के द्वारा अपनी मनमानी करते हुए गुणवत्ता पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है और ना ही सही तरीके से पानी की तराई हो पा रही है। भरे गर्मी में यह निर्माण कार्य किया जा रहा है। ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य में ना तो सूचना बोर्ड लगाया गया है और ना ही स्वीकृति राशि व निर्माण कार्य तारीख भी दर्शाया नहीं गया है। प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र कौन से विभाग के अंतर्गत यह राशि उपलब्ध कराई गई है इसका किसी भी प्रकार का कोई उल्लेख नहीं किया गया है। ठेकेदार के द्वारा अपनी मनमानी करते हुए गिट्टी की गुणवत्ता पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है और न ही इस ओर उच्च अधिकारियों द्वारा मानिटरिंग की जा रही है।

#### ग्रामीणों का आरोप....सांठगांठ से हो रहा मानक विहीन कार्य

ऐसी स्थिति में अधिकारी एवं ठेकेदार की सांठगांठ का अंदाजा लगाया जा रहा है। लाखों की लागत से बनने वाले प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र को अधिकारियों के द्वारा अनदेखी किया जा रहा है।

कहीं न कहीं ठेकेदार के ऊपर अधिकारियों द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है। इसी वजह से उच्च अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार का कोई मानिटरिंग नहीं है। ठेकेदार द्वारा मनमानी करते हुए यह निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस ओर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का भी ध्यान नहीं है। निर्माण कार्य का मटेरियल गिट्टी की गुणवत्ता बहुत घटिया है। जिसे देखने वाला कोई नहीं है, अधिकारी आंख मूंदे बैठे है।

> **वर्जन :**
> इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवॉ प्रभारी अश्वनी वर्मा से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया है कि मौके पर जाकर जांच पड़ताल करूंगा।

### हिस्ट्रीशीटर समेत तमंचे के साथ अपराधी गिरफ्तार

**धौरहरा खीरी।** ईसानगर क्षेत्र के नामी हिस्ट्रीशीटर समेत एक शातिर अपराधी को पुलिस ने 900 ग्राम गांजा व तमंचे के साथ गिरफ्तार कर शुक्रवार को विधिक कार्रवाई के बाद जेल भिजवा दिया। पुलिस को इसकी कई मामलो में काफी दिनों से तलाश थी,हिस्ट्रीशीटर पर जहां ईसानगर समेत कोतवाली धौरहरा में करीब डेढ़ दर्जन से अधिक संगीन मामलों में मुकदमें पहले से ही पंजीकृत है वही गिरफ्तार शातिर अपराधी पर आधा दर्जन मुकदमें बस्ती व खीरी जनपद में दर्ज है। शुक्रवार को ईसानगर थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार गंगवार ने क्षेत्र के चंद्रासा खुर्द निवासी हिस्ट्रीशीटर ओमकार पुत्र हरिनंदन को कटौली मार्ग के चाहलारपुरवा के पास से गिरफ्तार कर लिया इनके अलावा शातिर अपराधी रामस्वरूप पुत्र ढोढे निवासी पचासा मजरा ओझापुरवा को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेजा जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।



### प्रत्येक ग्राम पंचायत के एक तालाब में भरवाएं पानीः ब्लॉक अध्यक्ष

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ब्लॉक इकाई हैदरगढ़ की मासिक बैठक ब्लॉक परिसर स्थित शिव मंदिर पर तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह की उपस्थित, ब्लॉक अध्यक्ष महादेव यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसका संचालन नगर अध्यक्ष आदिल खान ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष महादेव यादव ने कहा कि भीषण गर्मी के चलते गांव में खराब पड़े इंडिया मार्का नल प्रत्येक ग्राम पंचायत के एक तालाब में पानी भरवारा जाए जिससे पशु पक्षियों व जानवरों को पानी मिल सके, बरसात से पहले गांव में कीचड़ से भरी नालियां साफ कराई जाए, जानवरों के मुंह पका खुर पका ,गला घोट टीका लगवाए जाएं धान की नर्सरी का समय है नहरों में पानी छोड़ा जाए इन समस्याओं का यदि समय रहते हुए निराकरण नहीं कराया गया तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ब्लॉक हैदरगढ़ का घेराव करेगा।

### सोंधवा गांव में लगी चौपाल सचिव ने सुनी समस्याएं

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** शासन की मंशानुसार ग्राम पंचायत सोंधवा के पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान रामसिंह यादव गुडडू की अध्यक्षता एंव ग्राम सचिव राजेश कुमार रावत के संयोजन में चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया। शुक्रवार को ग्राम पंचायत सोंधवा में ग्राम प्रधान रामसिंह यादव गुडडू की अध्यक्षता में हुई चौपाल जिसमे आये ग्रामीणों को ग्राम सचिव राजेश कुमार रावत ने विधवा, वृद्धावस्था एंव दिव्यांग पेंशन के अतिरिक्त पंचायत भवन से जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र परिवार रजिस्टर नकल प्राप्त करने इत्यादि जानकारी दी गई इस मौके पर ग्राम पंचायत सहायक मिथुन वर्मा, ग्राम रोजगार सेवक शकील अहमद आदि मौजूद रहे।

# मोदी चुने गये एनडीए संसदीय दल के नेता, भाजपाइयों में जश्न



**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर भाजपाइयों ने जश्न मनाया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जतायी।पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं ।जो देश की आजादी के बाद दूसरी बार होने जा रहा है। प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के लिए ये गौरव के पल हैं। उन्होंने अटल जी की कविता - कभी थे अकेले , हुए आज इतने,नहीं तब डरे तो भला अब डरेंगे ,सुनाते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा।


### नाबालिग लड़की को धमकाने वाले पर मुकदमा दर्ज

**जैदपुर, बाराबंकी।** नाबालिक बेटी लगातार डरवा धमकाकर पैसे की मांग करने वाले दो युवक के विरूद्ध पिता की तहरीर पर जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल जारी है। मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जरहरा जनपद बाराबंकी। जहां के सरवन कुमार पुत्र हरी नाम ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुये बताया कि उनकी पुत्री अपनी बुआ के घर ग्राम अजव्वा गयी थी।

### दामाद को सास-सालों ने किया मरणासन्न, मुकदमा दर्ज

**मसौली, बाराबंकी।** पत्नी को विदा कराने आये दामाद को सालो एव सास ने मिलकर मरणासन्न कर दिया जानकारी होने पर पहुंचे परिजनों ने सफदरगंज पुलिस मे शिकायत कर आरोपी पत्नी साले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। बताते चले कि रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर निवासी जयराम पुत्र ओमप्रकाश अपनी पत्नी अर्चना की विदाई के लिए ग्राम सिकंदरपुर थाना सफदरगंज आया था विदाई के दौरान हुई तू तू मै मै के बाद पत्नी अर्चना, सास शांति पत्नी भुसई व साले सरवन व विनोद ने जमकर पिटाई कर दी बेहोश होने पर मरा समझ कर लोग भाग गये सूचना पर पहुंचे जयराम के पिता ने सफदरगंज मे तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

# दिव्यांग हुए राजगीर को बैंक ने दी एक लाख की सहायता



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक की हैदरगढ़ टाउन शाखा के प्रबंधक द्वारा दोनों पैरों से दिव्यांग हो चुके राज मिस्त्री को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। सहायता की चेक पाकर विकलांग हुए राजमिस्त्री के चेहरे पर खुशी झलक उठी। एसबीआई शाखा हैदरगढ़ टाउन के ब्रांच मैनेजर इंद्रेश कुमार के सहयोग से अयोध्या प्रसाद को 100000 का चेक प्रदान किया गया। जिसमें भारतीय स्टेट बैंक शाखा से लिंक सी एस पी/ बैंक सखी अली अहमद ,मोहम्मद नसरुद्दीन, संजय तिवारी ,प्रिंस तिवारी ,साहेब बक्स सिंह उपस्थित रहे।

### मारफीन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मसौली, बाराबंकी।** एएनटीएफ एव सफदरगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सैदनपुर के निकट से 2 तस्करो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 270 ग्राम मार्फिन बरामद की। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर जेल भेज दिया है। बताते चले कि एएनटीएफ लखनऊ के उपनिरीक्षक विवेक सिंह यादव को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि एक युवक जो मार्फीन तस्करी का काम करता है वह सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सैदनपुर के निकट ग्राहक के इंतजार मे खड़ा है। उपनिरीक्षक विवेक सिंह यादव ने थाना सफदरगज के चौकी प्रभारी रामपुर कटरा अर्जुन सिंह भदौरिया हमराहियो के साथ घेराबंदी कर मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम नेवला निवासी पवन कुमार पुत्र अवधराम व उसके साथी ओमप्रकाश उर्फ ओमकार पुत्र रामलखन निवासी मुंशीपुरवा थाना रामनगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 270 ग्राम मार्फिन बरामद की।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि उमेश कुमार जायसवाल पिता श्री रामयश मेरा हाईस्कूल का अंक पत्र एवं सह प्रमाण पत्र कहीं वास्तव मे खो गया है। जिसका अनुक्रमांक 2290002 है। मैने वर्ष 2011 मे हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण किया था।

**उमेश कुमार जायसवाल**
**पिता श्रीराम यश ग्राम चंद्र दीपा**
**पोस्ट-सुतौली कैसरगंज**
**जिला-बहराइच**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुजहनी वि.ख. श्रीदत्तगंज, बलरामपुर**

**अल्पकालिक निविदा**

वित्तीय वर्ष 2024-25 ग्राम पंचायत मुजहनी द्वारा मनरेगा पंचम राज्य वित्त आयोग पंद्रहवां वित्त आयोग, आंगनबाड़ी केन्द्र ग्राम पंचायत सचिवालय/सामुदायिक,शौचालय, गौ पशु आश्रय, भूसा,दाना/चुन्नी चोकर गौशाला एवं नाली के निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री यथा ईंट, ईंट गिट्टी, मोरंग, सरिया, अष्टम,भूसा, सीमेन्ट बालू, इण्टरलाकिंग रोड टाइल्स, पत्थर गिट्टी, साइन बोर्ड ह्यूम पाइप मनरेगा चुना/चुगी कार्य, हैण्डपम्प मरम्मत, रीबोर विद्यालय कायाकल्प रंग, पेंट, बिजली के सामान, सीमेन्ट के सामान पोकर इत्यादि की आपूर्ति की आवश्यकता है सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता/पंजीकृत फर्मो से निविदा/ कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र तथा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है निविदा दिनांक 10.06.2024 को अपरान्ह दो बजे तक कार्यालय के टेण्डर बाक्स में जमा किया जायेगा तत्पश्चात दिनांक 14.06.2024 प्रातः 10 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। सामग्री की मात्रा स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार अलग-अलग होगी। किसी भी निविदा/ कोटेशन को स्वीकृत करने का या सम्पूर्ण प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार पंचायत में निहित होगा।

**श्रीमती सीमा शाह**
**प्रधान**
**मुजहनी वि.ख. श्रीदत्तगंज**
**बलरामपुर**

**अन्जू ओझा**
**सचिव**
**मुजहनी वि.ख. श्रीदत्तगंज**
**बलरामपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरा याकूब वि.ख. श्रीदत्तगंज, बलरामपुर**

**अल्पकालिक निविदा**

वित्तीय वर्ष 2024-25 ग्राम पंचायत पिपरा याकूब द्वारा मनरेगा पंचम राज्य वित्त आयोग पंद्रहवां वित्त आयोग, आंगनबाड़ी केन्द्र ग्राम पंचायत सचिवालय/सामुदायिक,शौचालय, गौ पशु आश्रय, भूसा,दाना/चुन्नी चोकर गौशाला एवं नाली के निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री यथा ईंट, ईंट गिट्टी, मोरंग, सरिया, अष्टम,भूसा, सीमेन्ट बालू, इण्टरलाकिंग रोड टाइल्स, पत्थर गिट्टी, साइन बोर्ड ह्यूम पाइप मनरेगा चुना/चुगी कार्य, हैण्डपम्प मरम्मत, रीबोर विद्यालय कायाकल्प रंग, पेंट, बिजली के सामान, सीमेन्ट के सामान पोकर इत्यादि की आपूर्ति की आवश्यकता है सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता/पंजीकृत फर्मो से निविदा/ कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र तथा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है निविदा दिनांक 10.06.2024 को अपरान्ह दो बजे तक कार्यालय के टेण्डर बाक्स में जमा किया जायेगा तत्पश्चात दिनांक 14.06.2024 प्रातः 11 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। सामग्री की मात्रा स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार अलग-अलग होगी। किसी भी निविदा/ कोटेशन को स्वीकृत करने का या सम्पूर्ण प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार पंचायत में निहित होगा।

**श्रीमती रईसा खातून**
**प्रधान**
**पिपरा याकूब वि.ख. श्रीदत्तगंज**
**बलरामपुर**

**अन्जू ओझा**
**सचिव**
**पिपरा याकूब वि.ख. श्रीदत्तगंज**
**बलरामपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत पटियाला ग्रिन्ट वि.ख. श्रीदत्तगंज, बलरामपुर**

**अल्पकालिक निविदा**

वित्तीय वर्ष 2024-25 ग्राम पंचायत पटियाला ग्रिन्ट द्वारा मनरेगा पंचम राज्य वित्त आयोग पंद्रहवां वित्त आयोग, आंगनबाड़ी केन्द्र ग्राम पंचायत सचिवालय/सामुदायिक,शौचालय, गौ पशु आश्रय, भूसा,दाना/चुन्नी चोकर गौशाला एवं नाली के निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री यथा ईंट, ईंट गिट्टी, मोरंग, सरिया, अष्टम,भूसा, सीमेन्ट बालू, इण्टरलाकिंग रोड टाइल्स, पत्थर गिट्टी, साइन बोर्ड ह्यूम पाइप मनरेगा चुना/चुगी कार्य, हैण्डपम्प मरम्मत, रीबोर विद्यालय कायाकल्प रंग, पेंट, बिजली के सामान, सीमेन्ट के सामान पोकर इत्यादि की आपूर्ति की आवश्यकता है सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता/पंजीकृत फर्मो से निविदा/ कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र तथा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है निविदा दिनांक 10.06.2024 को अपरान्ह दो बजे तक कार्यालय के टेण्डर बाक्स में जमा किया जायेगा तत्पश्चात दिनांक 14.06.2024 अपरान्ह 12 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। सामग्री की मात्रा स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार अलग-अलग होगी। किसी भी निविदा/ कोटेशन को स्वीकृत करने का या सम्पूर्ण प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार पंचायत में निहित होगा।

**श्री छैलू वर्मा**
**प्रधान**
**पटियाला ग्रिन्ट वि.ख. श्रीदत्तगंज**
**बलरामपुर**

**अन्जू ओझा**
**सचिव**
**पटियाला ग्रिन्ट वि.ख. श्रीदत्तगंज**
**बलरामपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुर बगनहा वि.ख. श्रीदत्तगंज, बलरामपुर**

**अल्पकालिक निविदा**

वित्तीय वर्ष 2024-25 ग्राम पंचायत रामपुर बगनहा द्वारा मनरेगा पंचम राज्य वित्त आयोग पंद्रहवां वित्त आयोग, आंगनबाड़ी केन्द्र ग्राम पंचायत सचिवालय/सामुदायिक,शौचालय, गौ पशु आश्रय, भूसा,दाना/चुन्नी चोकर गौशाला एवं नाली के निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री यथा ईंट, ईंट गिट्टी, मोरंग, सरिया, अष्टम,भूसा, सीमेन्ट बालू, इण्टरलाकिंग रोड टाइल्स, पत्थर गिट्टी, साइन बोर्ड ह्यूम पाइप मनरेगा चुना/चुगी कार्य, हैण्डपम्प मरम्मत, रीबोर विद्यालय कायाकल्प रंग, पेंट, बिजली के सामान, सीमेन्ट के सामान पोकर इत्यादि की आपूर्ति की आवश्यकता है सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता/पंजीकृत फर्मो से निविदा/ कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र तथा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है निविदा दिनांक 10.06.2024 को अपरान्ह दो बजे तक कार्यालय के टेण्डर बाक्स में जमा किया जायेगा तत्पश्चात दिनांक 14.06.2024 अपरान्ह 01 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। सामग्री की मात्रा स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार अलग-अलग होगी। किसी भी निविदा/ कोटेशन को स्वीकृत करने का या सम्पूर्ण प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार पंचायत में निहित होगा।

**श्री बहरैची**
**प्रधान**
**रामपुर बगनहा वि.ख. श्रीदत्तगंज**
**बलरामपुर**

**अन्जू ओझा**
**सचिव**
**रामपुर बगनहा वि.ख. श्रीदत्तगंज**
**बलरामपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कोल्हुई बिनौनी वि.ख. श्रीदत्तगंज, बलरामपुर**

**अल्पकालिक निविदा**

वित्तीय वर्ष 2024-25 ग्राम पंचायत कोल्हुई बिनौनी द्वारा मनरेगा पंचम राज्य वित्त आयोग पंद्रहवां वित्त आयोग, आंगनबाड़ी केन्द्र ग्राम पंचायत सचिवालय/सामुदायिक,शौचालय, गौ पशु आश्रय, भूसा,दाना/चुन्नी चोकर गौशाला एवं नाली के निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री यथा ईंट, ईंट गिट्टी, मोरंग, सरिया, अष्टम,भूसा, सीमेन्ट बालू, इण्टरलाकिंग रोड टाइल्स, पत्थर गिट्टी, साइन बोर्ड ह्यूम पाइप मनरेगा चुना/चुगी कार्य, हैण्डपम्प मरम्मत, रीबोर विद्यालय कायाकल्प रंग, पेंट, बिजली के सामान, सीमेन्ट के सामान पोकर इत्यादि की आपूर्ति की आवश्यकता है सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता/पंजीकृत फर्मो से निविदा/ कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र तथा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है निविदा दिनांक 10.06.2024 को अपरान्ह दो बजे तक कार्यालय के टेण्डर बाक्स में जमा किया जायेगा तत्पश्चात दिनांक 14.06.2024 अपरान्ह 02 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। सामग्री की मात्रा स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार अलग-अलग होगी। किसी भी निविदा/ कोटेशन को स्वीकृत करने का या सम्पूर्ण प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार पंचायत में निहित होगा।

**श्रीमती ज्ञानवती**
**प्रधान**
**कोल्हुई बिनौनी वि.ख. श्रीदत्तगंज**
**बलरामपुर**

**अन्जू ओझा**
**सचिव**
**कोल्हुई बिनौनी वि.ख. श्रीदत्तगंज**
**बलरामपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर वि.ख. श्रीदत्तगंज, बलरामपुर**

**अल्पकालिक निविदा**

वित्तीय वर्ष 2024-25 ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर द्वारा मनरेगा पंचम राज्य वित्त आयोग पंद्रहवां वित्त आयोग, आंगनबाड़ी केन्द्र ग्राम पंचायत सचिवालय/सामुदायिक,शौचालय, गौ पशु आश्रय, भूसा,दाना/चुन्नी चोकर गौशाला एवं नाली के निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री यथा ईंट, ईंट गिट्टी, मोरंग, सरिया, अष्टम,भूसा, सीमेन्ट बालू, इण्टरलाकिंग रोड टाइल्स, पत्थर गिट्टी, साइन बोर्ड ह्यूम पाइप मनरेगा चुना/चुगी कार्य, हैण्डपम्प मरम्मत, रीबोर विद्यालय कायाकल्प रंग, पेंट, बिजली के सामान, सीमेन्ट के सामान पोकर इत्यादि की आपूर्ति की आवश्यकता है सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता/पंजीकृत फर्मो से निविदा/ कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र तथा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है निविदा दिनांक 10.06.2024 को अपरान्ह दो बजे तक कार्यालय के टेण्डर बाक्स में जमा किया जायेगा तत्पश्चात दिनांक 14.06.2024 अपरान्ह 03 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। सामग्री की मात्रा स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार अलग-अलग होगी। किसी भी निविदा/ कोटेशन को स्वीकृत करने का या सम्पूर्ण प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार पंचायत में निहित होगा।

**दिनेश कुमार वर्मा**
**प्रधान**
**त्रिलोकपुर वि.ख. श्रीदत्तगंज**
**बलरामपुर**

**अन्जू ओझा**
**सचिव**
**त्रिलोकपुर वि.ख. श्रीदत्तगंज**
**बलरामपुर**

# देहात कोतवाल की नाकामी, फिर भी उच्च अधिकारियों की मेहरबानी, समझ से परे

**अभी हाल ही में चिलबिला खत्तीपुर के प्रकरण में देहात कोतवाल ने पीड़ित से कहा प्राथमिकी दर्ज कराना हो तो न्यायालय की शरण में जाओ**

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिले में वैसे तो पुलिस को जनता का रक्षक माना जाता है हर छोटे मोटे लड़ाई झगड़े से लेकर हत्या तक के मामलों में जनता पुलिस से मदद की गुहार लगाकर न्याय की उम्मीद करती है।

मगर सोचिए अगर यही पुलिस खुद जनता का उत्पीड़न करने लगे, आये दिन पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे, पुलिस पर रिश्वतखोरी और मारपीट का आरोप लगने लगे तो स्थितियां क्या होंगी क्या कोई खुद के साथ हुए अत्याचार की शिकायत करने पुलिस थाने जाएगा ? आपका जवाब होगा नही जी बिलकुल सही जवाब है आपका, क्योंकि थाने अगर जाएगा भी तो



देहात कोतवाल डीके श्रीवास्तव

पुलिस दोनों पक्षों से पैसा लेकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देगी एक पक्ष से कार्रवाई करने का पैसा तो दूसरे से मामले को हल्का करने या कार्रवाई न करने के नाम पर पैसा वसूला जाएगा। पैसा देने के बाद भी आपको न्याय नहीं मिलेगा तो आप पुलिस की शिकायत लेकर भी कहां जाओगे विभाग के उच्चाधिकारियों के पास ही न। मगर जब उच्चाधिकारी ही अपने अधीनस्थों पर मेहरबान हो तो जनता के पास सिवाय चुपचाप तमाशा देखने के अलावा कोई विकल्प शेष नहीं रहता।आपका जवाब होगा नही जी बिलकुल सही जवाब है आपका, क्योंकि थाने पर अगर जाएगा भी तो पुलिस दोनों पक्षों से पैसा लेकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देगी एक पक्ष से कार्रवाई करने का पैसा तो दूसरे से मामले को हल्का करने या कार्रवाई न करने के नाम पर पैसा वसूला जाएगा।

पैसा देने के बाद भी आपको न्याय नहीं मिलेगा तो आप पुलिस की शिकायत लेकर भी कहां जाओगे विभाग के उच्चाधिकारियों के पास ही न।मगर जब उच्चाधिकारी ही अपने अधीनस्थों पर मेहरबान हो तो जनता के पास सिवाय चुपचाप तमाशा देखने के अलावा कोई विकल्प शेष नहीं रहता।सूत्र बता रहे है कि कुछ यही माहौल इस समय गोण्डा जिले के थाने और कोतवाली का बना हुआ है।सूत्र बता रहे है कि ज़ब से देहात कोतवाल डीके श्रीवास्तव ने कोतवाली की कमान संभाली है सुर्खियों में बने हुए हैं।

उनके क्षेत्र में सूत्र बता रहे है कि इनके क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन से लेकर सारे अवैध काम हो रहे हैं। और कोतवाल साहब उस पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। ना तो कोतवाल साहब जनता की सुनते हैं। कोतवाल साहब को पता है कि फरियादी जाएगा तो कहां जाएगा कोतवाली से लेकर एसपी ऑफिस तक ही सीमित रहेगा।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो व्यक्ति घायल, रेफर

**कर्नलगंज/गोण्डा।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत कर्नलगंज-परसपुर मार्ग स्थित एक गांव के पास शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होकर मरणासन्न हो गए। जिन्हें ग्रामीणों ने एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक घटना कर्नलगंज परसपुर मार्ग स्थित ग्राम बबुरास के पास की है। शुक्रवार को यहां सड़क के किनारे निर्माणाधीन मकान के सामने ट्रक बालू गिराने पहुँचा था। तभी परसपुर की तरफ से थाना परसपुर अन्तर्गत ग्राम पसका निवासी रामू उम्र 40 वर्ष व प्रियांशु 25 वर्ष बाईक पर सवार होकर पहुंच गए। उसी बीच बालू गिराने के लिए ट्रक चालक बालू से लोड ट्रक घुमाने लगा। ज़ब तक बाईक सवार लोग कुछ समझ पाते तब तक बाइक ट्रक से टकरा गई। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर मरणासन्न हो गए। ग्रामीणों ने एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# राजा भैया को महीने में एक या दो बार जय महल में लगाना चाहिए जनता दरबार

**सांसद प्रतिनिधियों के अथक प्रयास से मिली सांसद गोंडा को शानदार जीत**

**नरेंद्र लाल गुप्ता**



**मनकापुर गोन्डा, समृद्धि न्यूज़।** राजा भैया लगातार तीसरी बार जीत तो गए लेकिन इस बार जीत का अंतर इतना कम था कि गिनती के समय हमेशा डर बना हुआ था अगर यहां यह कहा जाए कि जनता कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया से सिर्फ इसलिए नाराज थी कि वह जीतने के बाद जनता से मिलना पसंद नहीं करते हैं अब उन्हें अपनी इस कमी को दूर करना होगा और वह चूँकि गोंडा लोकसभा का प्रतिनिधित्व करते हैं इस कारण उन्हें जयमहल में महीने में कम से कम एक या दो बार जनता दरबार लगाना चाहिए और सब की सुनकर सबसे मिलकर उसके बाद फिर कोई भी काम करें ऐसा मेरा मानना है।

किसी भी राजनेता का प्रतिनिधि यदि जनता के दुख दर्द मे सम्मिलित होकर जनता के बीच समर्पण होकर रहता है तो उस राजनेता को उसकी राजनीतिक रणनीति मे ज्यादा कठिनाई नही होती है। सांसद गोन्डा के पास ऐसे ऐसे तीन प्रतिनिधि है जिसका नाम राजेश सिंह ,रमाशंकर मिश्रा और कमलेश पांडे है।जो सासंद गोंडा के हर कार्य को सुलभ व सरल बनाने मे हर क्षण मौजूद रहा करते है। वही सासंद कीर्तिवर्धन सिंह के गैर मौजूदगी मे जनता के हर समस्या पर तत्परता से उसका निदान करने का कार्य किया करते है। वैसे तो सासंद के पास कार्यकर्ता कई है लेकिन केवल नाम के पाये जाते है जिन्हे लोग मजबूरी मे देखना पसंद करते है।यदि थोड़ा कहा जाए और ज्यादा समझा जाए तो बेहतर होगा। इस लोक सभा चुनाव मे सासंद प्रतिनिधि राजेश सिंह ने चुनाव के एक सप्ताह पहले समूचे जनपद मे सोसल मीडिया के साथीयों के द्वारा जबरदस्त तरीके से चुनाव अभियान चलाया जिसके माध्यम से सासंद को पुनः चुनाव जीतने मे मदद मिली। जिसकी प्रशंसा क्षेत्र मे हो रही है। सासंद प्रतिनिधि राजेश सिंह के मेहनत व कार्यकर्ताओं के मनोबल को हर क्षण बनाये रखना यह भी चुनाव जीत का हिस्सा रहा। जिस कार्य के लिए सासंद प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्रा गोंडा विधानसभा में हर कार्यकर्ताओं से मिलकर सांसद गोंडा के पक्ष में मतदान करने की अपील किया जनपद मुख्यालय पर हमेशा मौजूद रहने का फायदा कहीं ना कहीं सांसद गोंडा को मिलता दिखाई दिया यही हाल कमलेश पांडे का है जो मनकापुर राजमहल में रहकर मनकापुर उतरौला से आने वाले प्रत्येक लोगों की मदद करते हुए मनकापुर से काफी लीड लेकर के चले यह सराहनीय पहल कमलेश पांडे का था वैसे तो सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह पूरे गोंडा लोकसभा क्षेत्र के हर व्यक्ति की मदद करने के लिए तत्पर रहते थे उसी का फायदा है की संसद गोंडा को लगातार तीसरी बार जीत हासिल हुई है।

## पाइप पर बाइक चढ़ाने को लेकर हुआ बवाल, पति- पत्नी को पीटा

**तरबगंज /गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

तरबगंज थानाक्षेत्र के ग्रामपंचायत धौरहराघाट में सड़क पर बिछाई पानी की पाइप पर मोटरसाइकिल चढ़ गई जिसको लेकर जमकर बवाल शुरू होगया और पति व पत्नी की लाठी डन्डो से पिटाई कर दी जिसकी शिकायत थाने पर की है।

बताते चले की तरबगंज थानाक्षेत्र के ग्रामपंचायत धौरहराघाट के मजरा सीरपुरवा निवासी अली अहमद पुत्र हाकिम ने थाने पर दी तहरीर में कहा की 5जून को दिन में करीब4.30 बजे अपने घर से पकड़ी जारहा था की राष्ते में बिपक्षीगण रामसुध्घर पुत्र हरिराम निवासी उपरोक्त सड़क पर पानी की पाइप बिछाए हुए थे जिस पर मोटरसाइकिल चढ़ गई जिसे लेकर व पुरानी रंजिश के कारण बिपक्षीगण उपरोक्त अपने भाई के दो लड़को के साथ लाठी डन्डे से मारने लगे बचाने दौड़ी पत्नी निशातुलनिशा को भी मारने लगे व मोटरसाइकिल तोड़ दिए है और जानमाल की धमकी देते हुए चले गए। थानाध्यक्ष तरबगंज शमशेर बहादुर सिंह ने बताया की मारपीट हुई है मुकदमा पंजीकृत किया गया है जाँच की जारही है।

## पीड़ित किसान तहसील के लगा रहा चक्कर, नहीं हो रही सही पैमाइश

**लेखपाल व कानूनगो पर समस्या का निस्तारण न कर मनमानी करने का आरोप**

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

तहसील क्षेत्र के कस्बा कर्नलगंज अन्तर्गत मोहल्ला सकरौरा पश्चिमी निवासी हनुमान प्रसाद ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर लेखपाल व कानूनगो पर सही पैमाइश न करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित हनुमान ने बताया कि लेखपाल व कानूनगो दोनों लोगों द्वारा नक्शा कम होने का बहाना बनाकर



सही पैमाइस नही किया जा रहा है। आरोप है कि वह दो बार नक्शा बनवाकर ला चुका है जिसके अनुसार उसके भूमि पूरी है लेकिन उसे लेखपाल व कानूनगो नही मान रहे हैं और मनमानी तरीके से पैमाइश करके उसे कम भूमि देने का प्रयास करने लगते हैं। इस तरह वह छह वर्षो से लगातार तहसील के चक्कर लगा रहा है। लेकिन अभी तक उसके मामले का निस्तारण नही हो सका है।

इस संबंध में हल्का लेखपाल संतोष कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि नक्शे के अनुसार कई बार पैमाईश की जा चुकी है। उन्होंने नक्शा कम होने की बात स्वीकार करते हुए कहा की हम नक्शे के अनुसार ही पैमाइश कर सकते हैं। जिससे वह संतुष्ट नही हैं। वहीं तहसीलदार मनीष कुमार से प्रकरण में जानकारी करने हेतु सीयूजी नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बता रहा था।

## मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया नि:शुल्क प्याऊ




**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** शहर के प्रसिद्ध दुखन्नाथ मंदिर के सामने मारवाड़ी युवा मंच गोंडा शाखा द्वारा निशुल्क प्याऊ लगाया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य युवा कन्हैया अग्रवाल के प्रतिष्ठान के सामने जन सेवा हेतु प्याऊ लगाया गया। इस प्याऊ का संचालन मारवाड़ी युवा मंच गोंडा द्वारा पूरी गर्मी किया जाएगा। प्याऊ के लोकार्पण में मारवाड़ी युवा मंच मंच के अध्यक्ष गोपाल मित्तल, कन्हैया अग्रवाल, सचिन खेमका, अमित मित्तल, विकास अग्रवाल, महामंत्री पीयूष मित्तल सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## मस्जिद के सामने सींचपाल की चाकू से गोदकर हत्या



**बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के अमवा मोलवी गांव में मस्जिद से नमाज पढ़कर वापस आ रहे सींचपाल की एक युवक ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। ग्रामीणों ने मौके पर ही आरोपी को घेरकर पकड़ा। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी ने पुरानी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया है। मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमवा मोलवी निवासी वसीम खां (55) पुत्र रसूल खां बहराइच सिंचाई विभाग में सींचपाल/अमीन के पद पर तैनात थे। अमीन की गांव निवासी इब्राहीम उर्फ गुल्ले से रंजिश चल रही है। शुक्रवार सुबह पांच बजे वसीम खां गांव में स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए गए। इसके बाद वह नमाज पढ़कर बाहर आने लगे। तभी वहां मौजूद इब्राहीम ने सींचपाल पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। इससे हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी इब्राहीम को घेरकर पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी होने पर थानाध्यक्ष परमानंद तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने आरोपी को हिरासत में लिया। ग्रामीणों के बयान दर्ज किया। मृतक की पत्नी रेशमा की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की है।

**क्षेत्र में निरंतर हो रही घटनाएं:** मटेरा थाना क्षेत्र में हत्या, लूट और चोरी की घटनाएं निरंतर हो रही है। पुलिस ने लूट का खुलासा तो कर दिया, लेकिन अपराध पर अंकुश नहीं लग रहा है।

अभी दो दिन पूर्व ही श्रावस्ती से आए एक परिवार पर पर जमकर हमला हुआ था। उस पर भी पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज नहीं किया। जिसके चलते सभी पीड़ित लोग वापस घर चले गए।

## दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की सजा, लगा 50 हजार का जुर्माना

**बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।**

नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश की कोर्ट ने अभियुक्त को बीस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त को 50 हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने 30 जून 2022 को थाने पर तहरीर देकर रूपईडीहा के सुजौली गांव निवासी लुकई उर्फ अजमत ने उसकी सात वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। विवेचना अधिकारी व थाने के प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने मुकदमें में पीड़िता का बयान व अन्य साक्ष्यों को एकत्रित कर आरोपपत्र सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया था। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि पुलिस महानिदेश लखनऊ के निर्देशन में चलाए जा रहे आपरेशन कन्विक्शन के तहत त्वरित कार्रवाई के लिए विषेश शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संतप्रताप सिंह और विशेष लोक अभियोजक पाक्सो संतोष सिंह व थाने के पैरोकार की प्रभारी पैरवी के तहत शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो दीपकांत मणि की कोर्ट पर मुकदामें में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अभियुक्त लुकई को दोषसिद्ध करते हुए बीस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त को 50 हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थित में अभियुक्त को तीन माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

## सीएचसी परिसर में हो रहा लैब का मानक विहीन निर्माण

**ठेकेदार व अधिकारियों पर मिलीभगत कर घटिया निर्माण कराने का लगा आरोप**

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिले के इटियाथोक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लाखों की लागत से बनाये जा रहे लैब का मानक विहीन निर्माण कराया जा रहा है।

निर्माण कार्य में बालू घटिया सीमेंट व सरिया बहुत ही कम मात्रा में इस्तेमाल की जा रही है जो साफ तरीके से निर्माण कार्य को देखा जा सकता है। ठेकेदार व अधिकारियों पर मिलीभगत कर घटिया निर्माण कराने का आरोप है। लोगों की मानें तो



अधिकारी निरीक्षण भी कर रहे हैं लेकिन मामला रफा कर दिया जाता है। इसी के साथ-साथ विकासखंड परिसर में कृषि गोदाम का भी निर्माण कराया जा रहा है जिसमें भी घटिया सामग्री का प्रयोग खुलेआम इस्तेमाल किया जा रहा है। बताया जाता है कि यहां भी कुछ दिन पूर्व अधिकारी ने निरीक्षण किया था,लेकिन मामला रफा दफा हो गया और कोई कार्यवाही नहीं हुई। जबकि कुछ दिन पूर्व निर्माण कार्य सामग्री से बन रही दीवार गिर गई थी जिसकी शिकायत भी की गई थी। मामले में अधिकारी ने जांच की लेकिन मामला रफा दफा हो गया। इससे जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## इण्डियन बैंक से दो लाख 80 हजार निकालने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।**

धोखाधड़ी कर बैंक खाते से महिला का लाखों रुपए निकालने के आरोपी को खैरीघाट पुलिस ने दो साल बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में थानाध्यक्ष थाना खैरीघाट संजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 06.06.2024 को मु0अ0सं0 345/2022 धारा 419, 420, 409 आईपीसी से सम्बन्धित अभियुक्त अमित सोनी पुत्र लल्लन सोनी उम्र 35 वर्ष निवासी इमामगंज थाना खैरीघाट जनपद बहराइच को इमामगंज से गिरफ्तार कर जेल भेज



दिया है। खैरीघाट थानाक्षेत्र के इमामगंज निवासी अमित सोनी पुत्र लल्लन सोनी बैंक के बगल में बीसी का संचालन करते थे। इण्डियन बैंक कर्मियों की मिलीभगत से महिला 4 अप्रैल 22 को फूलमती के बैंक खाते से 2 लाख 80 हजार रुपए फर्जी अंगूठा लगाकर निकाल लिया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। दो साल बाद खैरीघाट पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## देवर ने भाभी व उसकी बहू पर किया बांके से वार, लखनऊ रेफर

**सास-बहू का नाक, हाथ और चेहरा हुआ क्षतिग्रस्त, आशनाई की आशंका में वारदात को दिया अंजाम**

**बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।**

जिले के ग्राम खम्हरिया शुक्ल गांव निवासी महिला और उसकी सास पर देवर ने बांके से ताबड़तोड़ हमला कर काट डाला।

नाक, हाथ और अन्य कई जगह काट कर वह फरार हो गया। पुलिस ने सास और बहू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम खमहरिया शुक्ल



गांव निवासी शांति देवी पत्नी रामकुमार और उनकी बहू रेनू देवी पत्नी दिनेश कुमार बच्चों के साथ घर पर रहती हैं। जबकि रेनू के पति और ससुर कर्नाटक में रहकर काम करते हैं। शुक्रवार दोपहर में शांति देवी पड़ोसी दायराम शुक्ला को पति से शिकायत के मामले में उलाहना देने पहुंची। इससे नाराज दयाराम शुक्ला ने शांति देवी पर बांके से ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। बचाने दौड़ी बहू रेनू पर भी हमला कर नाक काट डाला। इसके बाद देवर मौके से से फरार हो गया। सूचना पाकर पुलिस पहुंची। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। लेकिन हालत काफी गंभीर होने के चलते सास और बहू को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि केस दर्ज कर बांका बरामद कर लिया गया है। घायल सास और बहू हैं। जबकि आरोपी देवर हैं।

**इसलिए किया हमला:** हमले में घायल महिला शांति देवी ने महिला समूह से 40 हजार रूपये उधार लिया था। जिसका प्रति माह रूपये जमा होता है। गुरुवार को महिला समूह के कुछ पुरुष पदाधिकारी घर पहुंचे थे, जिस पर दयाराम शुक्ला ने घर पर पुरुषों के आने का विरोध करने और आशनाई का आरोप लगाते हुए शिकायत कर्नाटक में कर दी। वहां से डांट पड़ने पर महिला इसकी उलाहना लेकर गई और उस पर बांके से हमला कर दिया गया।

## सीओ के निलंबन की मांग को लेकर भीम आर्मी का प्रदर्शन

**बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।**

**पुलिस से हुई नोकझोंक आक्रोशित लोगों ने चाका जल निगम कार्यालय का किया घेराव**

मोतीपुर थाना क्षेत्र के कंजडवा गांव में अराजक तत्वों द्वारा कुछ दिन पूर्व पंचशील झंडा हटाकर भगवा झंडा लगाए जाने से नाराज भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने सड़क जामकर प्रदर्शन शुरू किया। इसके बाद सभी ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए सीओ के निलंबन की मांग की। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंजड़वा में पंचशील का झंडा लगा हुआ था।

जिसे कुछ अराजक तत्वों ने हटा दिया।इसके विरोध में भीम आर्मी के लोगों ने नानपारा लखीमपुर मार्ग जाम कर प्रदर्शन किया था। एसडीएम और पुलिस के अधिकारियों ने समझाते हुए पुनः झंडा स्थापित करवा दिया था। लेकिन पुलिस ने किसी आरोपी को पकड़ा नहीं है और न ही केस दर्ज किया है। साथ ही पुलिस पर भीम आर्मी के लोगों ने हीला हावली बरतने का आरोप लगाया। इसी के विरोध में शुक्रवार को सभी जिला मुख्यालय पहुंचे। इसके बाद मार्च निकाल कर कलेक्ट्रेट पहुंचे। सभी ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

## पेड़ जैव विविधता को बढ़ाकर जलवायु परिवर्तन करते हैं कम: डॉ. देवेन्द्र

**राजकीय नर्सरी परिसर टेड़वा बसन्तपुर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न**

**बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।**

प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बहराइच विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय नर्सरी परिसर टेड़वा बसन्तपुर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान आम, आंवला, गुल मोहर, नींबू व पीपल के पौधरोपित किए गये।प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास के अध्यक्ष एवं विभाग संयोजक



पर्यावरण संरक्षण गतिविधि डॉ. देवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने कहा कि पेड़ पर्यावरण के समग्र स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए कई तरह के साधन प्रदान करते हैं। पेड़ वन्यजीवों के लिए आवास उपलब्ध कराते हैं, जैव विविधता को बढ़ाते हैं और जलवायु परिवर्तन को कम करते हैं। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण ही एकमात्र समाधान है जो इस धरती को रहने लायक बनायी है। एसडीओ वन विभाग अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि प्राणिमात्र की रक्षा के लिए हमें पीपल , बरगद, नीम, पाकड़, आम, जामुन आदि का पौधरोपड़ करने के साथ ही संरक्षित भी करना चाहिए। भूपेन्द्र सिंह जिला कार्यवाह ने कहा कि हमें वृक्ष लगाने के साथ ही उनका संरक्षण भी करना है। घनश्याम बाजपेई ने कहा कि वृक्ष लगाओ और जीवन बचाओ इसी में हमारा हित निहित है।इस अवसर पर घनश्याम वाजपेई, डॉ देवेन्द्र कुमार उपाध्याय, भूपेंद्र सिंह, ध्रुव कुमार मिश्र,संजय सिंह, डॉ अनंतराम निषाद, एसडीओ वन अजीत प्रताप सिंह, वन क्षेत्राधिकारी मोहम्मद शाकिब, वन क्षेत्राधिकारी कैसरगंज अभिषेक सिंह, विजय विष्णु, त्रिलोकीनाथ विश्वकर्मा, ज्ञानेंद्र तिवारी, अखिलेश कुमार सिंह प्रधान प्रतिनिधि टेब्वा वसंतपुर आदि उपस्थित थे।

## राशन कार्ड में सम्मिलित सदस्य सदस्यों की होगी ई-केवाईसी

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि जनपद में प्रचलित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी राशनकार्डो में सम्मिलित समस्त सदस्यों का उचित दर विक्रेताओं द्वारा शत-प्रतिशत ई-केवाईसी किया जाना है। माह जून 2024 में 08 से 25 जून 2024 तक होने वाले खाद्यान्न वितरण के दौरान समस्त लाभार्थियों की ई-केवाईसी भी की जायेगी। श्री तिवारी ने बताया कि ई-केवाईसी हेतु राशन कार्डधारक/सदस्य को उचित दर दुकान पर जाकर ई-पॉस मशीन पर अपना अंगूठा लगाना होगा, जिसके पश्चात ही ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण होगा।

## टीन शेड गिरने से सात लोग घायल, दो रेफर

**दोपहर में अचानक मिट्टी की दीवार के साथ गिरा टीनशेड**

**बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के राजा पूर्व कोटवा गांव निवासी एक ग्रामीण की मिट्टी के दीवार शुक्रवार दोपहर में अचानक गिर गई। जिसके चलते टीन शेड भी नीचे आ गया। मलबे में एक ही परिवार के सात लोग दब गए। आसपास के लोगों की मदद से सभी को बाहर निकाला गया।

दो घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटवा के मजरा राजापुरवा निवासी राम भरोसे का



मकान मिट्टी से निर्मित है। शुक्रवार दोपहर दो बजे मुन्नी देवी (70) पत्नी राम भरोसे परिवार के अन्य लोगों के साथ बैठकर चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान मिट्टी की दीवार गिर गई।

इसके बाद टीन शेड भी नीचे आ गिरा। जिसके नीचे मुन्नी देवी के साथ सुग्रीव (15) पुत्र पृथ्वीराज, रिंकी (15) पुत्री राजेंद्र प्रसाद, जगरानी (65) पत्नी जवाहिर लाल, पूनम देवी (30) पत्नी जय प्रकाश, प्रिया (एक) पुत्री ओम प्रकाश और सुनीता पत्नी जय प्रकाश मलबे में दब गए।शोर सुनकर आसपास के लोगों ने दौड़कर सभी को बाहर निकलवाया। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। यहां पर इलाज के दौरान जगरानी पत्नी जवाहर लाल और पूनम पत्नी जय प्रकाश की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। कोतवाल आरके सिंह ने बताया कि सभी की हालत में सुधार है।

# पूरे रानी का पुरवा में एएनएम सेंटर बना सफेद हाथी

**महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



शोपीस बना एएनएम सेंटर जनता को नहीं मिल रहा किसी प्रकार का लाभ क्योंकि एएनएम सेंटर पर ना ही रुकती है एएनएम और ना ही जिम्मेदार उपकरण और दवाई है नदारद कैसे होगा इलाज। विकासखंड क्षेत्र के मुरैनी ग्राम पंचायत के पूरे रानी का पुरवा मे स्थित एएनएम सेंटर सफेद हाथी बना हुआ है ।

सुबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती का असर शायद यहां नहीं दिखाई पड़ता क्योंकि ग्रामीणों ने और ग्राम प्रधान ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस एएनएम सेंटर पर कभी भी एएनएम नहीं आती है ना जिम्मेदार न ही आशा बहुएं तो आखिर लोग अपना इलाज कैसे कारवाए 25 लाख रुपए की लागत से बना एएनएम सेंटर महज सफेद हाथी सिद्ध हो रहा है एएनएम सेंटर की हालत बद से बद्तर नजर आती है। एएनएम सेंटर में दिन में एएनएम और आशा बहुएं बैठेंगी साथ ही लोगों का इलाज होगा जो भी गर्भवती महिलाएं जाएंगी उनका उपचार होगा लेकिन 2015 में बने सामुदायिक भवन में एक भी दिन किसी सरकारी स्टाफ का न बैठना योगी आदित्यनाथ की साफ छवि को पलीता लगाने का कार्य हो रहा है। एएनएम सेंटर के रखरखाव के नाम पर लाखों रुपए सरकारी आते हैं लेकिन कब इनका बन्दर बांट हो जाता है कुछ पता नहीं चलता। एएनएम सेंटर में किसी प्रकार का कोई उपकरण नहीं है जब कोई उपकरण ही नहीं है तो आखिर इलाज कैसे होगा यह सवाल उठा उठता जबकि एएनएम संगीता और मुरैनी ग्राम पंचायत में ही तीन आशा बहू तैनात है लेकिन एएनएम सेंटर पर बैठना आशा बहुओं को भाता नहीं और न ही एएनएम को।

**क्या कहना है एएनएम का**

वही जब इस विषय में दूरभाष से एएनएम संगीता से बात की गई तो बताया कि जो पुरानी बिल्डिंग बनी हुई उसमें बिजली पानी नहीं है और नई बिल्डिंग हमको हस्तांतरण( हैंडोवर) नहीं की।

**क्या कहना है अधीक्षक का**

इस विषय में जब अधीक्षक पीके श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने बताया अगर केंद्र बना है तो बैठना चाहिए बाकी हम पता लगवा रहे हैं।

**क्या कहना है ग्राम प्रधान प्रतिनिधि का**

प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह ने बताया कई बार अधिकारियों और एएनएम को कहा गया तो उन्होंने कहा प्रधान जी स्वास्थ्य विभाग का काम है आपको जहां शिकायत करना है कर दो कोई मेरा कुछ नहीं कर पाएगा।

# आतिशबाजी की चपेट में आकर चार बच्चे झुलसे

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



डीह थाना क्षेत्र के मर्दनपुर गांव में आयोजित हो रहे एक कार्यक्रम के दौरान की जा रही आतिश बाजी में चार बच्चे झुलस गए।

जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में उन्हे ग्राम प्रधान द्वारा इलाज के लिए सीएचसी डीह ले गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हे प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**आतिशबाजी की चपेट में आने से झुलसे:** पूरे मर्दन मजरे खेतीधन गांव में श्यामलाल के यहां निकासन का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान वहां पर डीजे बज रहा था और बच्चे उस में डांस कर रहे थे। तभी वहां आतिशबाज गोले और आतिशबाजी करने लगा। इस आतिशबाजी की चपेट में आने से गांव निवासी 12 वर्षीय आयुष साह पुत्र रमेश साहू, 13 वर्षीय अनुज यादव पुत्र रामकुमार, राज पुत्र राम लौटन निवासी सलोन औ अजय पुत्र सुभाष निवासी उदयपुर झुलस गए। जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

**जिला अस्पताल में कराया भर्ती:** झुलसे बच्चों को उनके परिजन ग्राम प्रधान मनोज साहू की मदद से एंबुलेस के माध्यम से इलाज के लिए सीएचसी डीह ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत की गंभीरता को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल के इमरजेंसी डॉक्टर दीपेंद्र सिंह ने कहा कि 4 बच्चे डीह से आये हैं। किसी विस्फोटक पदार्थ से बर्न केस हुआ है। सभी को एडमिट कर लिया गया है। 24 घण्टे तक इंफेक्शन की सिथति पर नजर रखने के लिये बर्न वार्ड में भर्ती कर लिया है।

# पुलिस गस्त की खुली पोल लाखों के जेवर और 35 हजार कैश सेंध काटकर चोरों ने किया पार



**महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

पूर्व में हुई चोरियों का खुलासा करने में जहां महराजगंज पुलिस नाकाम साबित हो रही है तो वहीं बीती रात चोरों ने पुलिस को एक और चुनौती देते हुए कैश और लाखों के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया थाना क्षेत्र में अंदुपुर गांव में सेंध काटकर 35हजार रुपया नगद और लाखों के जेवरात लेकर फरार हो गए। राम पदारथ शुक्ला निवासी अंदुपुर थाना महराजगंज जिला रायबरेली के घर में बीती रात अज्ञात चोरों ने घर के पीछे से सेंध काट कर बक्से में रखे 35 हजार नगद और दो अंगूठी, दो मंगलसूत्र, दो जोड़ी पायल, दो जोड़ी झाला, एक पाजेब, दो मंगलसूत्र ,तीनअंगूठी उठा ले गए परिवार के लोगों को जब सुबह जानकारी हुई तो गांव में लोगों की भीड़ जुट गई चोरों ने पीछे से घर की सेंध काट कर बक्से को घर से लगभग आधा किलोमीटर दूर ले जाकर सामान निकले हुए थे। ग्रामीणों ने पुलिस को चोरी की जानकारी दी तो घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बालेन्दु गौतम और चौकी प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। वही पीड़ित द्वारा पुलिस को एक लिखित तहरीर भी दी गई है।

**पूर्व की घटनाओं का खुलासा करने में नाकाम साबित हुई है**

महराजगंज पुलिस पूर्व में जहां पहरावा मजरे शिवप्रसाद गंज गांव में एक घर से लाखों रुपए की चोरी की गई वहीं कस्बे में ही बैंक ऑफ़ बड़ौदा के नीचे व्यापारी के लाखों रुपए के जेवर गायब हो गए पुलिस आज तक इन घटनाओं का खुलासा करने में नाकाम साबित हुई है।



# नंद घर आनंद भयो के भजन से गुंजायमान हुआ कथा परिसर

**बछरावां, रायबरेली।** विकास क्षेत्र के खालेगांव मजरे शेखपुर समोधा के श्री पंचमुखी हनुमत आश्रम मुक्तिधाम में दिनांक 3 जून से प्रारंभ हुई सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस कथा व्यास श्री कृष्ण ठाकुर जी महाराज ने भागवत चरित्र का बखान करते हुए भगवान विष्णु के प्रमुख अवतार मत्स्य, कूर्म, वराह, नरसिंह, वामन, परशुराम, राम के धरती पर प्रकट होने और धर्म की स्थापना के प्रयोजनों के काल खंड की चर्चा करते हुए मथुरा की जेल में देवकी के गर्भ से अवतरित हुए भगवान श्री कृष्ण के जन्म की सुंदर कथा का वर्णन कियाद्य इस अवसर पर उन्होंने नंद घर आनंद भयो सहित अनेको भजनों के माध्यम से कथा परिसर को भक्तिमय वातावरण में गुंजायमान कर दिया कथा परिसर में ऐसा माहौल उत्पन्न हुआ कि श्रोतागण भक्ति पूर्ण भजनों को सुनकर नृत्य करने पर विवश हो गए।

## महिला के ऊपर गिरी दीवार, मौत

**डीह,रायबरेली।** शुक्रवार को थाना क्षेत्र डीह अंतर्गत पूरे बबुहर गांव में महिला के ऊपर दीवार गिरने से महिला की मौत हो गई । घटना की सूचना परिजनों ने पुलिस को नही दिया। पूरे बबुहर मजरे टेकारी सहन निवासिनी रोजी उम्र 44 वर्ष पत्नी दादुर शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे घर के सामने बनी कच्ची मिट्टी की दीवार की छांव में बैठकर कुछ काम कर रही थी तभी अचानक दीवार भरभरा कर उसके ऊपर गिर गई। जिससे दीवार के मलवे में डबकर महिला की मौत हो गयी । दीवार गिरने की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और मलबा को हटाया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी कच्ची दीवार में दबने से महिला की मौत हो गई। महिला की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# जनपद के तीन केंद्रों पर बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 9 जून को

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड शैक्षिक सत्र 2024-26 के प्रवेश हेतु बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2024 09 जून 2024 (रविवार) को दो पालियों ने प्रथम पाली प्रातः 09:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 02:00 बजे से 5:00 बजे तक जनपद रायबरेली के 03 केंद्रों पर आयोजित की जानी है। जिसमें प्रत्येक पाली में कुल 1284 अभ्यर्थी शामिल होंगे, अभिभावक आदि मिलाकर संख्या अधिक हो जायेगी।

अपर जिलाधिकारी (विरा) अमृता सिंह ने बताया कि मुख्य सचिव गृह उप्र शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में परीक्षा के सफल आयोजन कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी यातायात एवं नगर मजिस्ट्रेट को निर्देश निर्गत किये गये है कि 08 जून 2024 से ही एलआईयू, विशेष अभिसूचना इकाई, इंटेलिजेंस ब्यूरो, को सक्रिय मोड पर रखकर सूचनाओं का संकलन किया जाये।

परीक्षा में इलेक्ट्रानिक उपकरणें की मदद व अन्य किसी प्रकार की नकल आदि पर सर्तक दृष्टि रखते हुए नकलविहीन परीक्षा सम्पादित करायी जाये। पीआरपी, 112, व चिह्नित स्थानों पर पुलिस द्वारा पर्याप्त गश्त की जाये। रेलवे स्टेशन, बस स्टाफ होटलों के आस-पास सुरक्षात्मक दृष्टि से पैनी नजर रखी जाये। एण्टी रोमियो स्क्वाड की टीमें भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराये। भ्रामक/ अपुष्ट खबरों/ अफवाहों/ सोशल मीडिया पर सर्तक दृष्टि रखी जाये। शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तत्काल भ्रामक खबरों का खण्डन एवं यथोचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

## एसडीएम आशुतोष राय का हुआ तबादला

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** डलमऊ तहसील में तैनाती के दौरान से ही चर्चा में आए एसडीएम डलमऊ का अंततः चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद स्थानांतरण कर दिया गया उन्हें सदर में न्यायिक मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी सौंपी गई है इसके पूर्व सलोन तहसील से डलमऊ में तैनात किए गए एसडीएम आशुतोष राय चार्ज लेने के बाद से ही चर्चा में आ गए थे।

अपनी कार्यशैली एवं कड़क स्वभाव के चलते कई बार उन्हें विरोध का सामना भी करना पड़ा डलमऊ के मुराई बाग में अतिक्रमण हटाने के दौरान व्यापारियों से नोकझोंक भी हुई थी वहीं पर पत्रकारों से अभद्र व्यवहार के चलते चर्चा में आए थे जिसकी शिकायत चुनाव आयोग एवं जिलाधिकारी से की गई थी लेकिन चुनाव आचार संहिता के चलते कोई कार्यवाही नहीं हो सकी चुनाव के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट से भी अभद्रता किए जाने का मामला प्रकाश में आया था तहसील सभागार में चुनावी बैठक के दौरान एक सेक्टर मजिस्ट्रेट से भी अभद्रता की गई थी एवं उसे गाड़ी में बिठाकर थाने भेज दिया था सल्वन तहसील में तैनाती के दौरान भी पत्रकारों से विवाद को लेकर वहां से उन्हें डलमऊ भेजा गया था लेकिन डलमऊ पहुंचते ही कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ और लगातार विवादों के घेरे में बने रहे।

गुरुवार को आचार्य संगीता समाप्त होने के बाद शुक्रवार को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने एसडीएम डलमऊ आशुतोष राय को सदर न्यायिक मजिस्ट्रेट के रूप में तैनाती कर दी है वहीं पर लालगंज में तैनात मनोज कुमार सिंह को डलमऊ का एसडीएम बनाया गया है।

# ससुरालीजनों ने बेटी होने पर विवाहिता को घर से भगाया

**डलमऊ, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



बेटी होने पर एक विवाहिता को घर से मारपीट कर भगा दिया शिकायत लेकर महिला पुलिस अधीक्षक के पास पहुंची और न्यायकी गुहार लगाई है डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के भीमगंज निवासिनी रिंकी का आरोप है कि बीते मार्च माह में उसकी बेटी पैदा हुई थी तभी से उसके पति व ससुरालिजन उसे प्रताड़ित करने लगे महिला का आरोप है कि ससुराल जान दहेज की भी मांग कर रहे हैं लेकिन जब से उसे बेटी पैदा हुई तब उसके साथ मारपीट की जाने लगी गुरुवार को महिला पुलिस अधीक्षक के पास न्याय की अरदास लेकर पहुंची है महिला का आरोप है कि उसके पति व सास ससुर ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी दहेज में नगदी बा गाड़ी की मांग कर रहे हैं महिला का आरोप है कि उसने इसकी कई बार स्थानी थाने पर शिकायत की लेकिन पुलिस ने समझा बूझकर घर वापस भेज दिया लेकिन अब उसे ससुराल रीजन मारपीट कर घर से भगा दिया है पुलिस अधीक्षक ने महिला को न्याय का भरोसा दिलाया है।

# ई रिक्शा बना बैलगाड़ी, वीडियो हुआ वायरल

**अत्यधिक पैसा कमाने के चक्कर में वाहन चालक यात्रियों की जान के साथ कर रहे खिलवाड़**

**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



क्षेत्र के अंतर्गत एक ई-रिक्शा बना बैंल गाड़ी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी के साथ वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में यह साफ तौर पर देखा जा सकता है कि ई रिक्शा सवारी से खचाखच भरा हुआ है और जगह न होने के कारण एक यात्री उसमें पीछे लटका हुआ है जिसे न तो अपनी जान की परवाह है और न ही अपने परिवार की चिंता! क्योंकि वह अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहा है। जब वायरल वीडियो की पड़ताल की गई तो यह पता चला कि यह वायरल वीडियो बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां मौरावा मार्ग पर टांडा गांव के पास का है, जहां ई रिक्शा चालक द्वारा यात्रियों की जान की परवाह न करते हुए अत्यधिक आमदनी के लिए खचाखच भरी ई रिक्शा में जगह न होने पर भी एक यात्री को पीछे लटक कर यात्रा करने के लिए कहा गया। अभी ई रिक्शा में लटक कर यात्रा कर रहे यात्री की पूर्ण रूप से पहचान नहीं हो पाई है लेकिन यह यक्ष प्रश्न यह है कि अत्यधिक पैसा कमाने के चक्कर में वाहन चालक यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़ करते हुए नजर आ रहे हैं और उन पर संबंधित विभाग के द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

## अपने कारनामों से आये दिन चर्चा में बने चिकित्सक

**बछरावां, रायबरेली।** जहां एक ओर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक सरकारी अस्पतालों की व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त करते हुए बाहर से डॉक्टर द्वारा मरीजों को बाहर से दवाई न लिखने के निर्देश दे रहे हैं, वही उनके निर्देशों पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में तैनात महिला चिकित्सक डॉक्टर पारुल सिंह पूर्ण रूप से पानी फेरती हुई नजर आ रही है।

डॉक्टर साहिबा अपनी कमीशन खोरी के चक्कर में बाहर से महंगी से महंगी दवाइयां लिखती है और उन्हें मरीज की जेब का भी ध्यान नहीं रहता है। जब डॉक्टर साहिबा द्वारा पर्चे पर लिखी दवाइयों की पड़ताल की गई तो यह पता चला कि जिस फार्मूले की दवाई उन्होंने लिखी है इस फार्मूले में इसी मर्ज की सस्ती दवा भी आती है परंतु कमीशन खोरी के चक्कर में इन्होंने महंगी दवाई लिखी है। इस संबंध में जब संवाददाता ने दूरभाष के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य के बछरावां के अधीक्षक अनिल कुमार जैसल से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हुआ है तो जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी। लेकिन सोचने वाली बात यह है कि आए दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में तैनात चिकित्सक अपने नए-नए कारनामों से चर्चा में बने रहते हैं और अधीक्षक साहब केवल जांच कर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन देते हुए अपनी अपनी ढपली, अपना अपना राग की धुन रटते रहते हैं।

# पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**ऊंचाहार, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



टायर पंचर की दूकान में मजदूरी कर रहे एक युवक ने मानसिक अवसाद में होने के चलते पेड़ के सहारे गले में फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। गैर प्रान्त से आए मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के किए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक बिहार प्रान्त के मुजफ्फरपुर जनपद के सकरा थाना क्षेत्र के गनीपुर बेझा निवासी मोहम्मद वसी कई दशक से क्षेत्र के मदारीगंज गांव के पास लखनऊ प्रयागराज मार्ग के किनारे टायर पंचर की दूकान चलाते हैं। उनकी दूकान पर गांव का ही मुकेश कुमार पुत्र हरिकिशन पाल करीब चार वर्षो से मजदूरी करता था। बुधवार सुबह गाड़ियों के टायर का काम करके वह नहाने को कहकर कहीं चला गया। काफी देर होने पर जब वापस नहीं लौटा तो दूकान मालिक ने खोजबीन शुरू कर दी लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। दोपहर करीब एक बजे मदारीगंज गांव के निकट लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राज्य के किनारे स्थित वीआईएल कांस्ट्रक्शन कम्पनी के अन्दर झाड़ियों में बबूल के पेड़ पर गमछे के सहारे पेड़ पर लटकता हुआ उसका शव मिला।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के किए भेज दिया। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामला आत्मा हत्या का प्रतीत होता है। मृतक के परिजनों को सूचना करवा दी गई है। गहनता से जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# सड़क हादसों में मासूम सहित तीन घायल, तीनों रेफर

**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



थाना क्षेत्र के अंतर्गत अनियंत्रित वाहनों के कारण सड़क हादसे थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। पहली घटना कस्बे के महाराजगंज रोड पर स्थित पिक्कर हॉल के पास का है जहां पर सड़क पार कर रहे एक 7 वर्षीय मासूम को इको कार ने जोरदार ठोकर मार दी। जिससे मासूम बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रौनक पुत्र सतीश उम्र 7 वर्ष निवासी वार्ड नंबर एक पिक्कर हॉल के पास सड़क पार कर रहा था। तभी महराजगंज की ओर जा रही अनियंत्रित इको चौपहियां गाड़ी ने जोरदार ठोकर मार दीद्य टक्कर इतनी तेज थी कि बालक रौनक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं मौके पर मौजूद आसपास के लोगों की सहायता से घायल बालक को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां लाया गया। जहां पर चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

वहीं दूसरी घटना थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर सरी गांव के पास किया जहां रायबरेली से कानपुर जा रहे कर सवार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में घुस गए जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गएद्य विदित हो कि कार सवार विद्यासागर कमल पुत्र महगू उम्र 60 वर्ष निवासी कैनाल रोड रायबरेली तथा जितेंद्र साहू पुत्र बुद्धिलाल उम्र 26 वर्ष निवासी कैनाल रोड रायबरेली अपनी कार से रायबरेली से कानपुर जा रहे थे तभी शेरी गांव के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एन एच ए आई की एंबुलेंस के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उन्हें भी जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# ओ लेवल व सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए 21 जून तक करें आवेदन

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए 'ओ' लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना ऑनलाइन संचालित है।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस योजनान्तर्गत भारत सरकार की अधिकृत संस्था 'नीलिट' से मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा जनपद के अन्य पिछड़े वर्ग के युवक/युवतियों को 'ओ' लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने हेतु पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उप्र की वेबसाइट पर दिये गये लिंक से ऑनलाइन आवेदन 08 जून से 21 जून 2024 तक किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन के उपरान्त आवेदन की प्रति का प्रिंट आउट प्राप्त कर समस्त अभिलेखों तथा उपलब्ध संसाधनों के विवरण सहित निदेशालय, पिछड़ा वर्ग कल्याण इन्दिरा भवन 10 वॉं तल लखनऊ एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, रायबरेली के कार्यालय में 21 जून 2024 के सांय 05:00 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगा।

अभिलेखों का परीक्षण तथा संस्था की आधार भूत संरचनाओं का भौतिक सत्यापन कराते हुए निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु संस्थाओं का चयन किया जायेगा। विस्तृत दिशा-निर्देश/समय-सारणी उक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दी गई है।

**पहल** | **बछरावां क्षेत्र को धान का कटोरा कहा जाता है क्षेत्र के किसान की मुख्य फसल धान है**

# धान की नर्सरी के पीक समय में नहरों से पानी नदारद, किसानों में हड़कंप

**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



जहां एक तरफ सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की दावे कर रही है। तरह-तरह की योजनाएं चलाकर उनके जीवन स्तर को सुधारने का नित नए प्रयास कर रही है परंतु वर्तमान समय में जब धान की नर्सरी करने का पीक समय है तब नहरों से पानी ही गायब है। बछरावां क्षेत्र को धान का कटोरा कहा जाता है क्षेत्र के किसान की मुख्य फसल धान है जिससे वह अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। जहां एक तरफ कृषि केंद्रो द्वारा उन्नतशील बीज, किसान सम्मान निधि, कृषि यंत्रों पर सब्सिडी देकर किसानों की आय को जहां सरकार दोगुनी करने का प्रयास कर रही है। वहीं दूसरी तरफ धरातल पर सिंचाई विभाग की जिम्मेदार अधिकारियों की घोर लापरवाही दिखाई पड़ रही है। जब नहर की आवश्यकता नहीं होती है तब नहरों में लबालब पानी चला करता है। वही जब अब पानी की बहुत ही आवश्यकता है धान की नर्सरी के लिए तो उसे पीक समय में नहरों से पानी ही गायब है। जितना धान की नर्सरी लेट से होगी उतनी ही पैदावार पर इसका फर्क पड़ेगा। पूर्व में संवाददाता ने नहर के संबंध में जब सिंचाई विभाग के एक्सईएन रामविलास यादव से उनके मोबाइल नंबर 9412409968 पर बात की थी तो उन्होंने किसानों के लिए लगभग 20 जून तक पानी उपलब्ध हो जाने की बात की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि पहले भी डिमांड लगा दी गई थी लेकिन अब 15 जून तक पानी छोड़ने की बात कही गई उसके लगभग तीन-चार दिन बाद किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो जाएगा।

**जब अब पानी की बहुत ही आवश्यकता है धान की नर्सरी के लिए तो उसे पीक समय में नहरों से पानी ही गायब है**

## जननायक पटनायक

नवीन पटनायक कुछ दिन और सत्ता में रह पाते तो उनका मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल देश में सबसे ज्यादा होता। इसके बावजूद लगातार 24 साल तक उन्होंने एकछत्र राज किया। हालांकि, इस बार के लोकसभा चुनाव के साथ कराये गए ओडिशा विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी बीजू जनता दल को करारी हार का सामना करना पड़ा है। जिस पार्टी को नब्बे के दशक में राज्य की राजनीति में पैर रखने की जगह बीजेडी ने दी थी, उसी ने उन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया। राज्य में अब भाजपा पहली बार सरकार बनाने जा रही है। उसे विधानसभा की 78 सीटें मिली हैं। वहीं आम चुनाव में लोकसभा की कुल इक्कीस सीटों में से बीस सीटें भाजपा को मिली हैं। वक्त का पहिया कुछ ऐसा घूमा है कि लगातार पांच बार विधानसभा चुनाव जीतने और चौबीस साल तक निष्कंटक राज करने वाले नवीन पटनायक अपने एक अन्य विधानसभा क्षेत्र से चुनाव हार गए। बीजेडी को 51 विधानसभा सीटों पर सफलता जरूर मिली मगर लोकसभा की एक भी सीट बीजेडी नहीं जीत सकी। पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेडी ने 12 व भाजपा ने आठ सीटें जीती थी। हालांकि, राजनीति के पुराने खिलाड़ी नवीन पटनायक को इस बात का बखूबी अहसास था कि भाजपा उन्हें सत्ता से विस्थापित कर सकती है। फलतरू उन्होंने अपने अंतिम कार्यकाल में भाजपा की काट के लिये सांस्कृतिक राजनीति का सहारा लेना शुरू कर दिया था। वे महसूस कर रहे थे कि ओडिशा के छोटे शहरों के युवाओं का रुझान भाजपा के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की तरफ बढ़ रहा है। अब तक लोक कल्याण योजनाओं को अपनी राजनीति की धार बनाने वाले नवीन पटनायक ने अयोध्या की रणनीति के मुकाबले में श्रीजगन्नाथ मंदिर के आसपास में एक हेरिटेज कॉरिडोर को मूर्त रूप देने का प्रयास किया। राज्य के अनेक प्राचीन मंदिरों को जीर्णोद्धार के जरिये नये सिरे से निखारा गया। इसके अलावा हाल ही में पहले विश्व ओड़िया भाषा सम्मेलन आयोजित करके साहित्य व संस्कृति कर्मियों को जोड़ने का प्रयास किया गया।दरअसल, राज्य में बदलती राजनीतिक बयार के मद्देनजर नवीन पटनायक ने युवाओं पर केंद्रित कार्यक्रमों को तरजीह दी। लोकप्रिय कल्याण कार्यक्रमों से इतर पटनायक ने बीजेपी की तरफ बढ़ रहे युवाओं को साथ जोड़ने के लिये ओडिशा को देश के खेलों की राजधानी बनाने का प्रयास किया। उन्होंने उन खेलों को तरजीह दी जो क्रिकेट की सुनामी में हाशिये पर जा रहे थे। पटनायक सरकार ने हॉकी की राष्ट्रीय पुरुष व महिला हॉकी टीम को प्रायोजित किया। इसके अलावा पर्याप्त खेल संरचना के विस्तार के साथ ही राज्य में दो विश्व हॉकी कप श्रृंखला आयोजित की गई।

# चुनाव आयोग ने राष्ट्रपति को नवनिर्वाचित सांसदों की लिस्ट सौंपी

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

इंवैश्विक स्तरपर पूरी दुनियंत की नजरें भारत में संपन्न हुए सबसे बड़े चुनावी महापर्व पर लगी हुई थी जिससे सभी को उम्मीद थी कि सत्ताधारी दल वापसी करेगा,क्योंकि 17वीं लोकसभा के मंत्रिमंडल के नेतृत्व से पूरी दुनियां के अनेकों रणनीतिक साझेदारी कार्यक्रम अनुबंधित थे और देशवासियों को भी उनसे काफी उम्मीदें हैं, परंतु रिजल्ट में ऐसा देखा गया कि कहीं ना कहीं कुछ छूट गया है जो सत्ताधारी दल को क्लीन मेजोरिटी नहीं आई, परंतु गठबंधन को जरूर पूरी क्लीन मेजोरिटी आई है,इसलिए एनडीए की सरकार बनना तय है, जिसकी प्रक्रिया शुरू है। 5 जून को एनडीए ने अपना नेता चुना व 7 जून 2024 को एनडीए सांसदों ने अपना नेता चुना। अब माननीय राष्ट्रपति के पास सरकार बनाने के लिए अपना दावा प्रस्तुत कियाजाएगा। इस बीच दिनांक 6 जून 2024 को देर शाम मुख्य चुनाव आयुक्त अपने दो आयुक्तों के साथ माननीय राष्ट्रपति को 18 वीं लोकसभा के लिए संपन्न कराए गए चुनाव में चुने गए सांसदों की सूची व आचार संहिता हटने की घोषणा की अधिसूचना सौंपी, अब माननीय राष्ट्रपति महोदया नें सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, यानें कुल मिलाकर निष्कर्ष निकाले तो भारतीय चुनाव आयोग ने इतने बड़े लोकतंत्र के चुनाव में इतिहास रच दिया है, जिसकी तारीफ व सराहना माननीय राष्ट्रपति द्वारा की गई है।जबकि बता दें कि अभी-अभी दक्षिण अफ्रीका में हुए चुनाव में वहां किसी को बहुमत नहीं आया है, एक तरह से हंग नतीजे में गहमा गहमी चल रही है, जिसमें नेल्सन मंडेला की सबसे बड़ी पार्टी को 400 में से 159 सीटें मिली है अब सरकार बनने की कवायत शुरू है, परंतु भारत में उम्मीद है कि 9 जून 2024 को प्रधानमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह होगाक्योंकि चुनाव आयोग ने माननीय राष्ट्रपति को नवनिर्वाचित सदस्यों की लिस्ट शॉप दी है, आचार संहिता हटा दी है,अब नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसलिए आज हम मीडिया पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, 18वीं लोकसभा का कार्यकाल 17 जून से शुरू होने के पहले नई सरकार का गठन करने को रेखांकित करना जरूरी है।



**स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में पुलिस और सुरक्षा कर्मियों के प्रयासों की भी प्रशंसा की। राष्ट्रपति ने बड़ी संख्या में चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने वाले लाखों मतदाताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह हमारे संविधान और भारत की गहरी और अटल लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप है। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा, गौरतलब है कि राष्ट्रपति ने पीएम के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल की सलाह पर बुधवार को 17वीं लोकसभा भंग कर दी थी। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है और उससे पहले नई सरकार का गठन करना होगा। भाजपा के नेतृत्व वाले राजग ने हाल ही में संपन्न आम चुनावों में बहुमत हासिल किया है। जहां राजग 543 सदस्यीय लोकसभा में 293 सीटें जीतकर 272 के बहुमत के आंकड़े से ऊपर है, वहीं 240 सीटें जीतने वाली भाजपा 2014 के बाद पहली बार पूर्ण बहुमत से पीछे रह गई है।**

साथियों बात अगर हम चुनाव आयोग द्वारा माननीय राष्ट्रपति को 6 जून 2024 को शाम 18 वीं लोकसभा के लिए चुने गए सांसदों की सूची सौंपने की करें तो,मुख्य चुनाव आयुक्त नें गुरुवार को राष्ट्रपति से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने 18वीं लोकसभा के गठन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए नव निर्वाचित सदस्यों की सूची राष्ट्रपति को सौंपी। अब राष्ट्रपति नई सरकार के गठन की औपचारिक प्रक्रिया शुरू करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मु ने चुनावी प्रक्रिया की सफलता पर मुख्य चुनाव आयुक्त को बधाई दी। उन्होंने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में पुलिस और सुरक्षा कर्मियों के प्रयासों की भी प्रशंसा की। राष्ट्रपति ने बड़ी संख्या में चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने वाले लाखों मतदाताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह हमारे संविधान और भारत की गहरी और अटल लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप है। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा, गौरतलब है कि राष्ट्रपति ने पीएम के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल की सलाह पर बुधवार को 17वीं लोकसभा भंग कर दी थी। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है और उससे पहले नई सरकार का गठन करना होगा। भाजपा के नेतृत्व वाले राजग ने हाल ही में संपन्न आम चुनावों में बहुमत हासिल किया है। जहां राजग 543 सदस्यीय लोकसभा में 293 सीटें जीतकर 272 के बहुमत के आंकड़े से ऊपर है, वहीं 240 सीटें जीतने वाली भाजपा 2014 के बाद पहली बार पूर्ण बहुमत से पीछे रह गई है। विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए ने 234 सीटें जीती हैं।मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि अब लोकसभा चुनाव के परिणाम जारी हो चुके हैं, जो कि आप सबके सामने हैं। ईवीएम को कुछ दिन अब आराम करने देते हैं। अगले चुनाव में उसको फिर से निकालेंगे, वो फिर अपने काम पर लगेगी। उन्होंने ईवीएम पर उठने वाले सवालों पर कहा कि ईवीएम को हर चुनाव में कोसा जाता है। शायद उसका अविष्कार उसी मुहूर्त में हुआ है कि उसको हर बार संदेह का सामना करना पड़ता है।उन्होंने बताया कि कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना के स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में द्विवार्षिक/उपचुनावों के कारण आदर्श आचार संहिता लागू है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव लंबित है। उन्होंने कहा कि हम 12 मार्च को वहां गए थे, हमने संकेत दिया था कि सही समय पर चुनाव कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि हम वहां के लोगों को जल्द से जल्द अपनी सरकार बनाने और अपनी पसंद का प्रतिनिधि चुनने का मौका देंगे। साथियों बात अगर हम 2024 के चुनाव में कुल मतदान प्रतिशत 65.79 प्रतिशत होने की करें तो आम चुनाव 2024 में मतदान केंद्रों पर 65.79 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त मानक प्रथा के अनुसार, डाक मतों की संख्या तथा सकल मतदान की विस्तृत सांख्यिकीय रिपोर्टें अंतिम रूप दिए जाने के पश्चात आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएंगी। डाक मतपत्रों में सेवा मतदाता, अनुपस्थित मतदाता (85+, दिव्यांग, आवश्यक सेवाएं आदि) और चुनाव ड्यूटी पर लगे मतदाता शामिल हैं। साथियों बात अगर हम महात्मा गांधी के अहिंसा संदेश से शांतिपूर्ण हिंसा मुक्त चुनाव के प्रति प्रतिबद्धता के प्रण की बात ईसी द्वारा करने की करें तो,माननीय राष्ट्रपति को 18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित सदस्यों के नाम सौंपने के बाद आज शाम राजघाट पर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना के ग्रेजुएट और टीचर्स निर्वाचन क्षेत्रों को छोड़कर, जहां तत्काल प्रभाव से आदर्श आचार संहिता लागू नहीं रहेगी, वहां ग्रेजुएट और टीचर्स निर्वाचन क्षेत्रों में विधान परिषद के द्विवार्षिक/उप-चुनावों के कारण एमसीसी लागू है। उन्होने कहा हम यहां राष्ट्र द्वारा हमें सौंपे गए पवित्र कार्य, 18वीं लोकसभा के आम चुनाव सम्?पन्?न कराने के बाद राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए खड़े हैं। हम भारत के लोगों की इच्छा को लगभग अहिंसक तरीके से उत्प्रेरित करने के बाद अपने दिल में विनम्रता लिए हुए यहां खड़े हैं।लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है, यह वह स्पष्ट प्रतिबद्धता थी जिसके साथ 16 मार्च, 2024 को 18वीं लोकसभा के चुनावों की घोषणा की गई थी। चुनावी प्रक्रिया को हिंसा से मुक्त रखने की इस प्रतिज्ञा के पीछे हमारी प्रेरणा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी थे। उन्होंने इंसान के बीच समानता की वकालत की और सभी के लिए लोकतांत्रिक अधिकारोंकी वकालतकी,महात्मा के विचारों में वयस्क मताधिकार सभी प्रकार के वर्गों की सभी उचित आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम बनाता है।

## विचार

# सहमे-सहमे सरकार नजर आते हैं

अरविन्द मोहन

लंबे और थकाऊ चुनाव के बाद आए नतीजे हर बार की तरह कुछ नए हीरो लेकर आए हैं तो कई पुराने महारथियों की राजनैतिक विदाई का संदेश भी। ठीक इसी तरह मतदाताओं ने शासन और राजनीति के लिए भी कुछ एकदम नए संदेश दिए हैं तो कुछ पुराने ढर्रे पर अपने अपने ढंग से निर्णय भी सुनाया है और जाहिर तौर पर राजनेता दिन-रात जनता के बीच रहकर भी इन संदेशों को ठीक से नहीं समझते या इनकी उपेक्षा करते हैं तभी हर बार लगभग आधा सदन बदल जाता है। सरकार का स्वरूप बदल जाता है और कई बार तो सरकार बदल जाती है। संयोग है कि इस बार सरकार सीधे-सीधे नहीं बदली है, सरकार के मुखिया भी नहीं बदले हैं लेकिन जनादेश का सबसे ज्यादा प्रभाव उनके इकबाल पर ही दिखता है। सहमे-सहमे से सरकार नजर आते हैं और उनके कामकाज के आधार पर जनता ने उनको फेल भले न किया हो लेकिन उनको अपने रंग-ढंग बदलने का जनादेश तो दिया ही है। ऐसा संदेश या आदेश सिर्फ उनके लिए ही नहीं है। पक्ष-विपक्ष के लगभग सभी नेताओं के लिए है, बहन मायावती, नवीन पटनायक, चौटाला परिवार और महबूबा मुफ्ती के लिए तो कुछ ज्यादा ही सख्त जनादेश आया है। लेकिन जाहिर तौर पर सबसे ज्यादा प्रभावी और दूरगामी संदेश नरेंद्र मोदी और उनके जोड़ीदार अमित शाह के लिए है। उनकी उपलब्धियों को लेकर भी शंका जताई गई है लेकिन उनकी कार्यशैली पर ज्यादा सख्त निर्णय आया है। फैसले लेने की प्रक्रिया, मुसलमानों के प्रति उनका रवैया, मुद्दों का चुनाव, विपक्ष से ही नहीं अपने साथियों के साथ व्यवहार का तरीका और शासन चलाने की शैली पर बहुत साफ निर्णय आया है। सबको साथ, सबका विकास सिर्फनारा भर नहीं होना चाहिए। यह संदेश नहीं आदेश है और एक ही दिन में प्रधानमंत्री और अमित शाह बदले-बदले लगे (उनके इशारों पर नाचने वाली मीडिया में बदलाव और ज्यादा और जल्दी दिखाई दिया)। सबकी श्फाइल मेन्टेनश् करना, फिर जरूरत के हिसाब से अपनी लोकतान्त्रिक सत्ता के साथ सरकारी एजेंसियों के दुरूपयोग से दबाव बनाना, मीडिया के सहारे और प्रचार पर सरकारी धन खर्च करके अपने पक्ष में हवा बनाने की कोशिश करना, विरोध का निरादर ही नहीं मतदाताओं को फुसलाए जाने की चीज मानना, लोगों का उपयोग करके रद्दी की टोकरी में डालना, मौका पड़ने पर किसी का भी पैर पकड़ लेना (किसानों का उदाहरण सबसे चर्चित है) और निरंतर

**जाहिर तौर पर सबसे ज्यादा प्रभावी और दूरगामी संदेश नरेंद्र मोदी और उनके जोड़ीदार अमित शाह के लिए है। उनकी उपलब्धियों को लेकर भी शंका जताई गई है लेकिन उनकी कार्यशैली पर ज्यादा सख्त निर्णय आया है। फैसले लेने की प्रक्रिया, मुसलमानों के प्रति उनका रवैया, मुद्दों का चुनाव, विपक्ष से ही नहीं अपने साथियों के साथ व्यवहार का तरीका और शासन चलाने की शैली पर बहुत साफनिर्णय आया है। सबको साथ, सबका विकास सिर्फनारा भर नहीं होना चाहिए। यह संदेश नहीं आदेश है और एक ही दिन में प्रधानमंत्री और अमित शाह बदले-बदले लगे (उनके इशारों पर नाचने वाली मीडिया में बदलाव और ज्यादा और जल्दी दिखाई दिया)। सबकी श्फाइल मेन्टेनश् करना, फिर जरूरत के हिसाब से अपनी लोकतान्त्रिक सत्ता के साथ सरकारी एजेंसियों के दुरूपयोग से दबाव बनाना, मीडिया के सहारे और प्रचार पर सरकारी धन खर्च करके अपने पक्ष में हवा बनाने की कोशिश करना, विरोध का निरादर ही नहीं मतदाताओं को फुसलाए जाने की चीज मानना, लोगों का उपयोग करके रद्दी की टोकरी में डालना, मौका पड़ने पर किसी का भी पैर पकड़ लेना (किसानों का उदाहरण सबसे चर्चित है) और निरंतर एक नकली विमर्श चलाते रहना ही इस कार्यशैली की मुख्य बातें हैं। लेकिन आप कुछ लोगों को पूरे समय बुद्धू बना सकते है, सबको कुछ समय तक बुद्धू बना सकते हैं लेकिन सबको सदा के लिए बुद्धू नहीं बना सकते।**

एक नकली विमर्श चलाते रहना ही इस कार्यशैली की मुख्य बातें हैं। लेकिन आप कुछ लोगों को पूरे समय बुद्धू बना सकते है, सबको कुछ समय तक बुद्धू बना सकते हैं लेकिन सबको सदा के लिए बुद्धू नहीं बना सकते। और बड़े हिसाब से देखें तो यह चुनाव प्रबंधन कौशल से जीतने के अति आत्मविश्वास या घमंड और आमजन की भावनाओं के स्वाभाविक अभिव्यक्ति के बीच का मुकाबला था। कई लोग इसे मोदी और शाह के घमंड के रूप में देखते हैं लेकिन यह बुनियादी तौर पर अपने साधन, संघ के मुफ्त के कार्यकर्ताओं और प्रबंधन कौशल को सबसे ऊपर मानने की मानसिकता थी। और भले राहुल गांधी ने लाख अपमान सहकर भी लगातार खुद को सुधार या और मेहनत की (भाजपा उनके करीबियों को तोड़ती भी रही) तथा उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव ने चुनाव के समय मजबूती दिखाई। लेकिन सच कहें तो मोदी-शाह की जोड़ी की ताकत से असली लड़ाई आमजन ने लड़ी। सिर्फ लड़ी नहीं जीत भी हासिल की। ऐसे-ऐसे नए और अनाम उम्मीदवारों ने भाजपा के दिग्गजों और इस जोड़ी के दुलारे नेताओं (स्मृति ईरानी और टोनी से लेकर नृपेन्द्र मिश्र के सुपुत्र तक) को पटखनी दी कि हम आप सभी तालियां बजाने को मजबूर हुए। और इस जीत का नतीजा ही है कि भाजपा के इन दोनों नेताओं का व्यवहार और बाडी लैंग्वेज एकदम बदला है। कई बार यह सुखद लगता है, कई बार दया आती है। नतीजों ने जरूर झटका दिया है लेकिन बदलाव तभी शुरू हो गया था जब नीतीश कुमार की पहल पर इंडिया गठबंधन की नींव पड़ी। तब तक भाजपा जाने कितने गीदड़ और एक शेर वाला लाइन चला रही थी। इंडिया के समांतर एनडीए को जिंदा किया गया और नए सहयोगी बनाने के लिए जाने क्या कुछ नहीं किया गया। पुराने मामले खोलने और जेल भेजना भी इनमें शामिल था। इन तरीकों से नीतीश कुमार को तोड़ना और चंद्रबाबू को जबरिया साथी बनाने में श्सफलता मिली (आज यही दोनों लाज बचाने वाले साबित हुए हैं) लेकिन अन्नाद्रमुक और उससे भी बढ़कर बीजद को साथ ला पाना संभव नहीं हुआ। कई तरह से सहयोग तो ओवैसी जैसों ने भी दिया। लेकिन सीधा साझीदार न बनकर भी बसपा ने जिस तरह से मदद की वह खुद उसके लिए आत्मघाती साबित हुआ। अब बहनजी की दौलत बचने का भरोसा जितना है उससे ज्यादा पक्का यह लग रहा है।

# क्रूज प्री-वेडिंग से अनंत अंबानी और राधिका की सामने आई प्यारी तस्वीर, पिंक ड्रेस में लगीं परी

अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट इन दिनों अपनी सेकंड प्री-वेडिंग एन्जॉय कर रहे हैं। क्रूज पर अनंत और राधिका ने जमकर पार्टी की है। करूज बैश से कई सेलिब्रिटीज की झलकियां सामने आ गई हैं। वहीं इस करूज प्री-वेडिंग पार्टी से होने वाले दूल्हा-दुल्हन की पहली झलक सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। आकाश अंबानी और ईशा अंबानी की शादी में पानी की तरह पैसा बहाने के बाद अब अनंत अंबानी की शादी की धूम है।

बता दें 29 मई से 1 जून तक अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की ग्रैंड करूज प्री-वेडिंग का जश्न चला, जिसमें कई मशहूर हस्तियां शामिल हुईं। जाने-माने बिजनेसमैन वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका मर्चेंट के साथ अनंत अंबानी लंबे समय से रिलेशनशिप में हैं। कपल ने पिछले साल सगाई की थी। अब जुलाई में दोनों शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट का प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन मार्च में गुजरात के जामनगर में हुआ था,जिसकी खूब चर्चा रही थी। वहीं अब सेकंड प्री-वेडिंग करूज पर एन्जॉय किया। इटली से फ्रांस तक करूज पार्टी चली, जिसमें केटी पेरी, पिटबुल और गुरु रंधावा जैसे सिंगर्स ने परफॉर्मेंस दी और बॉलीवुड सेलिब्रिटीज भी इसमें शामिल हुए।



शाह रुख खान, रणबीर कपूर, सुहाना खान और अनन्या पांडे की इटली से फोटोज और वीडियोज सामने आने के बाद अब होने वाले दूल्हा-दुल्हन की झलकियां भी आ गई हैं। हाल ही में अंबानी के फैन पेज पर राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी के प्री-वेडिंग बैश की वीडियो और फोटो सामने आई है, जिसमें अंबानी की होने वाली बहू ने एक बार फिर से अपने लुक से हर किसी का दिल चुरा लिया है। सामने आई तस्वीर में राधिका मर्चेंट और अंनत साथ में दिखाई दे रहे हैं। राधिका पिंक कलर की ड्रेस में बार्बी डॉल लग रही हैं। होने वाले दूल्हा राजा ने पार्टी के लिए फ्लोरल शर्ट कैरी की थी। प्री-वेडिंग को एन्जॉय करते हुए राधिका के चेहरे का नूर अलग ही दिख रहा था। राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी की शादी का फंक्शन तीन दिन तक चलने वाला है। 12 जुलाई को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में शादी है, 13 जुलाई को शुभ आशीर्वाद का फंक्शन और 14 जुलाई को वेडिंग रिसेप्शन है। हाल ही में, कपल की शादी का कार्ड भी वायरल हुआ था।



# राशिफल

**मेषः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य व कायरें में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**बृषभः-** रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी। सामाजिक कायरे में व्यस्त रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। कुछ नये संबंधों के प्रति मन उत्साहित होगा।

**मिथुनः-** वाक्यपटुता व व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा। परिवार में खुशहाल स्थिति रहेगी।

**कर्कः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुबिधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। अतरू इसे सुधारें। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कायरे को समय से पूर्ण करें।

**सिंहः-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरे की पूर्ति में विलम्ब कतई न करें।

**कन्याः-** कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**तुलाः-** निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई सारी चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिकः-** नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में स्थिति अनुकूल होगी। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**धनुः-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**मकरः-** मर्यादा व पद का ख्याल रखते हुए अपने उच्छृंखल मन पर नियन्तण्ररखें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कुंभः-** महत्वपूर्ण कायरें की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**मीनः-** नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# शेयर बाजार में हुए खिलवाड़ का सच

मंगलवार, 4 जून को जब 18वीं लोकसभा के लिए चुनावों के नतीजे आए, तो इंडिया गठबंधन के शानदार प्रदर्शन से यह राहत मिली कि लोकतंत्र और संविधान बच गया, लेकिन वहीं शेयर बाजार के निवेशकों के लिए यह दिन राहत की जगह आफत की खबर लेकर आया। एक्जिट पोल आने के बाद शेयर बाजार में जो उछाल देखने मिला था, वह नतीजों के आने की शुरुआत के साथ ही बुलबुले की तरह फूट गया। मंगलवार को निवेशकों के एक कारोबारी सत्र में ही 30 लाख करोड़ रुपये डूब गए। जाहिर है ये निवेशकों की जेब से निकल कर किन्हीं बड़े खिलाड़ियों की जेब में ही गए होंगे। क्योंकि लाखों करोड़ रूपए हवा में गायब नहीं हुए, एक के खाते से निकल कर दूसरे के खाते में गए। अब सवाल यही है कि वो कौन से खिलाड़ी हैं, जिन्हें शेयर बाजार में इस उछाल और गिरावट का फायदा मिला।

और किस तरह इन लोगों को बाजार में होने वाली इस हलचल की पहले से ही खबर थी। चुनावों के पहले चरण के बाद से ही शेयर बाजार मे गिरावट का सिलसिला देखा जा रहा था और तब से ही कयास लगने लगे थे कि मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल नहीं होगा। इंडिया गठबंधन के पक्ष में जनादेश जा सकता है। क्योंकि सत्ता परिवर्तन की आहट शेयर बाजार को पहले लग जाती है। खबरें थीं कि मई माह में विदेशी निवेशकों ने बड़ी



मात्रा में अपने निवेश वापस ले लिए थे, इसका नुकसान भारतीय शेयर बाजार को हुआ। लेकिन फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने बयानों में शेयर बाजार को लेकर भविष्यवाणियां की। नरेन्द्र मोदी ने साफ तौर पर कहा था कि 4 जून को शेयर बाजार में उछाल आएगा, वहीं अमित शाह ने भी कहा था कि निवेशकों को स्टॉक खरीद लेने चाहिए क्योंकि उन्हें उम्मीद है कि 4 जून को बाजार चढ़ेगा। याद नहीं पड़ता कि इस देश के किसी प्रधानमंत्री या गृहमंत्री ने इससे पहले इस तरह चुनावों के बीच में और खासकर परिणाम आने वाले दिन से पहले शेयर बाजार के निवेशकों को कोई सलाह दी हो। पूर्ववर्ती मोदी सरकार के अनेक अनैतिक कामों में अब इसे भी जोड़ लेना चाहिए। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का काम सरकार चलाना, देश की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाना है। उन्हें शेयर बाजार का खिलाड़ी नहीं बनना चाहिए था। लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें इस

**नरेन्द्र मोदी ने साफतौर पर कहा था कि 4 जून को शेयर बाजार में उछाल आएगा, वहीं अमित शाह ने भी कहा था कि निवेशकों को स्टॉक खरीद लेने चाहिए क्योंकि उन्हें उम्मीद है कि 4 जून को बाजार चढ़ेगा। याद नहीं पड़ता कि इस देश के किसी प्रधानमंत्री या गृहमंत्री ने इससे पहले इस तरह चुनावों के बीच में और खासकर परिणाम आने वाले दिन से पहले शेयर बाजार के निवेशकों को कोई सलाह दी हो। पूर्ववर्ती मोदी सरकार के अनेक अनैतिक कामों में अब इसे भी जोड़ लेना चाहिए। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का काम सरकार चलाना, देश की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाना है। उन्हें शेयर बाजार का खिलाड़ी नहीं बनना चाहिए था। लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें इस खेल किसी सोची-समझी रणनीति के तहत शामिल किया गया। भाजपा के कमजोर प्रदर्शन को देखते हुए यह आशंकाएं जतलाई जा रही थीं कि शायद भाजपा फिर सत्ता में न लौट पाए। ऐसे में सरकार के संरक्षण में फल-फूल रहे उद्योगपतियों को भावी नुकसान नजर आने लगा था और शायद उन्हीं के इशारों पर शेयर बाजार का ऐसा खेल चुनाव के बीच में खेला गया।**

खेल किसी सोची-समझी रणनीति के तहत शामिल किया गया। भाजपा के कमजोर प्रदर्शन को देखते हुए यह आशंकाएं जतलाई जा रही थीं कि शायद भाजपा फिर सत्ता में न लौट पाए। ऐसे में सरकार के संरक्षण में फल-फूल रहे उद्योगपतियों को भावी नुकसान नजर आने लगा था और शायद उन्हीं के इशारों पर शेयर बाजार का ऐसा खेल चुनाव के बीच में खेला गया, जिसमें लाखों करोड़ डूब गए और देश एक जबरदस्त आर्थिक घोटाले का शिकार हो गया। चुनाव शुरु होने के पहले ही इलेक्टोरल बॉन्ड का घोटाला सामने आया था, जिसका पूरा सच अब तक सामने नहीं आ पाया है और दोषी अब भी मजे में हैं। पीएम केयर्स फंड में किस तरह से, कितना धन आया है, यह तो मोदी सरकार ने पता लगने ही नहीं दिया। कृषि बिल, अग्निवीर योजना, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, चीन की घुसपैठ, पुलवामा हमला, वैक्सीन से होने वाली मौतें ऐसी कई बातों का सच अभी सामने नहीं आया है कि आखिर किस नीयत से मोदी सरकार ने इन फैसलों को लिया या जो घटनाएं हुईं, उनकी हकीकत क्या है। और अब एक नया शेयर बाजार का घोटाला भी सामने आ गया है। 1 जून को एक्जिट पोल के आते ही जिस तरह शेयर बाजार चढ़ा था, तब से कांग्रेस इसे लेकर सवाल उठा रही थी और जब नतीजे आए तो अपने एक्जिट पोल में एनडीए को भारी बहुमत देने वाली एक सर्वे एजेंसी के मुखिया को कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने खरी-खरी बात कही थी कि उनके आकाओं के कारण देश के आम आदमी को इतना नुकसान हुआ है। पवन खेड़ा ने इसे सीधे देशद्रोह कहा था। वहीं अब राहुल गांधी ने भी एक प्रेस कांफ्रेंस कर शेयर बाजार के इस घोटाले पर कड़े सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने तीन महत्वपूर्ण सवाल किए हैं- पहला, प्रधानमंत्री ने देश की जनता को निवेश की सलाह क्यों दी? क्यों गृह मंत्री ने उन्हें स्टॉक खरीदने का आदेश दिया? दूसरा, दोनों जो इंटरव्यू किए गए। ये अडानी समूह के चौनल को दिए गए। उन पर पहले ही सेबी की जांच बैठी है तो उस पर जांच होनी चाहिए।तीसरा, मोदी जी के ये जो फेक इन्वेस्टर हैं और जो विदेशी निवेशक हैं। इनके बीच क्या रिश्ता है और अगर रिश्ता है तो इसकी जांच होनी चाहिए।

राहुल गांधी ने कहा कि हम इस पूरे मामले में संसदीय समिति से जांच की मांग करते हैं। इस पूरे मामले में निवेशकों ने करोड़ों गंवाए हैं। यह एक आपराधिक कार्य था। राहुल गांधी ने झूठे एक्जिट पोल, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की शेयर बाजार को लेकर दी गई सलाह, भाजपा की आंतरिक सर्वे रिपोर्ट, जिसमें उसे सीटें कम आ रही हैं और फिर नतीजों के बाद शेयर बाजार के धराशायी होने की पूरी क्रोनोलॉजी अपनी प्रेस कांफ्रेंस में समझाई।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक जितेन्द्र सिंह*
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपी ने पत्रकारों पर लगाए आरोप

▸ अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब के बैनर तले एसपी को सौंपा ज्ञापन



**महोबा। समृद्धि न्यूज**

अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब के बैनर तले जिलाध्यक्ष वहीद अहमद के नेतृत्व में पत्रकारों ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर खबर चलने से बौखलाए नाबालिग दलित छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपी द्वारा पत्रकारों के खिलाफ अनर्गल आरोप लगाने के मामले में आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग उठाई है। बताते चलें कि विगत 6 मई 2024 को नाबालिग दलित छात्रा से छेड़छाड़ करने के मामले में पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर कोतवाली नगर महोबा में सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। दर्ज हुए मुकदमे में आरोपी पर पीड़ित नाबालिग दलित किशोरी और उसके पिता द्वारा गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

मुकदमा पंजीकृत होने के बाद समाचार पत्रों और न्यूज चैनलों के माध्यम से पीड़ित किशोरी और परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों और मुकदमा दर्ज होने के आधार पर समाचार को प्रकाशित किया गया था। समाचार का प्रकाशन होने के बाद बौखलाए आरोपी द्वारा सोशल मीडिया पर लाइव होकर पत्रकारों को धमकी देते हुए आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया है। आक्रोशित पत्रकारों ने एसपी को सौंपे ज्ञापन में पत्रकारों ने बताया कि मीडिया देश का चौथा स्तंभ है, इसी के नाते पीड़ितों की खबरों को प्रकाशित कर जनता को जागरूक करना हमारी जिम्मेदारी है। जिसका हम सभी पत्रकार गण निर्वहन कर रहे हैं।

लेकिन विगत कुछ दिनों से एक ट्रेंड चल रहा है जिसमे अपराधी अपराध करने के बाद सोशल मीडिया के माध्यम से पत्रकारों और प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव बनाने का प्रयास करते हुए अनर्गल आरोप व धमकियां देकर दबाव बनाने का प्रयास करते हैं। दबाव के कारण कई बार पीड़ित व्यक्ति को न्याय मिलने की संभावना बहुत कम हो जाती है। कहा कि इस पर नियंत्रण लगाना अत्यंत आवश्यक है। अन्यथा अपराधी निरंकुश होकर अपराध करने के बाद दबाव बनाने का प्रयास करते रहेंगे। शिकायतकर्ता पत्रकारों ने एसपी से माँग की है कि चौथे स्तम्भ की आवाज दबाने का प्रयास करने वाले ऐसे अपराधियो के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाए ताकि जनता में सुरक्षा की भावना बनी रहे और पत्रकार निर्भीकता से अपनो कलम के माध्यम से जन जागरूकता के कार्य करते रहें। इस दौरान मनोज ओझा,विष्णु गुप्ता, अफसार अहमद,शान्तनु सोनी, रविन्द्र मिश्रा,जावेद बागवान, जयप्रकाश द्विवेदी,सीता पाल, शहबाज अहमद,राहुल कश्यप, कुलदीप शर्मा सहित दर्जनभर से ज्यादा पत्रकार मौजूद रहे।

# नरेंद्र मोदी को एनडीए के संसदीय दल के नेता चुने जाने पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाइयां





**महोबा। समृद्धि न्यूज**

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय महोबा में जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता के नेतृत्व में सभी जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं बंधुओ ने दिल्ली में संसदीय दल का नेता सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी को चुनने पर एक दूसरे को बधाई दी एवं मीठा खिलाकर खुशी मनाई, भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है कि जब लगातार तीसरी बार किसी दल का नेता तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहा है ,जिस तरह से देश में विकास एवं देश के उत्थान के लिए कार्य किया जा रहा था फिर 5 वर्ष के लिए वह कार्य करना सुनिश्चित हुआ है इसको लेकर सभी ने एक दूसरे को बधाई दी एवं खुशियां व्यक्त की.. इस दौरान जिला महामंत्री अंकुर शिवहरे, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र महेंद्र, पूर्व जिला महामंत्री संदीप शुक्ला , पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरुण सक्सेना जिला मंत्री दीपाली तिवारी, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रशांत गुप्ता मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता , पूर्व कबरई मंडल अध्यक्ष सुखलाल नाना ,कालीचरण रैकवार ,जिला मंत्री वियोगी शाश्वत ,जिला उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा जिला कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता , महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष रेखा तिवारी , पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा नीतू श्रीवास्तव , जिला मीडिया प्रभारी सत्येंद्र गुप्ता एवं एक सैकड़ा से अधिक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ग्रामोन्नति संस्थान के तत्वावधान में हुई गोष्ठी

**महोबा। समृद्धि न्यूज**




जिला स्तरीय रीथिंग मीटिंग का आयोजन जिले के अंबे पैलेस में किया गया रेटिंग मीटिंग करने का उद्देश्य था पुनः विचार करना जिस तरह से संस्थान युवा महिलाओं लड़कियों विकलांग महिलाओं के उनके शिक्षा स्वास्थ्य राजनीतिक भागीदारी को लेकर प्रयास रत है उसे पर पुन विचार करना जिसमें सीडब्लूसी से मधुबाला किशोर न्यायालय से कल्पना सोनी वन स्टाफ सेंटर से क्षमा ग्राम नदी से जुड़े हुए पंचायत से लगभग 100 से अधिक लड़कियां है।

महिलाओं ने सहभागिता की ग्रेविटी संस्थान की सचिव कल्पना खरे ने आए हुए अतिथि और प्रतिभागियों का उद्बोधन किया तथा जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक जो भी काम संस्था या प्रशासन से हुए हैं उन पर अधिक पुनः विचार करना चाहिए यदि महिला अपनी पसंद को पहचान रही है वह अपने अधिकारियों को जान रही है तो उसे हमें और अधिक सशक्त बनाना है लीडर लड़कियों ने नाटक नुक्कड़ के माध्यम से विकलांग महिलाओं को सशक्त करने की प्रेरणा दी अलग-अलग गतिविधियों के दौरान रितिक वर्कशॉप में मुद्दों को उजागर किया गया और सभी के बीच में नारीवादी नेतृत्व पर चर्चा की गई लड़कियों की सहमति को लड़कियों को अधिकारों एवं कानून के बारे में बताया गया।

# संस्था ने राहगीरों को पिलाया शरबत, लोगों ने दिया आशीर्वाद

**मौदहा,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**


शरबत पिलाते संस्था के लोग

भीषण गर्मी आसमान से आग बरसती तपन से जहां जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है तो वही निजी स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा राहगीरों को निःशुल्क शरबत व शीतल जल पिलाकर गला तर कर राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए इन्फोटेक सॉल्यूशन स्वयंसेवी संस्था के द्वारा कस्बे के रागौल रेलवे स्टेशन में शीतल जल व शरबत पिलाकर वहां से निकल रहे राहगीरों का गलातर कर आम जनमानस को राहत पहुंचाने का कार्य किया। संस्था के पदाधिकारी संतोष ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण आम जनमानस को जल एवं शरबत पिलाकर पुन्य लाभ अर्जित कर रहे हैं इस प्रकार से अन्य शाखाएं ब्लॉक के अन्य क्षेत्रों में भी कार्य कर रही है और आम जनमानस को लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रही है इस अवसर पर प्रियंका, धर्मवीर, जीत राजा, करन, अर्चना, सोनू आधा दर्जन लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस ने सूपा रोड को बंदकर डायवर्जन सूचना की चस्पा

**चरखारी,महोबा। समृद्धि न्यूज**




चरखारी से छतरपुर वाया श्रीन गर सहित महोबा से कुलपहाड़' पनवाड़ी राठ आदि सभी रूटों की आवाजाही के लिए पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देश पर चरखारी पुलिस ने सूपा रोड को बन्द करते हुए डायवर्जन सूचना बोर्ड चस्पा किया गया।

बताते चलें कि झांसी मानिकपुर रेल लाईन पर डबल लाईन बिछाए जाने के कार्य के दौरान झांसी मिर्जापुर हाईवे पर ग्राम सूपा के पास स्थिति क्रासिंग को रेलवे द्वारा पूर्व सूचना के आधार पर बन्द किया गया है। रेलवे की सूचना के आधार पर तथा यात्रियों व वाहन चालकों की सुविधा को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोबा अर्पणा गुप्ता के निर्देश पर चरखारी पुलिस द्वारा सूपा तिराहा सूचना बोर्ड चस्पा करते हुए सूपा होकर श्रीनगर छतरपुर रूट को बन्द किया गया है तथा बेरिकेटिंग व सूचना बोर्ड के जरिए डायवर्जन रूट चस्पा किया गया है। चरखारी से श्रीनगर छतरपुर जाने वाले सभी वाहन 7 व 8 जून को सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक तथा रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक दो दिन के लिए बन्द किया गया है। प्रभारी निरीक्षक गणेश प्रसाद गुप्ता ने बताया कि चरखारी से श्रीनगर छतरपुर जाने वाले यात्रियों के अलावा अन्य रूटों के यात्रियों की सुविधा की दृष्टि से पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस को सहायता के लिए तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि चरखारी से श्रीनगर व छतरपुर जाने वाले सभी वाहन महोबा पुलिस लाईन होकर गुजरेंगे। इसके अलावा महोबा से कुलपहाड़' पनवाड़ी राठ की ओर जाने वाले सभी वाहन श्रीनगर बेलाताल होकर जाएंगे।

## खबरें एक नजर में

### पारिवारिक झगड़े में छह घायल, पुलिस ने शुरु की जांच

**मौदहा, हमीरपुर।** नगर के अलग-अलग दो स्थानों पर पारिवारिक झगड़ों में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए जिन्हें कोतवाली पुलिस ने मामला संज्ञान में लेकर मेडिकल परीक्षण करवाते हुए है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे के बाघू मोहल्ला में मोहम्मद परवेज व मोहम्मद जमशेद दोनों भाइयों के बीच जमीनी मामले को लेकर विवाद हो गया जिसमें मोहम्मद परवेज, रिहाना जमशेद, समा परवीन,फरहत बानो व नुसरत सहित 6 लोग मारपीट में बुरी तरह घायल हो गए दोनों पक्षों ने कोतवाली पहुंच न्याय पाने के लिए गुहार लगाई पुलिस ने विधायक कार्रवाई करते हुए मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है । इसी तरह बड़े चौराहा के निकट सौरभ विनय व शिवम मे किसी मामले को लेकर मोहल्ले में विवाद हो गया जिसे घायल अवस्था में कोतवाली पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के लिए भेज-विधिक कार्रवाई की है।

### एचटी लाइन की चपेट में आकर युवक झुलसा

**राठ।** कोतवाली के टिकारिया गांव निवासी 45 वर्षीय लोकनाथ पुत्र सुम्मी शुक्रवार की दोपहर लोहे की सरिया रख रहा था। तभी छत के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन के तारों में लोहे की सरिया छू गई। जिससे युवक करंट की चपेट में आकर झुलस गया। डॉ नरेन्द्र सिंह ने बताया कि युवक पैदा व कूल्हे में झुलसा है। जिससे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। युवक करीब 30 फीसदी झुलसा है।

### भाई का मोबाइल नंबर न देने पर चार युवकों ने पीटा

**राठ,हमीरपुर।** जरिया थाने के करियारी गांव निवासी इब्राहिम पुत्र सहमत ने बताया कि बुधवार शाम 6 बजे घर पर था। तभी गांव के संतोष, अंकित, विकास और खेड़ा शिलाजीत गांव के अखिल आए और भाई सलमान का मोबाइल नंबर मांगा। जब देने से इनकार किया। तो चारों मिलकर गाली गलौज करने लगे। शोर सुनकर मां सितारा, बहन रोशनी ने आकर बीच बचाव किया। तो चारों ने एक राय होकर सभी को बेल्ट, लातों धूसों से मारपीट कर दी। शोर सुनकर पिता और ग्रामीण मौके पर आए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित की थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### मजदूर को धमकाने के मामले में मुकदमा दर्ज

**मौदहा, हमीरपुर।** गांव के दबंग व्यक्ति के द्वारा मजदूरी कर रहे राजमिस्त्री को धमकाने व जान से मारने की धमकी के मामले पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के भमोरा गांव में मजदूरी करने वाले राज मिस्त्री का काम कर रहे राम सिंह प्रजापति को गांव का दबंग व्यक्ति जुबेर रंजिश मानते हुए उसे आए दिन धमकता था और यहां तक फोन में जान से मारने की धमकी तक दे डाली। इस पूरे मामले से आहत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर सौंपते हुए, युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की गोहार लगा न्याय के लिए मांग की है।इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि आरोपी युवक के विरुद्ध पीड़ित की तहरीर के अनुसार मुकदमा दर्ज करते हुए वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# कायाकल्प टीम सीएचसी के निरीक्षण के उपरांत निर्धारित करेगी अंक

**राठ,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**


राठ सीएचसी का निरीक्षण करती कायाकल्प की टीम

कस्बे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कायाकल्प अवॉर्ड के लिए चिह्नित राठ सीएचसी का कायाकल्प की राष्ट्रीय टीम ने निरीक्षण किया। स्वच्छता से लेकर मरीजों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जांच की।

टीम द्वारा निरीक्षण के अस्पतालों को अंक निर्धारित किया जाएगा और बेहतर प्रदर्शन करने वाली सीएचसी को कायाकल्प अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कायाकल्प टीम क्वालिटी मैनेजर डॉ आरिफ अपनी टीम डॉ फिरोज व अमित कुमार शामिल निरीक्षण किया। साथ ही टीम ने बाहरी सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। यहां सफाई के अलावा रखरखाव, छिड़काव, स्वच्छ वातावरण, कूड़ा प्रबंधन व संक्रमण कंट्रोल, स्वच्छता संवधर्न, बाहरी क्षेत्र में अस्पताल की चहारदीवारी तथा इको फ्रेंडली सुविधाओं का टीम ने निरीक्षण किया। टीम ने सीएचसी में उपलब्ध सुविधाओं को देखा। कर्मचारियों से जानकारी भी ली। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ अखिलेश सिंह, ब्रजेंद्र राजपूत, विवेक गुप्ता, मोहित मिश्रा रहे।

# चोरी की योजना बनाते चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस ने चोरी की योजना बनाते चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार कर कब्जे से अवैध तमन्चा, जिन्दा कारतूस तथा चोरी की घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त औजार बरामद किये।

थाना कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्रांतर्गत भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हूयी कि रामलीला मैदान के पास 3 व्यक्ति लूट/चोरी की योजना बना रहे है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना कोतवाली पुलिस द्वारा तीन आरोपियों विशाल राजपूत पुत्र निर्मल चन्द्र राजपूत निवासी लोधी मोहल्ला थाना कोतवाली इटावा, विजय राजपूत पुत्र डालचन्द्र राजपूत निवासी लोधी मोहल्ला थाना कोतवाली इटावा, शिवम प्रजापति पुत्र हरिशंकर प्रजापति निवासी कटराबल सिंह थाना कोतवाली इटावा को रामलीला मैदान मे बने मंच के पीछे से गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में विक्रम सिंह चौहान प्रभारी थाना कोतवाली, उ.नि. मिलन सिरोही, का. अक्षय कुमार, का. आकाश कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**इटावा।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्रांतर्गत भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी, इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर आरोपी शिवम गिहार उर्फ चिलम पुत्र धर्मेश निवासी कोकपुरा थाना फ्रेंड्स कॉलोनी इटावा को काजी पेट्रोल पंप के पास से अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में विक्रम सिंह चौहान प्रभारी थाना कोतवाली, उ.नि. नया शहर चौकी इंचार्ज सौरभ सिंह मय टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# अंतिम संस्कार करने गए युवक की नदी में गिरने से मौत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

थाना इकदिल क्षेत्र के तहत यमुना घाट पर पिता के अंतिम संस्कार करने गए युवक की यमुना में फिसलकर मौत हो गई। मृतक मानिकपुर बिसु का बताया जा रहा है।

बताया गया है कि युवक यमुना घाट पर अपने पिता का अंतिम संस्कार करने के लिए गया था, तभी हाथ धोते समय नदी में गिर गया।ग्रामीणों के अनुसार युवक के फिसलने के बाद यमुना नदी में काफी खोजबीन की गई लेकिन कोई सुराग नही लग सका। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची थाना इकदिल पुलिस के साथ एसडीआरएफ टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को नदी से बाहर निकाला। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पति का दुख समाप्त नही हुआ तब तक बेटे की मौत की खबर आ गई, दोहरे दुख से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इसी क्रम में हाइवे के किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ, शव देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। हालांकि अभी पुष्टि नहीं हुई सुबह टहलने निकले लोगों की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी,मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने अज्ञात शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच पड़ताल में जुटी पुलिस इकदिल थाना क्षेत्र के परमानंद आश्रम के सामने हाइवे की घटना है।

# विद्युत व्यवस्था बदहाल, गुमराह करने पर विधायक ने जेई को फटकारा

**सीएम के आदेश का नहीं हो रहा पालन,बेलगाम अभियंताओं ने विधायक मनीषा अनुरागी को गुमराह करने का किया प्रयास**

**राठ,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**


राठ कार्यालय में विद्युत जेई से पूछतांछ करती विधायक मनीषा अनुरागी

लचर विद्युत व्यवस्था से नाराज विधायक मनीषा अनुरागी ने शुक्रवार को अभियंताओं को जमकर फटकारा। भीषण गर्मी में पर्याप्त विद्युत आपूर्ति न होने से लोगो की जीना हराम हो गया था। जानकारी के मुताबिक प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त आदेश है कि हर हाल में गांवों व कस्वों में पर्याप्त विद्युत आपूर्ति होनी चाहिये। मगर राठ कस्वे में विजली की कटौती से उपभोक्ता बेहद परेशान हो गया है। लिहाजा शुक्रवार को विधायक मनीषा अनुरागी ने विद्युत विभाग की अधिशाषी अभियंता राजकुमार राव, राठ प्रथम व द्वितीय फीडर के जेई विजय कुमार पांडे, नौरंगा व अमूंद फीडर के जेई अजय कुमार को अपने कार्यालय में बुलाकर उनसे एक माह में विद्युत व्यवस्था के बारे में पूछतांछ की। इस दौरान अधिकारियों द्वारा कागजों में विद्युत सप्लाई को गलत दिखाने व उसकी वास्तविकता कुछ और होने पर विधायक ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई। विधायक ने बताया कि विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण नगर की जनता को इस भीषण गर्मी में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। अगर इसी तरीके से अधिकारी जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा कर अपनी लचर प्रणाली से कार्य करते रहे तो आगामी समय में इसके दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं। विजली की आपूर्ति कम होने से तालाब गड्ढे नही भरे जा रहे है। जिससे पशु पक्षी इधर उधर भटक रहे है।

लोकसभा चुनाव में जनता के फैसले को लेकर जनप्रतिनिधि चौकन्ना नजर आ रहे है, लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगी। इस मौके पर राठ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरचंद्र अनुरागी, विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी, सरीला मंडल अध्यक्ष अरुण राजपूत आदि मौजूद रहे।



# हाईवे पर शव रखकर की कार्रवाई की मांग

**इटावा।** बकेवर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे के समीप स्थित उर्मिला गेस्ट हाउस में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या के मामले को लेकर शव का पोस्टमार्टम होने के बाद स्वजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुऐ शव को हाईवे की सर्विस रोड पर रखकर कार्यवाही की मांग की है। मृतक युवक के स्वजनं ने बताया कि योगेन्द्र राजपूत उर्फ लुक्के उम्र 19 वर्षीय काफी समय से मैरिज होम में कार्य करता था वहीं बुधवार को मैरिज होम संचालक से मृतक पैसे लेने गया था इसी बात को लेकर मारपीट कर उसकी हत्या कर दी थी। वहीं मृतक युवक के स्वजनों ने शव पोस्टमार्टम होने के बाद जैसे ही घर पहुंचा स्वजनों ने शव को उर्मिला मैरिज होम हाईवे की सर्विस रोड पर रखकर जाम लगा दिया। वहीं उक्त मामले की सूचना बकेवर थाना पुलिस को दी गयी मौके पर थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा, एसएसआई हेमंत सोंलकी, बिजौली चौकी प्रभारी आमिर खान, क्षेत्राधिकारी भरथना अतुल प्रधान भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक योगेन्द्र के स्वजनों को समझा बुझाकर शव का अंतिम संस्कार करने को लेकर स्वजनों को समझाने में लग गये।

**पहल** — ग्रामीण ज्ञानेश दीक्षित बोले तालाब पोखर गड्ढे भरकर पशु पक्षियों की बुझाई जा सकती है प्यास

# प्यास बुझाने के लिये दर-दर भटक रहे है बेजुबान पशु पक्षी

**सुमेरपुर,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

हाईवे किनारे स्थित बड़ी आबादी वाले ग्राम इगोहटा में कहने को तो 9 राजकीय नलकूप लगे हुए है फिर भी वहां के आधा दर्जन छोटे बड़े तालाबों में धूल उड़ रही है, जिससे पशु पक्षी ऐसी प्रचंड गर्मी में प्यास बुझाने के लिए दर दर भटकने को विवश है, जिम्मेदार लोगों को इस बड़ी समस्या से कोई लेना देना नहीं है। ग्रामीण ज्ञानेश दीक्षित ने बताया कि गांव में राजकीय नलकूपों द्वारा तालाब पोखर गड्ढे भरकर पशु पक्षियों की प्यास बुझाई जा सकती है। मगर इस दिशा में अभी तक कोई प्रयास ही नहीं किए गए है। उन्होंने बताया कि गांव के उत्तर और दक्षिण में कजरी और रीठा दो बड़े तालाब है, जबकि पूर्व में एक और पश्चिम दिशा में दो छोटे तालाब है।



छानी मार्ग में एक हमीरपुरी तालाब है। वर्तमान में सभी तालाब सूखे पड़े है महीनों से ठप पड़े हैं 9 राजकीय नलकूप उनके पानी नहीं है, राजकीय नलकूपों से उन्हे भरा जा सकता है किंतु जिम्मेदार लोगों द्वारा प्रयास ही नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि गांव के चार नलकूप 90,118,164, और 165 एचजी रीबोर की स्थिति में है, नलकूप 166 के सामान की चोरी हो चुकी है। 214 नंबर का नलकूप खराब है। नलकूप नंबर 130 एचजी 212 एचजी 213 एचजी सही होने के बाद भी बंद रहते हैं, इस कारण खेत खलिहान कहीं भी पानी नजर नहीं आता है, जिससे पशु पक्षी पानी के लिए बेहाल नजर आते हैं। गांव से छाई किलोमीटर हमीरपुरी तालाब में समाज सेवी मोहन लाल साहू द्वारा निजी नलकूप से पानी भरा जा रहा है तो उस क्षेत्र के पशु पक्षी अपनी प्यास बुझा लेते है, किंतु गांव के पूर्व उत्तर दक्षिण दिशा में पानी पीने के लिए बड़ी समस्या है।

ग्रामीणों ने नलकूप चालू कराकर तालाब भरे जाने की मांग की है। इसी तरह ग्राम बिदोखर के तालाब सूखे पड़े हैं, बिदोखर मेदनी का एक तालाब जिसने लबालब भरा था उसे खाली कराकर खुदाई की जा रही है महीनो बाद भी यह काम पूरा नहीं हो सका है, ग्रामीणों का कहना है कि बरसात हो गई तो लाखो रुपया व्यर्थ में चला जायेगा। शासनादेश का कोई पालन नही किया जा रहा है। क्षेत्रीय ग्रामीणों का कहना है कि पशु पक्षी पानी न मिलने से बीमार हो रहे जंगल में तड़प कर जान दे रहे है। मगर संवेदनशील अफसरों को कोई लेना देना नही है।

### जल स्तर नीचे जाने से नलकूपों ने दिया जबाव, मची त्राहि त्राहि

हमीरपुर। गर्मी के चलते राजकीय व प्रायवेट नलकूपों का जल स्तर बहुत नीचे चला गया है। जिससे ज्यादातर नलकूप जबाव दे रहे है। भूगर्भ जल विभाग के सहायक अभियंता विकास सिंह का कहना है कि गर्मी में रोजाना जल स्तर नीचे गिरता जा रहा है जिससे पानी की समस्या आती जा रही है,जिले में बाटर रिजार्जिंग का कही असर नही दिखायी पड़ रहा। सरकारी नलकूप ज्यादातर हंटिंग कर रहे है। जिससे गड्ढे पोखर नही भरे जा रहे है। जहां जहा पर लघु सिचाई विभाग ने चेकडैम व तालाबों का निर्माण कराया है वही पर जल स्तर नीचे चला गया है। क्योकि मानक के अनुरुप तालाब नही बनाये गये है।

# डीएम ने वर्चुअल मीटिंग में गौशालाओं को लेकर जिम्मेदारों के पेंच कसे

- गौशालाओं की बेहतरी में लापरवाही बरतने वाले होंगे दंडित
- नेपियर घास गौवंशों के लिये हरे चारे का बेहतर विकल्प

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी राजेश** कुमार पाण्डेय ने भीषण गर्मी को देखते हुये जनपद की समस्त गौशालाओं में बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में वर्चुअल बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि गौशालाओं में पानी, छाया, हरा चारा आदि की समुचित व्यवस्था निरंतर रहे। बेजुवान पशुओं के लिये नेपियर घास एक पोष्टिक चारा है जो उनके स्वास्थ्य के लिये लाभदायक साबित हो रहा हैं, हरे चारे की उपलब्धता के लिये नेपियर घास एक बेहतर विकल्प है। जनपद में गौशालाओं के लिये नेपियर घास का अधिक से अधिक उत्पादन करें जिससे गौवंशों के लिये हरे चारे की कमी न होने पाये। नेपियर घास का उत्पादन हरे चारे की निरन्तर उपलब्धता के लिये आत्मनिर्भरता विशेष रूप से पूरे वर्ष निराश्रित एवं आश्रित पशुओं के पोष्टिक आहार के रूप में बेहतर विकल्प है, यह एक पोष्टिक चारा है जोकि न केवल चारे की आवश्यकता को पूर्ण करेगा बल्कि गौवंशों को स्वस्थ रखने में मदद करेगा। उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारी व अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद की समस्त गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरा स्थापित किये गये है जिसकी निगरानी कन्ट्रोल रूम कलेक्ट्रेट में की जा रही हैं। गौशालाओं में इण्टरनेट कनेक्टविटी सुचारू रूप से रहे और गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे स्थापित रहे जिससे पूर्ण रूप से निगरानी की जा सके। उन्होंने जैम पोर्टल द्वारा भूसा टेण्डर की प्रक्रिया, गौआश्रय स्थलों पर भूसा/अन्य स्टॉक, भूसादान की विकास खण्डवार गहन समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि गौवंशों का शत प्रतिशत टीकाकरण कराया जाये और जो गौवंश बीमार है उनका समुचित उपचार किया जाये। उन्होंने कहा कि गौआश्रय स्थलों पर वर्षा से पूर्व जल भराव व कीचड़ की समस्या न होने पाये इसके लिये बेहतर प्रबन्ध किये जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकान्त द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी निर्मल कुमार आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



गौशालाओं को वर्चुअल मीटिंग करते जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय — समृद्धि न्यूज

# मृतक महिला किसान के परिजन को डीएम ने दी तीन लाख की आर्थिक सहायता

- महिला किसान की फसल मढ़ाई के दौरान थ्रेसर में फंसकर हुई थी मौत

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**बीते** माह फसल की मड़ाई करते समय एक महिला किसान थ्रेसर में फंस गई थी, जिसकी चपेट में आने से महिला किसान की मौत हो गई थी। महिला किसान की मौत का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों ने राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद को इसके बारे में जानकारी दी थी, जिसके बाद माननीय मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने मृतक महिला किसान के परिजनों को 3 लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव तथा सिटी मजिस्ट्रेट के साथ मिलकर अपने कार्यालय में रूरा अड्डू की रहने वाली मृतक महिला किसान राजेंद्र कुमारी के पुत्र देवेंद्र सिंह को 3 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी है, जिसमें डेढ़ लाख रुपए की चेक तथा डेढ़ लाख रुपए की 3 वर्षीय एफडीआर के रूप में दिया है। देवेंद्र सिंह द्वारा इस हेतु माननीय मुख्यमंत्री महोदय का आभार व्यक्त किया है। बता दें कि बीते माह 9 मई को जालौन के रूरा अड्डू की रहने वाली राजेंद्र कुमारी अपने खेत पर फसल की गुड़ाई कर रही थी, गुड़ाई करते समय महिला किसान थ्रेसर में फस गई थी, जिस कारण उसकी मृत्यु हो गई थी, इसका संज्ञान मंडी निदेशक राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद ने लिया, जिसमें कृषि कार्य करते समय दुर्घटना में मृत्यु होने पर मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता दिए जाने का प्रावधान है, इसी के तहत यह आर्थिक सहायता मृतक महिला किसान के पुत्र को उपलब्ध कराई गई है। जिलाधिकारी ने समस्त लंबित प्रकरणों को शीघ्रातिशीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये है। इस दौरान मंडी सचिव अरविंद यादव सिटी मजिस्ट्रेट, मंडी के सभापति अजीत जायसवाल तथा पटल प्रभारी मौजूद रहे।



मृतक महिला किसान के परिजन को चेक देते जिलाधिकारी

# बढ़ती लोकप्रियता के ओवर कॉन्फिडेंस ने भाजपा को दिखाया आईना

- पांच बार के सांसद की हार के लिए मान रहे लोग तीन कारणों को जिम्मेदार
- जमीनी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और नए कार्यकर्ताओं पर अतिभरोसा ले डूबा
- युवा नेताओं ने उपेक्षा के चलते चुनाव प्रचार से बनायी थी दूरी

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

2014 के लोकसभा चुनाव के बाद जिस तरह से देश और प्रदेश में मोदी की लहर ने काम किया उसको देखते हुए 2019 के चुनाव में भी प्रत्याशियों को इसका पूरा-पूरा लाभ मिला लेकिन इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में जिस तरह से प्रत्याशियों और उनके समर्थकों ने पार्टी की बढ़ती हुई लोकप्रियता के ओवर कॉन्फिडेंस में चिंतन मनन करना मुनासिब न समझा उसका परिणाम यह रहा की इस बार चुनाव में भाजपा को कहीं-कहीं खासा नुकसान भी उठाना पड़ा जालौन गरौठा भोगनीपुर संसदीय क्षेत्र की बात करें तो यहां पांच बार के विजई सांसद रहे भानु प्रताप वर्मा की हर को लेकर भी ऐसे ही कारणो को यहां के जिम्मेदार मान रहे हैं लोगों का तो साफ कहना है कि मतदान पूर्व पार्टी के जिम्मेदार लोगों ने यदि चिंतन मनन कर इन कमियों को दुरुस्त कर लिया होता तो हार का सामना न करना पड़ता फिलहाल जो भी हो लेकिन इतना साफहै कि इस बार के परिणाम यहां काफी निराशाजनक रहे और भाजपा को इस पर खासे चिंतन मनन की जरूरत है राजनीतिक जानकारियां रखने वाले आम मतदाताओं के बीच जब उनकी चुनाव को लेकर प्रतिक्रियाएं ली तो स्पष्ट यही हुआ कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्षस्थ नेताओं के प्रभाव को लेकर स्थानीय स्तर पर भाजपा से जुड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं में ऐसा माना जा रहा था कि इस बार भी शीर्षक नेताओं के प्रभाव और भाजपा की लहर पिछले चुनाव की तरह उन्हें इस बार भी सफलता ही दिलाएगा जिसका नतीजा यह रहा की चुनाव पूर्व ही भाजपा के स्थानीय नेताओं में ओवर कॉन्फिडेंस पैदा हो गया यहां तक की स्वयं उनके इस तरह के बयान भी देखने और सुनने को मिलने लगे की उनकी जीत तो सुनिश्चित है यही नहीं धरातल पर तो यह भी देखा गया कि इस ओवर कॉन्फिडेंस के चलते जिस रणनीति पर चुनाव लड़ा जाना था उसे रणनीति को भी जिम्मेदार लोगों ने अपनाना आवश्यक न समझा लोग यह भी मन कर चल रहे हैं कि जमीनी और पुराने कार्यकर्ताओं की ऊपेक्षा भी भाजपा की हार का एक महत्वपूर्ण कारण माना जा सकता है नए कार्यकर्ताओं पर अति भरोसा और पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी कुल मिलाकर भाजपा के लिए यहां निराशाजनक परिणाम लेकर आए एक अन्य वजह यह भी रही की पांच बार के सांसद रहे भानु प्रताप वर्मा को लेकर इस तरह की प्रतिक्रियाएं तेजी के साथ मिल रही थी कि उन्होंने विकास कार्यों के नाम पर जो शिथिलता दिखलाई और अनेकों बार अपनी सांसद निधि को लौटाया इस बात से भी क्षेत्र की जनता काफी आहत रही क्षेत्र की जनता बदलाव चाह रही थी और इस बात की भी लोगों में चर्चाएं व्याप्त थी कि इस बार भाजपा को प्रत्याशी बदलना जरूरी है पर ऐसा नहीं हुआ और जनता ने अपनी नाराजगी दिखलाई जिसका खामियाजा पराजय के रूप में देखना पड़ा।

# कुलपति व अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ सुल्तानपुर के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।विश्वविद्यालय की स्नातक सम सेमेस्टर की प्रथम पाली परीक्षा में कुलपति व कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र तथा परीक्षा नियंत्रक उमानाथ द्वारा सुल्तानपुर के केएनआईपीएस,गनपत सहाय पीजी कालेज व राना प्रताप महाविद्यालय के केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने परीक्षा कक्षों में जाकर परीक्षार्थियों के सीट प्लान व सीसीटीवी कैमरे के संचालन की गहन पड़ताल की।इसके अतिरिक्त कुलपति ने केन्द्राध्यक्ष से परीक्षा कक्ष में लगे शिक्षकों का ब्योरा देखा।निरीक्षण के दौरान कुलपति प्रो. गोयल ने शासन की मंशानुरूप नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए शिक्षकों से कक्ष निरीक्षक कार्य लेने का निर्देश प्रदान किया।उन्होंने केन्द्राध्यक्षों से कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिए कोई कोताही नही बरतनी है।पारदर्शीपूर्ण परीक्षा कराना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।दूसरी ओर सचलदल की तलाशी अभियान में तृतीय पाली में एक छात्र अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए धरा गया। इस परीक्षार्थी पर परीक्षा नियमानुसार कार्यवाही की गई। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ. विजेयन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि बीए,बीएससी,बीकॉम सम सेमेस्टर तीन पालियों की परीक्षा का सचलदल द्वारा विभिन्न केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

## खबरें एक नजर में

### पाक्सो एक्टः दोषी सतीश भुईया को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**सोनभद्र।** साढ़े चार पूर्व 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी सतीश भुईयां को 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं एक लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक विंढमगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने विंढमगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि करीब दो माह से उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ सतीश भुईयां पुत्र रामनाथ भुईयां निवासी धूमा, थाना विंढमगंज, जिला सोनभद्र द्वारा जबरन बलात्कार किया जा रहा था और बेटी को धमकी दिया कि किसी से भी बताओगी तो जान से मार देंगे। पीड़िता बेटी ने रोते हुए अपनी माँ से सारी घटना बताई। तब पत्नी ने उसे बताया। इस तहरीर पर 30 सितंबर 2019 को पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी सतीश भुईयां को 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं एक लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

### सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया से की अपील इटाई मैदा चीनी मील से उतरौला पावर हाउस तक केबलिंग अण्डरग्राउंड करवाने की अपील

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला विद्युत केबलिंग के लिए मोहम्मद असलम राईनी ने लोकसभा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया से मांग की है कि इटाई मैदा से उतरौला बिजली के तारों को अण्डरग्राउंड किए जाने की मांग किया है। आंधी ,पानी आने से कई घण्टो तक बिजली बाधित रहती है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने रांची में अण्डरग्राउण्ड केबलिग कोकर डिवीजन में 154.6 किलोमीटर ,न्यू कैपिटल में 88 किमी ,रांची ईस्ट डिविजन में 30 किलोमीटर ,रांची बेस्ट डिवीजन के तहत 70 किलोमीटर ,रांची सेंट्रल डिवीजन के तहत 154.5 किलोमीटर ,डिवीजन 610 किलोमीटर अण्डरग्राउण्ड केबलिग किये जाने का आदेश पारित किया है। जिस तरह से रांची के जनता ने अपने विधायक से मांग करके अपनी मांगों को पूरा करवाया है। इसी तरह हमारे लोग प्रिय सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया से अपील की है कि अपने क्षेत्र इटाई मैदा चीनी मील से उतरौला तक केबलिंग अण्डरग्राउण्ड करवाने को लेकर सांसद को लोकसभा में आवाज उठाकर बिल पास करवाना चाहिए। सांसद महोदय, लोकसभा गोंडा से जनता ने आपको लगातार दो बार सांसद बनाया है। और आप भारीमतों से विजई हुए हैं। उतरौला की जनता आप पर भरोसा व विश्वास करती है। कि हमारी मांगों को आप अवश्य पूरा करेंगे। इटाई मैदा चीनी मील से विद्युत पावर हाउस उतरौला तक केबलिंग अण्डरग्राउण्ड करवाये। क्यो कि आंधी, पानी, धार्मिक त्योवहारो, शोभा यात्रा ,दीपावली ,रक्षाबंधन ,रमजान ईद-उल-फितर ,मोहर्रम आदि त्योवहारों में विद्युत बाधित हो जाती है।

### प्रत्येक ग्राम पंचायत में किया जा रहा फूलों की खेती करने वाले किसानों का चयन

**उतरौला(बलरामपुर)** । देश में फूलों की बढ़ती मांग को देखते हुए उतरौला के किसानों को फूलों की खेती कराने की योजना बनाई है। इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में फूलों की खेती करने वाले किसानों का चयन किया जा रहा है। खण्ड विकास अधिकारी उतरौला संजय कुमार ने सभी ग्राम पंचायतों में किसानों का चयन करने के लिए सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों की बैठक विकास खण्ड उतरौला कार्यालय पर की। बैठक में एपीओ गुलाम रसूल ने योजना को मूर्त रूप देने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर फूलों की खेती करने वाले किसानों का चयन करे। उसके बाद चयनित किसानों की सूची विकास खण्ड उतरौला कार्यालय पर उपलब्ध करा दे। खण्ड विकास अधिकारी उतरौला ने बताया कि फूलों की मांग बढ़ती जा रही है। किसान फूलों की खेती करके उसे देश विदेश के मंदिरों में आपूर्ति कर सकते हैं।

# दुष्कर्म के दोषी शिक्षक को उम्रकैद

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

**साढ़े चार** पूर्व 12 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी शिक्षक संतोष कुमार जायसवाल को उम्रकैद एवं दो लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से एक लाख 60 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक बभनी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने बभनी थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 12 वर्षीय नाबालिग बेटी कक्षा 5 में पढ़ती है। 6 नवंबर 2019 को जब बेटी स्कूल पढ़ने गई थी तो शिक्षक संतोष कुमार जायसवाल पुत्र भगौती जायसवाल ने छुट्टी होने पर सभी बच्चे चले गए, लेकिन उसकी बेटी को शिक्षक ने रोक लिया और करीब तीन बजे उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और बेटी को घर पहुंचा कर चला गया। बेटी को किसी से ना बताने के लिए मना किया था। पीड़िता बेटी ने रोते हुए अपनी माँ से सारी घटना बताई। तब पत्नी ने उसे बताया। इस तहरीर पर 7 नवंबर 2019 को पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी शिक्षक संतोष कुमार जायसवाल को उम्रकैद एवं दो लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से एक लाख 60 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गये पांच अंतर्राज्यीय शातिर बदमाश

- गोली लगने से दो बदमाश हुये घायल
- 1 लाख 19 हजार 500 रुपये नकद,, आर्टिगा कार सहित जेवरात हुआ बरामद
- विभिन्न स्थानों पर आधा दर्जन चोरियों की घटना में शामिल होने की बात स्वीकारी

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**



**बीती रात्रि** मुखबिर की सूचना पर एसओजी, सर्विलांस व सदर कोतवाली की संयुक्त टीम ने आईटीआई के समीप चेकिंग दौरान अर्टिगा कार सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया जिस पर कार सवार बदमाशों ने भागने का प्रयास करते हुये पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जबाबी फायरिंग की जिसमें दो शातिर बदमाश घायल हो गये जबकि तीन अन्य भाग रहे बदमाशों को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस टीम ने बदमाशों के कब्जे से नकदी, जेवरात व तमंचा व जिंदा कारतूसों को बरामद किया। उक्त खुलासा करते हुये एएसपी असीम चौधरी ने पत्रकारों को बताया कि बीती रात्रि आईटीआई के पास संदेह के आधार पर एक आर्टिगा कार को रोकने का प्रयास किया लेकिन उसमें सवार बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग की जिस पर जबाबी फायरिंग में अनिल कंजड़ पुत्र रामविलास निवासी महुआ वाला डेरा थाना कुंभराज जनपद गुना मप्र व रामकृष्ण पुत्र बलकार निवासी फूटा तालाब भामावत थाना कुंभराज जनपद गुना मप्र पुलिस की गोली से घायल हो गये जबकि अन्य भाग रहे तीन बदमाशों में शौकत कंजड़ पुत्र तौफान, बृजेश बिजौरी पुत्र रामबाबू निवासीगण महुआ वाला डेरा, रामकृष्ण भार्गव पुत्र हेमराज भार्गव निवासी ग्राम वीरयायी थाना कुंभराज जनपद गुना मप्र को पकड़ लिया। पकड़े गये शातिर बदमाशों ने अनुज पटेल पुत्र महेंद्र पटेल निवासी बड़ागांव कोतवाली उरई, शारदा प्रसाद सोनी पुत्र सरजू प्रसाद सोनी बड़ागांव, अनुज पटेल पुत्र महेंद्र पटेल निवासी बड़ागांव, शारदा प्रसाद सोनी पुत्र सरजू प्रसाद सोनी निवासी बड़ागांव, सुनीता सेंगर पत्नी नरेंद्र सिंह सेंगर मोहल्ला परिहारपुरा व सर्वेश यादव पुत्र हरनाम सिंह निवासी ग्राम नुनायचा थाना माधौगढ़ के यहां हुई चोरी की घटनाओं में को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस टीम ने मौके से 4 तमंचे 315 बोर, तीन जिंदा कारतूस, एक आर्टिगा कार, 1 लाख 19 हजार 500 रुपये नकद, दो अंगूठी सोने की, 12 जोड़ी पायल, 28 जोड़ी बिछिया, 4 सिक्के, एक प्लेट, कटोरी, एक गिलाश, एक कमर पेटी व एक-एक गणेश की मूर्तियां चांदी की बरामद की।

# अवैध बालू के कारोबार से करोड़ों के सरकार के राजस्व का क्षति, शासन, प्रसाशन मौन

**कोन। समृद्धि न्यूज**



दुद्धी व ओबरा तहसील के अंतर्गत नदियों से आच्छादित खूबसूरत दुद्धी परिक्षेत्र अवैध बालू के कारोबार से मानो अपने अस्तित्व को लेकर आंसू बहा रहा है जीव जंतु पशु पक्षी जलचर त्राहि त्राहि कर रहे जैसे लौआ, ठेमा , सतबहनी, कनहर, पांगन , कनहर व कोन क्षेत्र के पंडा नदी, कनहर, सोन सहित व अन्य छोटे अन्य पहाड़ी नदियाँ आदि जिन क्षेत्रों से होकर गुजरती हैं वहा कई नदियों जैसे कि पंडा नदी की हालत देकर आंखों से आंसू निकल जायेंगे , आखिर आंख होकर भी आंख के अंधे बने संबंधित विभाग के आला अधिकारी व कर्मचारी कोई जवाब देने वाला जिम्मेदार व्यक्ति नहीं है , कि आखिर बिना लीज के नदियों का बालू गया कहा सूत्रों की माने तो अवैध बालू उत्खनन कर लाखों करोड़ों रुपए का कारोबार खनन माफिया सिंडिकेट प्रशासन के मिली भगत से मालामाल हो गए । लीज परमिट के नाम पर रातों-रात हजारों ट्रक अवैध बालू लेकर महानगरों की बड़ी-बड़ी मंडियों में सोने के भाव बालू बिक रहा। कार्रवाई के नाम पर कुछ ट्रक को पड़कर बाकी सब पाक साफ बता दिया जाता है । 10 वर्षों का अगर लेखा-जोखा जिम्मेदार अधिकारियों व खनन माफिया दलालों का अगर निकल जाए तो नोटों की गिनती करने वाली मशीन भी हाथ खड़ा कर दे। स्थानीय ग्रामवासी जिसका जल जंगल जमीन पर स्वामित्व है उसे मुट्ठी भर बालू नसीब नहीं। सरकार के जन कल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री आवास , शौचालय , पुलिया , नाली आदि के निर्माण में आम आदमी जहां एक ओर बालू के लिए त्राहि त्राहि कर रहा वहीं ट्रैक्टर से भी 4 से 5 हजार रुपए ट्रैक्टर बालू बेचकर आम आदमी को अतिरिक्त आर्थिक अधिभार बढ़ाया जा रहा । जबकि स्थानीय ग्रामवासियो नगरवासियों को सस्ते दर पर प्राथमिकता के आधार पर बालू उपलब्ध होना चाहिए । कनहर बांध का निर्माण हो जाने के बाद बालू की आवक पूर्ण रूप से बंद बांध से नीचे हो गया है । अब जब घनघोर वर्षा हो जाएगी तो नदियां ऊफान पर होगी परन्तु सामान्य निर्माण कार्य को अंजाम देने के लिए भी बालू सपना होने जा रहा । जनहित में पूर्ण रूप से प्रतिबंध क्षेत्र नदियों में बालू खनन बंद कर स्थानीय जनों को वैधानिक रूप से बालू की सुलभता ग्राम वासियों नगर वासियों को सरकार सस्ते दर पर प्रदान कराए ,वरना जनता के द्वारा जनता के लिए चुने गए जनप्रतिनिधि एवं सरकार के लिए प्रश्न चिन्ह खड़ा होना लाजमी है।

# अमृत 2.0 के अन्तर्गत किया गया चयनित तालाबों का निरीक्षण

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**



**शुक्रवार** को नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा अमृत 2.0 के अन्तर्गत चयनित गददौपुर,पलिया शाहबदी स्थित तालाबों का निरीक्षण किया गया।उल्लेखनीय है कि जल सरंक्षण के दृष्टिकोण से अमृत 2.0 योजनान्तर्गत नगर निगम सीमान्तर्गत चार तालाबों के जीर्णोद्धार हेतु चयनित किया गया है,जिसमें बनबीरपुर,गददौपुर, पालिया शाहबदी एवं कुशमाहा स्थित तालाब के जीर्णोद्धार किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है।वर्तमान में बनबीरपुर स्थित तालाब के जीर्णोद्धार की कार्यवाही की जायेगी।इसके अतिरिक्त अन्य तालाबों/सरोवरों के जीर्णोद्धार का कार्य शीघ्र निविदा आमन्त्रित करते हुए कराये जाने के निर्देश दिए गये। इस योजना में तालाब के सौन्दर्यीकरण के साथ साथ जनमानस के सुविधार्थ बैठने हेतु बेचेंज की व्यवस्था,टॉयलेट, वाकिंग पाथ आदि का निर्माण प्रस्तावित है।नगर आयुक्त श्री शर्मा ने बताया कि नगर सीमान्तर्गत स्थित तालाबों/सरोवरों को जल सरंक्षण एवं जनमानस के सुविधार्थ सार्वजनिक मनोरंजक स्थल के रूप में विकसित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।प्रथम चरण में चार तालाबों बनबीरपुर, गददौपुर,पालिया शाहबदी एवं कुशमाहा में स्थित तालाबों का चयन किया गया है।वर्तमान में बनबीरपुर तालाब के जीर्णोद्धार की कार्यवाही प्रगतिमान है।नगर निगम में जल सरंक्षण की दिशा में कार्य करने हेतु प्रतिबद्ध है।निगम में स्थित अन्य तालाबों को चयनित करते हुए जीर्णोद्धार की कार्यवाही की जायेगी।निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियन्ता राजवीर सिंह,अवर अभियन्ता अमित जायसवाल व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बनाने हेतु लोगों को करें जागरुक: डीएम

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

- समीक्षा बैठक में डीएम ने कहा कि जिन गौशालाओं में गोवंश की संख्या कम है, दूसरी गौशालाओं से गोवंशो को लाकर संरक्षित किया जाए
- डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में आयोजित हुई बैठक




**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में गौवंश भूसा क्रय, जले हुये गांव के भू-अभिलेख, रिकॉर्ड ऑपरेशन ग्राम (सर्वे), आयुष्मान कार्ड आदि योजनाओं के संबंध में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद के समस्त पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान गोल्डन कार्ड व पीवीसी कार्ड वितरण के साथ-साथ आभा आईडी (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) बनाने हेतु जनमानस को जागरुक करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि आभा आईडी से इलाज के लिए हर जगह रिपोर्ट्स या पर्चियां ले जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। इसमे आपका ब्लड ग्रुप, बीमारी या समस्या, दवाई और डॉक्टर से सम्बधित सभी जानकारी मौजूद होगी। आप अपने सभी मेडिकल रिकॉड जैसे लैब रिपोर्ट, नुस्खे और डायग्नोसिस दिखा सकेगे। आनलाइन इलाज, टेलीमेडिसिन, निजी डॉक्टर, ई-फार्मेसी और पर्सनल हेल्थ रिकार्ड जैसी सुविधाएं मिल जाएगी। इस कार्ड से बीमा कंपनियों को जोडा गया है, जिससे आपको बीमा का भी फायदा मिलेगा। मेडिकल रिकॉर्ड को अस्पताल, क्लीनिक और इश्योरेंस कम्पनी के साथ आसानी से साझा कर पाएंगे। आभा कार्ड से ही आपका आयुष्मान भारत कार्ड भी जुड़ना है, जिससे आपको भारत सरकार के द्वारा स्वास्थ से जुड़ी हुई योजनाओं का लाभ इसी कार्ड द्वारा प्राप्त होगा। जिलाधिकारी ने गौवंश की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में 149 अ0गौ0आ0स्थ0 में 7199 संरक्षित गोवंश, 03 वृहद गौसंरक्षण केंद्र में 768 संरक्षित गोवंश, 01 काजी हाउस में 14 संरक्षित गोवंश एवं नगरी क्षेत्र में 06 अ0गौ0आ0स्थ0 में 307 संरक्षित गोवंश, 02 कान्हा उपवन में 775 संरक्षित गोवंश और 04 पंजीकृत गौशाला में 430 संरक्षित गोवंश, 01अपंजीकृत गौशाला में 54 संरक्षित गोवंश हैं। कुल 163 गौशालाओं में 9547 संरक्षित गोवंश हैं। उन्होंने कहा कि तापमान बढ़ गया है आगे आने वाले समय में और बढ़ने की संभावना है, को दृष्टिगत रखते हुए सभी गौशालाओं में पेयजल और छाया की व्यवस्था पूर्ण रूप से होना चाहिए। प्रत्येक खंड विकास अधिकारी एवं पशु चिकित्साधिकारी संयुक्त रूप से अपने विकास के अंतर्गत गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण प्रतिदिन करें तथा जो भी कमियां पाई जाए उनके समुचित निदान हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं करना सुनिश्चित करें। समस्त खंड विकास अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक गौवंश आश्रय स्थल में आवश्यकतानुसार पेयजल और छाया आदि की व्यवस्था है कि नहीं, यदि नही है तो सेड का लगाकर छाया की समुचित व्यवस्था की जाए। कहा कि जिन गौशालाओं में गोवंश की संख्या कम है, दूसरी गौशालाओं से गोवंशो को लाकर संरक्षित किया जाए। कहा कि बारिश का मौसम आने वाला है समस्त गोवंश आश्रय स्थलों के चारों तरफ छायादार वृक्षों का रोपण कराना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भूसा क्रय किए जाने का लक्ष्य 129816 कुंतल है। लक्ष्य के सापेक्ष लगभग पूर्ति मात्रा 45196 कुंतल है, अवशेष लक्ष्य की मात्रा 84620 कुंतल है। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए की अभी भूसा क्रय करने का समय सही है, समय रहते भूसा क्रय कर लिया जाए। भूसा स्टॉक पूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नैपियर घास की बुवाई जुलाई माह में की जाती है। नैपियर घास की रोपाई अधिक से अधिक की जाए। जिससे लंबे समय तक हरे चारे की उपलब्धता बनी रहे। एक्शन प्लान बनाकर कार्य करें। सभी चरागाहों में नैपियर घास की रोपाई की जाए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री स्मृति मिश्रा, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीसीएनआरएलएम, डीसी मनरेगा, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### गांवों के सर्वेक्षण व अभिलेख प्रक्रिया के सर्वे का कार्य तीव्र गति के साथ किया जाये: डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** कलेक्ट्रेट के गाँधी सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने जले हुए ग्रामों की समीक्षा की। उन्होंने 35 जले हुए ग्रामों के अंर्तगत अकबरपुर, उस्मानपुर, सरदामई, बरुआ सबलपुर, हाथिन, गढ़ियापाह, हरबल्लभपुर ग्रामों में वर्तमान में अभिलेख बनाए जाने के कार्य की जानकारी लेते हुए कहा कि फील्ड में जाकर कार्य करें और चको का मौके के अनुसार भू चित्र पर चक निर्माण कार्य तीव्र गति के साथ करे। उन्होंने निर्देश दिए कि पूर्व में जिन गांवों में खतौनी का कार्य पूर्ण किया जा चुका है वैसे ही शेष गांवो में खातों की खतौनी तस्दीक के कार्य को समय से पूर्ण किया जाए और जिस ग्राम के अभिलेख तैयार करने में जो कार्य शेष बचा है उसे भी शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होने कहा कि किसी कार्य को लंबा नहीं खींचना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि रिकॉर्ड ऑपरेशन ग्राम सर्वे के अंतर्गत गाँवो के सर्वेक्षण एवं अभिलेख प्रक्रिया के सर्वे का कार्य तीव्र गति के साथ किया जाये, लोग कई वर्षो से परेशान हैं, उनकी परेशानी को दूर करें और अपने-अपने कार्यो को जिम्मेदारी के साथ करें। उन्होने कहा कि कि सन 1995 से 86 गांवों का सर्वे होना था जिसमे 55 गांवों का सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है। 31 गांव शेष हैं जिसमे गदनपुर बड्डू, तारपुर नौकास्त, जलालपुर अमरा आदि ग्राम में रिकॉर्ड तैयार किया गया और चांदापुर कछवाहा में पैमाइश का कार्य किया जा रहा है।

## खबरें चलते-चलते

### आमने-सामने बाइकों की भिड़त, दो युवकों की मौत

**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र के बलनापुर गांव के सामने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के लिंक रोड पर शुक्रवार की दोपहर दो बाइकें आमने-सामने भिड़ गई। इन बाइकों पर सवार दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का उपचार मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। ठठिया पुलिस ने दोनो शवों को मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया है। ठठिया थाना क्षेत्र के सरहटी गांव निवासी शीलू (22) पुत्र विश्राम सिंह अपने गांव निवासी मित्र शिव सिंह (23) पुत्र सकटे के साथ बाइक पर सवार होकर ठठिया जा रहे थे। उनकी बाइक जब एक्सप्रेस-वे के लिंक रोड पर बलनापुर गांव के सामने पहुंची, तो सामने से आ रही एक बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। हादसा होते ही आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। हादसे में शीलू व दूसरी बाइक पर सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि शिव सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची ठठिया पुलिस ने घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। दोनो शवों को मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया है। ठठिया थानाध्यक्ष किशन पाल सिंह ने बताया कि दूसरे मृतक की शिनाख्त की जा रही है। शिनाख्त होने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। दोनो दुर्घटनाग्रस्त बाइकों को ठठिया थाने में खड़ा करा दिया गया है। किसी भी पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### युवती को प्रेमजाल में फंसाकर युवक ले भागा

**जालौन (उरई)।** युवती को प्रेमजाल में फंसाकर युवक बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पिता ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 18 वर्षीय बेटी घर में ही रहती थी। उसे उरई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रहाइया निवासी ऋषभ खान ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। बीती तीन जून को उनकी बेटी घर से बाहर निकली थी। तभी वह लापता हो गई थी। जब उन्होंने बेटी की तलाश की और पूंछतांछ की तो पता चला कि उपरोक्त युवक तीन जून को मोहल्ले में आया था और वह बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। जानकारी मिलने के बाद उन्होंने दोनों को ढूंढने की काफी कोशिश की लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। पिता ने पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है। वहीं, पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अस्पताल से बाइक चुरा ले गये चोर

**जालौन (उरई)।** बाइक लेकर अस्पताल में इलाज कराने आए व्यक्ति की बाइक अज्ञात बाइक चोरों ने उड़ाई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिरिया खुर्द निवासी लाखन सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी तबियत खराब होने के चलते वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने के लिए आए थे। सीएचसी के बाहर बाइक खड़ी कर वह अंदर डॉक्टर को दिखाने के लिए चले गए। डॉक्टर को दिखाकर जब वह वापस लौटे तो उनकी बाइक गायब थी। काफी तलाश करने के बाद और पूछतांछ करने के बाद भी बाइक का कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

### जुगाड़ गाड़ी से टक्कर मार हरिजन एक्ट लगाए जाने की दी धमकी

**कोंच (जालौन)।** कोतवाली के मुहल्ला गांधी नगर निवासी अमित राठौर पुत्र ओम प्रकाश ने कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि घटना दिनांक 5 जून 2024 रात्रि 9.45 बजे की है जब मैं चन्दकुआँ चौराहे पर अपने दोस्तों के साथ खड़ा था तभी पुष्पेंद्र पुत्र अज्ञात गन्ना रस मशीन गाड़ी (जुगाड़)लेकर आया और मेरे व मेरे मित्रों को टक्कर मार दी जिससे हम।लोग जमीन पर गिर गए जब मैने उक्त से शिकायत की तो वह गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए वोला कि मै हरजन व्यक्ति हूँ तुम्हे फर्जी केस में फंसाकर जेल भिजवा दूंगा अमित ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## हिन्दू समाज पर आपत्तिजनक पोस्ट से उमड़ा आक्रोश

- भाजपाईयों ने की एनएसए की कार्रवाई किये जानें की मांग

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज


कोतवाली में कार्रवाई की मांग करते भाजपाई समृद्धि न्यूज

**सोशल** मीडिया अकाउन्ट पर दो समुदाय विशेष के युवकों द्वारा हिन्दू व वैश्य समाज के विरुद्ध की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से समाज के लोगों के बीच आक्रोश से व्याप्त हो गया। भाजपा क्षेत्रीय मंत्री व ओबीसी मोर्चा महामंत्री के नेतृत्व में सैकडों लोगों नें कोतवाली का घेराव कर आरोपियों पर एनएसए की कार्यवाही किये जाने की मांग की है। इससे पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नें दो युवकों के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

शुक्रवार को स्थानीय कोतवाली में पहुंचे भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, भाजपा ओबीसी मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री विनय वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल, व्यापारी नेता शिवमराज वर्मा, विहिप नेता नीरज मिश्रा, हरिओम गुप्ता, सभासद धर्मेन्द्र गुप्ता उर्फ बडे, सुगम दुवे, ऑचल गुप्ता, मनोज जोशी नें सैकडों लोगों के साथ कोतवाली पहुंचकर कस्वा प्रभारी की कार्यशैली पर रोष व्यक्त करनें के उपरान्त समाज में फैले आक्रोश से अवगत कराते हुये प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा से दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनएसए की कार्रवाई किये जानें की मांग की है। जिसपर प्रभारी निरीक्षक द्वारा आरोपियों के विरुद्ध विधि संगत कार्यवाही किये जानें का भरोसा दिलाया गया। उधर भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेन्द कौशल द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि विगत 04 जून को सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम फैसल शेख व जुनैद 9544 की आईडी द्वारा समाज विशेष व वैश्य समाज पर सर तन से जुदा करने की पोस्ट डालने पर समाज के लोगों में रोष व्याप्त हो गया। भाजपा नगर अध्यक्ष की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर एक युवक को हिरासत में लेकर छापामार कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## अज्ञात चोरों द्वारा स्कूल में लगे कंप्यूटर हुआ इनवर्टर बैट्री की चोरी



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

निगम मंडी के पास जीटी रोड पर स्थित शिव नारायण इंटर कॉलेज में अज्ञात चोरों द्वारा प्रिंटर कंप्यूटर इनवर्टर बैट्री खिड़की तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया प्रधानाचार्य जब आज सुबह स्कूल पहुंचे तब उन्होंने देखा कि उक्त सामान नहीं है घटना की सूचना कोतवाली में दी गई समाचार लिखे जाने तक अभियोग दर्ज नहीं हो सका।

## मिट्टी खोदने गई किशोरी टीले में दबी, मौत

- मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान किशोरी ने तोड़ा दम
- किशोरी की मौत का समाचार सुनकर परिजनों में मचा कोहराम

तिर्वा। समृद्धि न्यूज


फाइल फोटो मृतक किशोरी काजल

कोतवाली क्षेत्र के भुलभुलियापुर गांव शुक्रवार की सुबह मिट्टी खोदने गई एक किशोरी टीला धस जाने से उसमें दब गई थी। टीला धसने की खबर सुनकर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने किसी प्रकार से मिट्टी को हटाकर किशोरी को बाहर निकाला। गंभीर हालत में उसको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। किशोरी की मौत का समाचार सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया।

भुलभुलियापुर गांव के निवासी सिपाहीलाल की 17 वर्षीय पुत्री काजल अपने घर की फर्स को ठीक करने के लिए गांव के बाहर टीले से पीली मिट्टी खोदने गई थी। उसके साथ गांव की कई अन्य बालिकाएं भी गई थी। मिट्टी खोदने के दौरान अचानक से टीला धंस गया। टीला धंस जाने के कारण काजल मिट्टी में दब गई। इसपर मौजूद बालिकाओं ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोरगुल सुनकर आसपास के दर्जनों ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने किसी प्रकार से मिट्टी में धंसी किशोरी को बाहर निकाला। गंभीर हालत में उसको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के दौरान किशोरी ने दम तोड़ दिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इसपर परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

## कोतवाली पुलिस ने नगर में किया रूट मार्च

- माहौल खराब करनें बालों पर होगी कार्रवाई: जेपी शर्मा

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज


रुटमार्च करती कोतवाली पुलिस समृद्धि न्यूज

**नगर में** हिन्दू व वैश्य समाज पर की गई आपत्तिजनक ठिप्पणी के चलते जनाक्रोश के कारण प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा नें भारी पुलिस बल के साथ नगर के प्रमुख मार्गो पर पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर नागरिकों से शांति व सदभावना कायम रखने की अपील की। इस दौरान उन्होंनें कहा कि अराजकता फैलानें बालों पर कडी कार्यवाही की जायेगी।

शुक्रवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश ने भारी पुलिस बल के साथ नगर के जीटी रोड, रेलवे रोड, तिर्वा रोड सहित प्रमुख मार्गो पर पैदल भ्रमण कर जनता को सुरक्षा का एहसास कराया। इस दौरान अराजक तत्वों में हड़कंप मच गया। पैदल भ्रमण के दौरान प्रभारी कोतवाल ने कहा कि नगर की शांति व्यवस्था को कायम रखे। साथ ही अपनें आस पास हो रहे अपराधों एवं अपराधियों की सूचना देकर पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान उनके साथ समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह, मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनय शर्मा, सरायप्रयाग चौकी प्रभारी राहल पाल, अनौगी चौकी प्रभारी आशीष कुमार सिंह व कोस्टेवल विनीत चौधरी, गगन चौधरी, विनय कुमार, यसवंत, प्रियंका रानी, राखी सहित तमाम पुलिस बल मौजूद रहा।

## सड़क नाला निर्माण के लिए चेयरमैन को लिखित ज्ञापन सौंपा पा गया



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**गुदर गडा** तालाब का सुंदरीकरण से पूर्व नगर पालिका द्वारा वहां के निवासियों के लिए सड़क व नाला का निर्माण कराया जा रहा था। गुदर गडा तालाब का सुंदरीकरण से पूर्व नगर पालिका द्वारा वहां के निवासियों के लिए सड़क व नाला का निर्माण कराया जा रहा था नगर पालिका के जेई द्वारा नाप में सड़क व नाला नहीं रखा गया निवासियों द्वारा सभासद के नेतृत्व में अध्यक्ष मनोज दुबे को लिखित प्रार्थना पत्र देकर सड़क हुआ नाला के निर्माण की मांग की गई ज्ञापन देते समय नगमा काशी एम इमरान सुषमा सहित सभी निवासी मौजूद रहे।

## आम जनमानस को सरल यातायात प्रदान कराने में सहयोग करेंगे एनसीसी कैडेट्स

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**जिले की** ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारे जाने के लिए पुलिस कर्मियों के साथ अब एनसीसी कैडेट्स भी जल्द सड़कों पर नजर आएंगे। ट्रैफिक पुलिस के साथ यातायात की कमान संभालने के साथ एनसीसी कैडेट्स लोगों को विशेषकर वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करेंगे। गौरतलब है कि शहर में वाहनों की संख्या बढ़ गई है। जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। इसके लिए एनसीसी कैडेट्स वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेंगे।

यातायात प्रभारी ने बताया कि सड़क हादसों को रोकने के लिए जिले की ट्रैफिक पुलिस लगातार लोगों को जागरूक कर रही है। आने वाले दिनों में शहर के अलग-अलग चौराहों पर एनसीसी कैडेट्स कुछ समय के लिए यातायात को सुधारने में सहयोग करेंगे। शनिवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशानुसार क्षेत्राधिकारी यातायात डा. प्रियंका वाजपेई के नेतृत्व में यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने शहर के मोहल्ला ग्वाल मैदान स्थित केके इंटर कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी दी। यातायात प्रभारी ने एनसीसी कैडेटों को जागरुक करते हुए बताया कि ड्राइवर कैसे संकेत देते हैं। यातायात की शाब्दिक परिभाषा क्या है? दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय क्या हैं। इन सब महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। यातायात प्रभारी द्वारा बताया गया कि घायलों की मदद के लिए 108 व 102 तथा 112 आपात नंबर को डायल करना चाहिए जिससे घायलों को तुरंत इलाज मिल सके।।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़



# जल जीवन मिशन की खराब स्थिति पर डीएम खफा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जनपद में** जल जीवन मिशन की हालत बेहद खस्ता होने से जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। इसके साथ ही उन्होंने व्यवस्था दुरस्त ना होने पर शासन को अवगत कराने की चेतावनी दी।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह ने की। उन्होंने पुराने और नये पानी के नलों के संयोजनों की संख्या पूछी तथा सूची तलब की। डीपीआरओ से पुराने संयोजनों के विषय में जानकारी मांगी। डीपीआरओ ने बताया कि 95 योजना व 15 हजार संयोजन है। जिसका सत्यापन डीपीआरओ से कराने के लिए कहा। उन्होंने पूर्ण व अपूर्ण योजनाओ की मासिक व साप्ताहिक रिपोर्ट शनिवार को तलब की है। उन्होंने कहा की संयोजन हेतु छोड़े गये मार्ग 15 दिनों तक पूर्ववत हो जाएं, नहीं तो कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा की दोनों कम्पनियों की कार्यदशा बहुत खराब है सुधार ना होनें पर कम्पनियों को ब्लैक लिस्ट किया जायेगा। सुबह और शाम दो घंटे पानी आपूर्ति की व्यवस्था है। इसके साथ ही कमालगंज में दो योजनाओ की जाँच नगर मजिस्ट्रेट व एसडीएम करेंगे। कागजों पर 85 प्रतिशत आपूर्ति हो रही है। जिससे जिलाधिकारी सहमत नहीं दिखे। उन्होंने योजनाओं की प्रगति को संदिग्ध बताया। उन्होंने कहा कि जो जल संयोजन घर के अंदर नहीं गया है उसे दीवार पर लगायें। टोटी की गुणवत्ता पर उन्हें बताया गया कि टोटी लोहे की लगायी जा रही है। संयोजन में पाइप की लम्बाई 5 मीटर प्रस्तावित है। दस कम्पनियां नामित है जो टोटी की गुणवत्ता निर्धारित करती हैं। 714 गांवों के सापेक्ष लक्ष्य केवल 12-15 गांवों तक ही हुआ है।



बैठक लेते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# 1600 सौ से 1700 रुपये कुंटल बिका आलू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सातनपुर** आलू मंडी में आज आलू का भाव 1600 सौ से 1700 सौ रुपये कुन्टल रहा। वहीं छट्टा आलू 1825 रुपये कुंटल के हिसाब से बिका।

आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने बताया कि आलू की आवक इस समय कम हो रही है। अधिकांश आलू कोल्ड स्टोरेज में पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि आज आलू 1600 सौ से 1700 रुपये कुंटल तक बिका। वहीं छट्टा आलू 1825 रुपये कुंटल बिका। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का अच्छा दाम मिल रहा है। बीते वर्ष हुए घाटे को किसान इस वर्ष पूरा कर लेंगे। वहीं देखा जाये, तो बाजार में फुटकर आलू 20 से 22 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। लोगों का कहना है कि इस बार आलू महंगा हो गया।



मंडी में बिक रहा आलू — समृद्धि न्यूज

# जनसमर्थ पोर्टल की समीक्षा बैठक में संतुष्ट नहीं दिखे जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जनसमर्थ पोर्टल** के माध्यम से डिजिटल के.सी.सी. की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में किया गया।

जिलाधिकारी ने मार्च माह की प्रगति के बारे में पूछा, तो बताया गया कि अद्यतन डाटा संबंधित कंपनी द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है। पुराना डाटा ही उपलब्ध है। 544118 किसान हैं, बकेट में किसान पाठशाला शुरु हो रही है। इसके माध्यम से बैंकर लोन के विषय में जानकारी दी जायेगी। बीडीओ भी प्रचार प्रसार करेंगे। सभी कार्यक्रमों का डॉक्यूमेंटेशन भी किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि एक बुकलेट बनाकर उसमें बतायें कि कितने कृषकों को लाभ दिया गया है व कुल कितनी धनराशि का लाभ दिया गया है। जिस पर बताया गया कि गेहूं की प्रति हेक्टेयर रुपया 71720 लागत है। अगले वर्ष इसमें 10 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी होगी। पार्टल पर बढ़ोत्तरी का प्रावधान नहीं है। अतः इस विषय की जानकारी शासन को दी जाये। ताकि समस्या का निदान हो सके। यदि किसी कृषक के पास भिन्न जनपद व भिन्न प्रदेशों में भूमि है, तो आंशिक ही आधार से लिंक है, तो क्या कृषक के नाम पर समस्त भूमि रिकार्ड में दिखायी देगी। इस पर जिलाधिकारी को संतोषजनक उत्तर प्राप्त न हो सका। एक ऋण प्राप्त करने के उपरान्त व चुकता होने के बाद ही पुनः लोन प्राप्त हो सकेंगे। बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।




बैठक लेते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद/शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** नाबालिग लड़की ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलते ही मृतका की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गयी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नगला सेठ निवासी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की ने संदिग्ध परिस्थितियों में बरामदे में पड़ी टीन के भीम में दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका पांच बहनें है। जिसमें दो की शादी हो चुकी है। मृतका की मां दो बेटियों को लेकर आगरा दवा लेने गयी थी। मृतका के घर पर उसके बाबा ही थे, जबकि पिता की पहले ही मौत हो चुकी है, तभी यह घटना घट गयी। जब घटना की जानकारी मृतक को दी गयी, तो वह वापस लौट आयी। फिलहाल घटना की जानकारी थाना पुलिस को नहीं दी गयी। मृतका के शव का ढाईघाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं घटना के संबंध में में ने बताया गया कि घर पर भी कोई वाद विवाद नहीं था, फिर पता नहीं क्यों पुत्री ने फांसी लगाकर जान दे दी।

## युवक को सांप ने व महिला को जहरीले कीड़े ने काटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** युवक को जहरीले सांप ने डंस लिया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव अर्जुन नगला निवासी अनिल (25) को जहरीले सांप ने काट लिया। गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लाये। वहीं कम्पिल क्षेत्र के गांव त्योर खास निवासी श्रीदेवी (30) पत्नी प्रदीप को किसी जहरीले कीड़ ने काट लिया। गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लाये।

# खबरें चलते-चलते

## ट्रैक्टर की टक्कर में टेंपो चालक की मौत





**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** अनियंत्रित ट्रैक्टर ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे टेंपो चालक गम्भीर रुप से घायल हो गया। 108 एंबूलेंस से घायल को सीएचसी ले जाया गया। जहां डाक्टर मोहित यादव ने टेंपो चालक सुमित को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुबह करीब 9.3 बजे कोतवाली क्षेत्र के वनपोई निवासी अरविंद राजपूत का 23 वर्षीय पुत्र सुमित मोहम्मदाबाद से ऑटो लेकर अपने घर वनपोई लौट रहा था। इटावा बरेली हाईवे पर फर्रुखाबाद की तरफसे आ रहे हैं अनियंत्रित ट्रैक्टर ने टेंपो में मारुति पंप के सामने टक्कर मार दी। जिससे टेंपो चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना की सूचना 112 पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबूलेंस को सूचना देकर मौके पर बुलाया। जिससे घायल को सीएचसी भिजवाया गया। जहां डाक्टर मोहित यादव ने टेंपो चालक सुमित को मृत घोषित कर दिया। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। मृतक की 2 वर्ष पहले गोरिया थाना जलालाबाद से शादी हुई थी। उसकी चार माह की बेटी कुंती है। पत्नी गौरवी, माता अनिल कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल। मौके पर कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार भाटी पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। एसआई चमन सिंह ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## विकलांग महिला को परेशान कर रहा मनचला युवक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज कस्बा के अंतर्गत मदर इंडिया वाली गली में रहने वाली विकलांग महिला ममता देवी पुराना गनीपुर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता है। महिला के पति अरविंद कुमार की काफी समय पूर्व मौत हो चुकी है। महिला के दो बच्चे हैं जिसमें एक लड़की एवं एक लड़का है। महिला ने बताया कि उसे विशाल कुमार उर्फ पिंटू पुत्र रामवीर सिंह निवासी बवना तिराहा कई सालों से परेशान कर रहा है। वह कई बार जेल भी जा चुका है। जिससे महिला बहुत परेशान है। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## सरकारी हैंडपंप पर दबंगों का कब्जा, किया मकान के अंदर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम नगला छेदा निवासी चंद्रपाल पुत्र कामता प्रसाद ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया कि सरकारी हैंडपंप सड़क के किनारे लगा हुआ था। जिसके चारों ओर तमाम लोग रहते हैं। जिसमें गांव के नितिन कुमार, अतुल कुमार पुत्र रामनिवास एवं ब्रजकिशोर पुत्र राम रतन ने सरकारी हैंडपंप को अपने मकान के घेरे में ले लिया है। जिससे मोहल्लेवासियों को पानी की काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने थाना पुलिस से सरकारी हैंड पंप को बाहर करवाये जाने की गुहार लगायी है।

# दबंगों ने घर में घुसकर पीटा, मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सपा प्रत्याशी को जबरिया हरवाने तथा क्षेत्रीय विधायक व मुख्यमंत्री के लिए अपशब्द कहने का विरोध करने पर दबंगों ने घर में घुसकर पीड़ित, उसके दिव्यांग पुत्र व परिजनों के साथ मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित राजेश दुबे पुत्र श्री चंद्रप्रकाश दुबे निवासी शास्त्रीनगर थाना व कस्बा मोहम्मदाबाद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि पीड़ित का पुत्र राहुल जो कि एक हाथ से विकलांग है। 5 जून को गांव के ही हरिओम सैनी पुत्र सियाराम व विकास उर्फ विक्की पुत्र हरिओम, विपिन व शानू पुत्रगण महेशचंद्र सैनी, विनोद पुत्र दिनेशचंद्र सैनी ने कहा कि सपा को जबरिया हरवा दिया और क्षेत्रीय विधायक व मुख्यमंत्री के लिए अपशब्द कहे। जब पुत्र ने ऐसे शब्द कहने का विरोध किया, तो उपरोक्त लोग अभद्रता करने लगे। जिस पर मोहल्ले के लोगों ने बात शान्त करवा दी। यह लोग बाद में धमकी देकर चले गये। 6 जून को शाम करीब 9.30 बजे पीड़ित अपने दरवाजे पर बैठा था, तभी गांव ही मुन्नू सिंह पुत्र जगत सिंह, अवधेश पुत्र गया सिंह, अभय व गुड्डन पुत्रगण प्रहलाद सिंह, विशाल पुत्र ओमपाल यादव पुत्र शिवनंदन यादव अपने 10-12 अज्ञात साथियों के साथ नाजायज असलहे लेकर आये और गाली-गलौज करने लगे। जिसका पीड़ित ने विरोध किया, जिस पर उपरोक्त सभी लोग मारने को दौड़े। उपरोक्त लोग भी घर के अंदर घुस और पीड़ित तथा परिजनों व महिलाओं के साथ मारपीट कर अभद्रता की। उपरोक्त लोग जानमाल की धमकी देते हुए असलहे लहराते हुए फरार हो गये।

# पांच की जगह दस एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाने का काम शुरु

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**नगरवासियों को** निर्बाध रुप से बिजली न मिलने व आये दिन ट्रांसफार्मर की खराब के चलते विभाग ने 5 एमवीए की जगह 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाने का काम शुरु कर दिया है। अब नगरवासियों को सुचारु रुप से बिजली मिले सकेगी।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद के मोहल्ला अलेपुर में रखा ट्रांसफार्मर अचानक तकनीक कमी के चलते खराब हो गया। जिसके चलते कस्बे की बिजली गुल हो गयी। जिसकी शिकायत मोहल्ले के अरुण कुमार के नेतृत्व में सुखवासी, सीमा देवी, हरिश्चंद्र, उषा देवी, रंजीत कुमार सहित दर्जन भर लोगों ने सहायक अधिशासी अधिकारी से की। नगरवासियों ने कहा कि भीषण गर्मी में अधिक लोड के चलते 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर ठीक प्रकार से कार्य नहीं कर पा रहा था। जिससे नगरवासियों को सुचारु रुप से बिजली नहीं मिल पा रही थी। नगरवासियों की शिकायत पर एसडीओ के निर्देश पर 5 एमवीए के ट्रांसफार्मर को हटाकर 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य शुरु कर दिया। आज पूरे दिन ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य चलता रहा। शाम तक बिजली सप्लाई शुरु होने की सम्भावना जतायी जा रही है। फिलहाल भीषण गर्मी में व्याकुल नगरवासियों को बिजली आने का बेसब्री से इंतजार है।




ट्रांसफार्मर लगाने का चल रहा काम — समृद्धि न्यूज

# सीवर व गंदे नाले के पानी से की जा रही वॉटर कूलर की बोरिंग



बोरिंग के दौरान गंदे नाले से जा रहा पानी — समृद्धि न्यूज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**भीषण गर्मी** में लोगों की प्यास बुझाने के लिए नगर पंचायत द्वारा जगह-जगह वॉटर कूलर लगवाये जा रहे हैं। जिसकी बोरिंग के लिए सीवर व गंदे नाले के पानी प्रयोग में लाया जा रहा है। जब लोगों की नजर पड़ी, तो उन्होंने विरोध किया, लेकिन ठेकेदार ने लोगों की एक नहीं सुनी।

जानकारी के अनुसार भीषण गर्मी में राहगीरों व दुकानदारों आदि की प्यास बुझाने के लिए नगर पंचायत द्वारा मैन चौराहे पर वॉटर कूलर लगाया जा रहा है। जिसकी बोरिंग के लिए ठेकेदार पानी के टैंकर न मंगाकर सीवर व गंदे नाले के पानी का प्रयोग कर रहा है। जब लोगों की इस पर नजर पड़ी, तो उन्होंने ठेकेदार से इसका विरोध जताया, लेकिन ठेकेदार ने लोगों की एक भी नहीं सुनी। लोगों का कहना था कि ऐसे वॉटर कूलर का पानी कौन पियेगा। कई लोग तो नगर पंचायत के ईओ व कर्मचारियों को कोसते नजर आये।

# स्वच्छता अभियान की पोल खोल रहे झाड़ियों से घिरे शौचालय







अव्यवस्थायें के शिकार सुलभ शौचालय — समृद्धि न्यूज

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**लाखों की** लागत से तैयार किये गये सुलभ शौचालय सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। यहां पर करीब दो से तीन फिट लंबी घास खड़ी है। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि इनका ताला वर्षों से नहीं खोला गया है।

जानकारी के अनुसार विकास खंड क्षेत्र के ग्राम कलुआपुरसानी में ग्रामीणों की सुविधा के लिए सरकार के स्वच्छता मिशन के अंतर्गत वर्ष 2020-21 में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। उस वक्त ग्राम प्रधान संगीता दिवाकर थी और सचिव धर्मेंद्र कुमार थे। लाखों रुपए की कीमत से तैयार किये गये सुलभ शौचालय सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। यहां पर काफी झाड़ियां खड़ी हुई हैं। जिससे यहां पर ग्रामीण शौच आदि करने नहीं आते हैं और न ही कोई सफाईकर्मी अथवा केयरटेकर दिखायी दिया। ग्रामीणों का कहना है कि शौचालय में वर्षों से ताला पड़ा हुआ है। यहां पर न तो पानी आदि की भी कोई व्यवस्था है। उपरोक्त शौचालय बनने के बाद अधीनस्थों ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। जिससे महिलाओं व पुरुषों को खुले में शौच जाना पड़ रहा है। इसी तरह क्षेत्र के ग्राम ललौर राजपूताना में भी स्थित सुलभ शौचालय का आलम देखा जा रहा है। इसका निर्माण पूर्व में रहे सचिव जुबेर तथा ग्राम प्रधान विनोद कुमार के समय सार्वजनिक शौचालय का निर्माण हुआ था। यह शौचालय आज भी अनदेखी का शिकार बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है अव्यवस्थाओं के शिकार सार्वजनिक शौचालय के आसपास गंदगी का साम्राज्य देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने बंद सार्वजनिक शौचालय को दुरुस्त करवाकर चालू कराये जाने की मांग जिलाधिकारी से की है।

# नरेन्द्र मोदी को संसदीय दल का नेता चुने जाने पर भाजपाइयों ने छुड़ाई आतिशबाजी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



पार्टी कार्यालय के बाहर आतिशबाजी छुड़ाते भाजपा नेता

**लोकसभा** के हुए आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी एवं उसके सहयोगी दलों एनडीए को मिले स्पष्ट जनादेश से देश में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन रही है। दिल्ली में हुई संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुना गया। इसके उपलक्ष्य में शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उत्सव मनाया। कार्यकर्ताओं ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए आतिशबाजी छुड़ाई और मिठाई वितरण किया। जिलाध्यक्ष ने बताया देश में भाजपा एवं उनके सहयोगी दल एनडीए को स्पष्ट जनादेश मिला है। जनपद से भी मुकेश राजपूत तीसरी बात सांसद बने हैं। विपक्ष के द्वारा इस चुनाव में सुनियोजित तरीके से देश की जनता को भ्रमित करने के बावजूद भी जनता ने एनडीए को बहुमत दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल में जन कल्याण के कार्यों पर जनता ने अपनी मोहर लगाई है। दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुना गया। जिस कारण कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 जून को पद व गोपनीयता की शपथ लेंगे। अगले आने वाले 5 वर्ष जन कल्याण के लिए समर्पित रहेंगे। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अभी से तैयारी के साथ जुटेगा। विपक्षी पार्टियों के द्वारा जनता के बीच फैलाए गए भ्रामक प्रचार का भी जवाब दिया जाएगा। इस अवसर पर कुलदीप गंगवार, डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत, भास्कर दत्त द्विवेदी, ठाकुर वीरेंद्र सिंह राठौड़, हिमांशु गुप्ता, फतेहचंद वर्मा, डीएस राठौर, ममता सक्सेना, गोपाल राठौड़, अमरदीप दीक्षित, कृष्ण मुरारी राजपूत, राजकुमार वर्मा, विकास पांडे, रामवीर चौहान, विश्वास गुप्ता, अश्लील दिवाकर, अभिषेक बाथम आदि लोग मौजूद रहे।

# लोक अदालत को व्यापक बनाने के लिए स्वयं सेवकों को किया गया निर्देशित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



स्वयंसेवकों की बैठक लेते अपर जिला जज — समृद्धि न्यूज

**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक स्वयं सेवकों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। विधिक सेवा समिति सदर, कायमगंज, अमृतपुर से विधिक स्वयं सेवकों ने समीक्षा बैठक में भाग लिया। जनपद न्यायाधीश के एडीआर भवन में अध्यक्षता सचिव न्यायिक अधिकारी संजय कुमार सिंह ने की। उन्होंने विधिक स्वयं सेवकों से अपील की कि विधिक सेवा कार्यक्रमों को गति प्रदान करने के लिए जन-जन तक विधिक सेवा को पहुंचाये। पराविधिक स्वयं सेवकों के आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई को अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने एवं लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से मामलों को निस्तारित कराने के लिए प्रेरित करते हुए निर्देशित किया। सचिव लोक अदालत के माध्यम से जन उपयोगी सेवा से संबंधित मामलों के निस्तारण के संबंध में जन-जन तक प्रचार-प्रसार करने हेतु लोगों को निर्देशित किया।

## खबरें एक नजर में

### गर्भवती महिलायें अपनी सेहत का रखे ख्याल: डा0 निधि मिश्रा

▸ धूप में निकलने से पहले पानी व तरल पदार्थ आदि का करें सेवन



डा0 निधि मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर की चिकित्सक व समाजसेवी निधि मिश्रा ने गर्मी को देखते हुए गर्भवती महिलाओं को तरल पदार्थ सेवन करने व धूप से बचने की सलाह दी। उन्होंने अपने प्रतिष्ठान पर समृद्धि न्यूज को बताया कि गर्मी व लू से बचने के लिए गर्भवती महिलायें अपनी सेहत का ख्याल रखे। गर्मी से बचाव के लिए बच्चों को कम से कम जिनकी उम्र 1 वर्ष से 5 वर्ष है उन्हे 8 गिलास पानी का सेवन प्रतिदिन कराना चाहिए। बाहर का खाना या तेल युक्त भोजन नहीं करना चाहिए। धूप में निकलने से पहले नीबू का घोल बनाकर पीकर ही निकला चाहिए। लू का प्रभाव मां एवं गर्भवती महिलाओं पर कम पड़ेगा। हल्के सूते वस्त्रों का प्रयोग करने से धूप के कारण चर्म रोग नहीं होगा। उन्होंने बताया कि 6 महीने के कम के बच्चों को केवल मां का दूध ही पिलाना चाहिए। तथा मां को अधिक पानी का सेवन करना चाहिए। इससे बच्चों को डायरिया से बचाया जा सकता है। गर्भवती महिलाओं को मौसम के अनुसार फल जैसे तरबूज, खरबूजा, खीरा आदि का सेवन करना चाहिए और धूप में निकलने से बचे। जरुरत पड़ने पर ही निकले। इससे मां व बच्चे दोनों के सेहत पर असर नहीं पड़ेगा।

### अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राशन वितरण आज से

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारको को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत माह जून के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न चयनित जनपदों में अवशेष मक्का, ज्वार व कोदो का निःशुल्क वितरण तथा अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अप्रैल, मई एवं जून के सापेक्ष चीनी का वितरण माह जून 08.06.2024 से 25.06.2024 के मध्य वितरण के साथ-साथ प्रत्येक राशन कार्ड में मुखिया/सदस्यों के आधार ई-केवाईसी का कार्य उचित दर विक्रेताओ द्वारा किया जायेगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को उचित दर दुकानों के स्टॉक में ज्वार एवं मक्का का अवशेष उपलब्ध है। इस स्थिति में मोटे अनाज का वितरण (कुल 35 किलोग्राम प्रति खाद्यान्न प्रति कार्ड) माह मार्च 2024 में निर्धारित स्केल के अनुसार उपलब्धतानुसार निःशुल्क वितरण कराया जायेगा तथा मोटे अनाज (ज्वार मक्का एवं कोदो) के अवशेष स्टाक समाप्त होने के बाद प्रति कार्ड अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किलोग्राम खाद्यान्न (14 किलो गेहूं एवं 21 किलो चावल) प्रति कार्ड निःशुल्क वितरण किया जायेगा। पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को उचित दर दुकानों के स्टॉक में ज्वार एवं मक्का का अवशेष उपलब्ध है। इस स्थिति में मोटे अनाज का वितरण (कुल 5 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति यूनिट) माह मार्च 2024 में निर्धारित स्केल के अनुसार उपलब्धतानुसार निःशुल्क वितरण कराया जायेगा तथा मोटे अनाज (ज्वार मक्का एवं कोदो) के अवशेष स्टाक समाप्त होने के बाद प्रति कार्ड पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 05 किलोग्राम खाद्यान्न (02 किलो गेहूं एवं 03 किलो चावल) प्रति कार्ड निःशुल्क वितरण किया जायेगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अप्रैल, मई व जून 03 किलोग्राम चीनी प्रति कार्ड रुपया 18 प्रति किलोग्राम की दर से रुपया 54/-में वितरण किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। यह जानकारी जिलापूर्ति अधिकारी सुरेंद्र यादव ने दी है।

### मार्ग दुर्घटना में चार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में जनपद शाहजहांपुर के थाना कलान के गांव चैनी गढ़िया निवासी ओमेन्द्र (22), जनपद एटा के थाना अलीगंज के मोहल्ला असद नगर निवासी विकास (32), क्षेत्र के गांव मदारपुर निवासी श्याम सिंह (42) व जनपद बदायूं के थाना हजरतपुर के गांव बझेरा निवासी अतुल कुमार (25) घायल हो गए। सभी घायलों को आसपास के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद ओमेन्द्र को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### दो बोरी गेहूं चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम अठरुइया निवासी सतीश चंद्र पुत्र मंगेलाल ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया दिनांक 6 जून की रात्रि में पड़ोस का ही विपिन कुमार पुत्र राम नरायण ने मेरे घर से गेहूं की दो बोरी चुरा ली थी। पीड़ित जब सुबह उठा, तो देखा मेरे घर से दो बोरी गेहूं चोरी हो गए। गेहूं की बोरी फटी होने के कारण गेहूं रास्ते भर फैलते गए, तो पीड़ित उसी आधार पर पीछे-पीछे चला गया और देखा कि विपिन कुमार के घर में गेहूं फैला हुआ था। उसी आधार पर घर के अंदर तक चला गया। वहां पर देखा मेरा चोरी गया गेहूं दो बोरी रखा है। पीड़ित ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। मौके पर डायल 112 पुलिस ने पहुंचकर विपिन कुमार को पकड़कर थाना पुलिस को सौंप दिया।

# संस्कार भारती कार्यशाला में छात्राओं को पारांगत कर रही है स्नेहा श्रीवास्तव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**संस्कार भारती** की कार्यशाला में बच्चों को बड़े ही मनोभाव से कथक में पारांगत कर स्नेहा श्रीवास्तव प्रशिक्षण दिया। बच्चों को तीन ताल सलामी पैरों के चक्कर, गुरु वंदना एवं भारतीय कत्थक सिखाया।

स्नेहा श्रीवास्तव ने बताया उत्तर भारत में कत्थक नृत्य भारती परंपराओं में वैदिक रचनाओं की कथानक के आधार पर ईश्वर वंदना आराधना के साथ भावनृत्य के माध्यम से भक्ति करती है। परंपरागत समय पर परिवर्तन आया। मुगल काल में दरबारी नृत्य बना, आधुनिक काल में आधुनिक हुआ। संस्कार भारती द्वारा हम अपनी



छात्राओं को कत्थक सिखाती स्नेहा श्रीवास्तव — समृद्धि न्यूज

परंपराओं को जीवित रखने के लिए ईश्वर की भक्ति में कला की साधना के माध्यम से कत्थक नृत्य को युवा पीढ़ी को जागृत कर रही है। कथक नृत्य शैली को वैदिक कलाओं पर आधारित मुगल शैली और आधुनिक शैली में बच्चों को प्रशिक्षण में शास्त्री नृत्य के अंतर्गत भावनृत्य में प्रणाम, ईश्वर वंदना, तीन ताल सलामी, गुरु वंदना, पैरों की गति में चक्कर, सिद्धांत बता रही हूं। संस्कार भारती की आभारी हूं। जिसमें मुझे सेवा का अवसर दिया। बच्चे अपनी-अपनी रुचि के अनुसार बड़े चाव से सीख रहे हैं। यह भारत के भविष्य हैं जो नया भारत भारतीय संस्कृति में बनाएंगे। कार्यशाला की व्यवस्था प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पाण्डेय, डॉ0 नवनीत गुप्ता, डा0 सर्वेश श्रीवास्तव, कुलभूषण श्रीवास्तव, अरविंद दीक्षित, नरेंद्र मिश्रा, रामेंद्र कमठान आदि ने देखी।

# केल्विन प्लाईवुड के अधिकारियों ने अरविन्द प्रताप के प्रतिष्ठान पर पहुंचकर लोगों को दी जानकारियां

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**दिल्ली टिंबर** एंड प्लाइवुड संस्थान के मालिक अरविन्द प्रताप के प्रतिष्ठान पर कम्पनी के लोगों ने पहुंचकर स्थानीय लोगों को संस्था के प्रोडेक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि अन्य प्लाइयों की तुलना में हमारी काफी सस्ती और टिकाऊ है।

कस्बा नवाबगंज स्थित चौराहे से मंझना रोड स्थित दिल्ली टिंबर के संस्थान के मालिक अरविंद प्रताप के प्रतिष्ठान पर कंपनी के लोगों ने पहुंचकर स्थानीय लोगों ने कम्पनी के केल्विन प्लाईवुड की जानकारी दी। सेल्स ऑफिसर कुलदीप तिवारी, सीनियर ऑफिसर तथा सहायक सेल्स ऑफिसर कुलदीप शर्मा अलीगढ़ से



प्रतिष्ठान पर मौजूद क्षेत्रीय लोग

नवाबगंज पहुंचे और उन्होंने नवाबगंज में लोगों को अपनी कम्पनी के प्रोडेक्ट की जानकारियां दी। इस मौके पर कंपनी के अधिकारियों के के अलावा संस्थान के मालिक अरविंद प्रताप, गिरीश चंद्र शर्मा, गुड्डु शर्मा, भोला शर्मा, मोहन शर्मा, राजू शर्मा, अनिल शर्मा, सुशील शर्मा, अनिल शर्मा, संजीव कुमार, मुकेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# उड़ीसा की पुलिस ने छापा मारकर किशोरी को किया बरामद

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**रिश्तेदार ने** उड़ीसा राज्य से किशोरी को लाकर एक एजेन्ट को 50 हजार रुपये में बेच दिया। वहीं उड़ीसा की पुलिस ने यहां छापा मारकर किशोरी को बरामद कर लिया, जबकि एजेंट हाथ नहीं लगा। जानकारी के अनुसार उड़ीसा राज्य के जिला मयरूगंज थाना बड़ासी क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी को 8 अप्रैल को उसका रिश्तेदार अपने साथ बहला फुसलाकर यहां बुला लाया। जिस पर परिजनों ने 9 अप्रैल को किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया। सर्विलांस के जरिये पुलिस ने किशोरी की खोजबीन शुरु की, तो लोकेशन यहां की मिली। जिस पर वहां के थाना बड़ासी के दरोगा अरुण कुमार व सत्य नारायण कालो, सिपाही संतोष कुमार, महिला होमगार्ड एस बडोरी ने स्थानीय पुलिस की मदद से मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चुनूपुर गढ़िया में छापा मारा। जहां पता चला कि किशोरी थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव सितवनपुर पिथू में है। पुलिस ने दविश देकर किशोरी को बरामद कर लिया, जबकि युवक मौके से भाग गया।

# परमात्मा का निज और मुख्य नाम ओम है: चन्द्रदेव शास्त्री

▸ तीन दिवसीय आर्य समाज का वार्षिकोत्सव का हुआ शुभारम्भ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज




भजन प्रस्तुत करती किरण शास्त्री — समृद्धि न्यूज

**गंगा** पार क्षेत्र के ग्राम कमालुद्दीनपुर ने आर्य समाज सीढे चकरपुर के 102वें वार्षिकोत्सव का शुभारंभ हुआ। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रवक्ता आचार्य संदीप आर्य ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजन में आर्यजगत के विद्वान और उपदेशक जनमानस के बीच वैदिक धर्म का प्रचार प्रसार करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि राजेपुर के ब्लाक प्रमुख पल्लव सोमवंशी व किसान यूनियन के नेता अजय कटियार आदि ने ध्वजारोहण किया। प्रातःकाल यज्ञ आचार्य शिवपाल आर्य ने संपन्न कराया। सभी ग्रामवासियों ने आहुतियां प्रदान कर परमात्मा से सुख संवृद्धि की कामना की। आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने ईश्वर पूजा के वैदिक स्वरूप का बोध कराया। उन्होंने कहा परमात्मा निज और मुख्य नाम ओ:म है, बांकी सब उसके गुणवाचक नाम हैं। परमात्मा हमारी माता और पिता दोनों हैं। हम सब उसकी संतान हैं, वह सबका भला ही चाहता है। वह न्यायकारी है तथा प्रत्येक प्राणी के उचित अनुचित कार्य का यथावत फल प्रदान करता है। किरण शास्त्री ने मधुर भजनों के माध्यम से मातृशक्ति को ईश्वर से जोड़ा। उनके गीत श्रो थोड़ा सा भाग्यहीन है, जिसके घर संतान नहीं वो पूरा बदकिस्मत समझो, याद जिसे भगवान नहीं पर श्रोता भावविभोर हो गए। कार्यक्रम में स्वामी श्यामानंद, सुरेन्द्र सिंह आर्य, राजवीर आर्य, दिनेश सिंह, सर्वेश सिंह, राजकुमार आर्य, योगेंद्र सिंह, अजीत आर्य आदि उपस्थित रहे।

# बरसात आने वाली है, लालगेट का नाला कूड़े से पटा

▸ नगर पालिका की लापरवाही, अभी तक नहीं शुरु हुई नाले की सफाई

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**नाली व** नालों की सफाई के लिए नगर पालिका हर साल लाखों रुपये खर्च करती है। उसके बावजूद भी शहर का प्रमुख नाला जो लालगेट से शुरु होकर लिंजीगंज, कछियाना, महाकाल मंदिर होते हुए अंगूरी बाग निकलता है उसकी हालत जूं की त्यूं बनी है। बरसात आने वाली है। नालों व नालियों की सफाई की गति धीमी होने के कारण बरसात होते ही गलियों व मकानों में पानी भर जाता है। नगर



कूड़े से पटा हुआ लालगेट पर बना नाला — समृद्धि न्यूज

पालिका की लापरवाही के चलते हर वर्ष नालों व नालियों की सफाई का रोना बना रहता है। समय रहते प्रमुख नाला अगर साफ नहीं कराया जाता तो बरसात के दिनों में यह नाला उफना जाता है और लोगों के घरों में बदबूदार गंदा पानी घुस जाता है। इसकी चपेट में तलैया फजल इमाम, गंगानगर, कछियाना व अंगूरीबाग सहित कई मोहल्ले आ जाते है। बीते दो वर्ष पूर्व इस नाले की सफाई के लिए कानपुर से मशीन मंगवाई गयी थी। जिसका खर्चा लाखों में आया था। तत्कालीन ईओ रविन्द्र कुमार के प्रयास से इस नाले की सफाई हुई थी। उसके बाद लालगेट के मुख्य नाले की सफाई नहीं हुई है। दिखावा के लिए कुछ जगह नाले से कूड़ा निकाल लिया जाता है। बांकी जगहों पर नाले में गंदगी का अम्बार है। ऐसा ही नजारा लालगेट स्थित प्रमुख नाले में बना हुआ है।

### चोरों ने एक और मोटर साइकिल चोरी को दिया अंजाम

**कोंच(जालौन)।** सुशासन का दावा करने वाली सरकार को हवा जनता ने सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में निकालकर रख दी है क्योंकि नगर व क्षेत्र में आये दिन मोटर साइकिल चोरी व टप्पेवजी की घटनाएं लगातार हो रही है जिन्हें रोकने में पुलिस नाकारा साबित हो रही है इसी कड़ी में अज्ञात चोरों द्वारा 6-7 जून 2024 की रात्रि 2 बजकर 12 मिनट पर नदीगांव रोड बजाज फिनसर्व ऑफिस की पास स्थित दिशा लायवरेरी के संचालक दीपक कुमार पुत्र कुंअर पाल निवासी ग्राम खक्कल की मोटर साइकिल सुजुकी बिक्सर यू पी 78 ई ई 6980 खड़ी थी तभी अज्ञात चोरों ने मोटर साइकिल पर हाँथ साफ कर दिया जिसकी घटना बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड है उक्त के सम्बंध में दीपक कुमार ने दिन शुक्रवार को कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देते हुए रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है जिस पर पुलिस मामले का संज्ञान लेते हुए जांच में जुट गई है।

**सूचना**

मैंने अपने छोटे पुत्र विवेक व पुत्रवधू रुबी के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उन दोनों द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा।

**वीरपाल पुत्र रक्षपाल निवासी निवासी ग्रा0 मानिकपुर पो0 जैतपुर, थाना मऊदरवाजा, जनपद फर्रुखाबाद।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत पैथान खुर्द बुजुर्ग वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0**

पत्रांकः ग्रा0पं0/मनरेगा/पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 — दिनांक 07/06/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा/15वां वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पैथान खुर्द बुजुर्ग द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 08/06/2024 से 14/06/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 14/06/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाता की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | देवेन्द्र के घर से नाला तक नाला निर्माण कार्य | 137798 | 2755 | 500 |

**नियम व शर्ते–** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**(प्रदीप कुमार)** प्रधान, पैथान खुर्द बुजुर्ग, नवाबगंज — **(बृजनन्दन लाल)** सचिव, पैथान खुर्द बुजुर्ग, नवाबगंज

**कार्यालय ग्रा0पं0 सियापुर वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ 2024-25 — दिनांक 07/06/2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सियापुर विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 08/06/2024 से 14/06/2024 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 14/06/2024 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 08/06/2024 से 14/06/2024 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | भैरवनाथ के मंदिर से चबूतरे तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त/15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.65 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | राम बरन के घर से ब्रह्मानंद के घर तक नाला मरम्मत व पटिया निर्माण कार्य | राज्य वित्त/15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.86 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (विजय कुमार)** — **सचिव (करन सिंह )**

**ग्राम पंचायत सियापुर, विकास खण्ड कमालगंज, फर्रुखाबाद।**

समारोह

## मिस फेयरवेल हीरा व मिस्टर फेयरवेल प्रवल प्रताप सिंह को चुना गया

# साई मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी में डी. फार्मा बैच (2022) के छात्र-छात्राओं को दी गई भावभीनी विदाई

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जनपद कन्नौज** के छिबरामऊ स्थित साई मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी में डी0 फार्मा द्वितीय वर्ष (बैच 2022) के छात्रों का विदाई समारोह डी0 फार्मा प्रथम वर्ष (बैच 2023) के छात्रों द्वारा आयोजित किया गया। डी0 फार्मा प्रथम वर्ष के छात्र छात्राओं ने विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किये और कहा गया कि आपकी सोच को आवाज हम देंगे, आपके ख्वाब को आगाज हम देंगे, आपके जाने पर इतना भरोसा दिलाते है, आपके इरादों को परवाज हम देंगे।

छिबरामऊ में डा0 जितेन्द्र सिंह यादव व डा0 अनीता रंजन द्वारा संचालित साई मीर कॉलेज आफ फार्मेसी में डी0 फार्मा द्वितीय वर्ष (बैच 2022) के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। डा0 जितेन्द्र सिंह यादव व डा0 अनीता रंजन ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज के प्राचार्य डा0 अर्पित कटियार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि यह विदाई दिवस विद्यार्थियों में एक समारोह के साथ-साथ नई जिम्मेदारी का एहसास कराने वाला भी होना चाहिए। इस



कार्यक्रम में मिस फेयरवेल हीरा व मिस्टर फेयरवेल प्रवल प्रताप सिंह

दौरान मिस फेयरवेल हीरा एवं मिस्टर फेयरवेल प्रवल प्रताप सिंह को चुना गया। हीरा व प्रवल प्रताप सिंह ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। एक साथ काम करने में बहुत मजा आया, मुझे यह अवसर देने के लिए धन्यवाद। मेरे आखिरी दिन को इतना यादगार बनाने के लिए धन्यवाद। यहां शामिल होने के पहले दिन से ही मेरा समर्थन करने के लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगा। इस अवसर पर डी0 फार्मा द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने कॉलेज में बिताये अपने पुराने स्वर्णिम दिनों को याद किया। डी0 फार्मा प्रथम वर्ष (बैच 2023) के छात्रों ने एक दूसरे को शुभकामनायें दी। छात्र-छात्राओं ने अपने कौशल से सभी अतिथिगणों को मोहित कर दिया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी शशिभूषण सिंह, साई मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डा0 अर्पित कटियार, साई मीर डिग्री कालेज के प्राचार्य मनोज दुबे, कॉलेज आफ फार्मेसी से रश्मी सिंह, खुशबू वर्मा, उमान्श नारायण अवस्थी, अरुण कुमार, रोली साहू, शर्मिला मौर्या, सिमरन आर्या, देवेन्द्र कुमार, शिवाकांत, राहुल, सौरभ सिंह, शालिनी श्रीवास्तव, दीपक प्रजापति, पारुल त्रिपाठी, काजल त्रिपाठी, रजत शाक्य, विकास पाल, रेहान अंसारी आदि मौजूद रहे।

# नीट परीक्षा में धांधली की व्यापक जांच करें सरकार : खड़गे

एजेंसी, नई दिल्ली।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा का पेपर लीक हुआ है और परीक्षा परिणाम में जबरदस्त धांधली हुई है जिससे असंख्य बच्चों का भविष्य दांव पर लग गया है इसलिए इस मामले की जांच कराई जानी चाहिए।

श्री खडगे ने कहा कि पेपर लीक, धांधली और भ्रष्टाचार नीट समेत कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गई हैं। इसकी सीधी जिम्मेदारी मोदी सरकार की है। अभ्यार्थियों के लिए भर्ती परीक्षाओं में भाग लेना, फिर अनेकों अनियमितताओं से जूझना, पेपर लीक के चक्रव्यूह में फँसना, उनके भविष्य से खिलवाड़ है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश के युवाओं को ठगा है। हमारी मांग है कि सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में एक उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए जिससे नीट व अन्य परीक्षाओं में भाग लेने वाले हमारे प्रतिभाशाली छात्र- छात्राओं को न्याय मिले। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि पहले नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ और अब छात्रों का आरोप है कि इसके रिजल्ट में भी स्कैम हुआ है। एक ही सेंटर के 6 छात्रों को 720 में से 720 अंक मिलने पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं और कई तरह की अनियमितताओं की बातें सामने आ रही हैं। दूसरी ओर रिजल्ट आने के बाद देश भर में कई बच्चों के आत्महत्या करने की खबरें हैं। यह बहुत दुखद और झकझोरने वाला है।उन्होंने कहा कि सरकार लाखों छात्रों की आवाज को अनसुना क्यों कर रही है। छात्र- छात्राओं को नीट परीक्षा के परिणाम में धांधली से जुड़े वाजिब सवालों के जवाब चाहिए। क्या सरकार की जिम्मेदारी नहीं बनती कि वो जांच कराकर इन वाजिब शिकायतों का निस्तारण करे।



- सरकार लाखों छात्रों की आवाज को अनसुना क्यों कर रही
- छात्र- छात्राओं को नीट परीक्षा के परिणाम में धांधली से जुड़े वाजिब सवालों के जवाब चाहिए

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में लाखों परीक्षार्थियों के साथ घोटाला पूरी तरह अस्वीकार्य और अक्षम्य है। देश के लाखों अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ यह सीधा खिलवाड़ है जिसकी उच्चतम न्यायालय की देखरेख में उच्च स्तरीय जांच तुरंत होनी चाहिए। इस साल पहले इसमें पेपरलीक होने का समाचार आया जिसे दबा दिया गया। अब मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के कई परीक्षार्थियों ने छात्रों के अंक बढ़ाए जाने के आरोप लगाए हैं। छात्रों का कहना है कि इस बार रिकॉर्ड 67 परीक्षार्थियों ने टॉप रैंक हासिल की और इनमें से छह अभ्यर्थी तो एक ही परीक्षा केंद्र से बताए जा रहे हैं। सवाल है कि आखिर छात्रों के साथ धोखा कैसे हुआ, किसने किया और क्यों परीक्षा परिणाम जान बूझकर 4 जून को चुनाव नतीजों के शोर में घोषित किया गया, जबकि इसे 14 जून को घोषित होना था।

## सुप्रीम कोर्ट की जांच में गड़बड़ी मिलने पर दोबारा हो नीट परीक्षा : कांग्रेस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मेडिकल में प्रवेश के लिए आयोजित नीट परीक्षा में पेपर लीक को अत्यंत गंभीर मुद्दा बताते हुए उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश से मामले की जांच कराने की मांग की और कहा कि जांच में गड़बड़ी मिलती है तो नीट परीक्षा को दोबारा कराया जाना चाहिए। युवा कांग्रेस के प्रभारी कन्हैया कुमार तथा कांग्रेस से जुड़े छात्र संगठन एनएसयूआई के अध्यक्ष वरुण चौधरी ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पेपर लीक गंभीर समस्या बन गई है और इस पर कड़ी कार्रवाई करने की आवश्यकता है क्योंकि पेपर लीक माफिया छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीट की परीक्षा में फिर से धांधली हुई है। देश में ऐसी कोई परीक्षा नहीं है जिसमें धांधली न हो। छात्रों ने सोशल मीडिया पर लिखना शुरू कर दिया है- एक बार फिर, लीकेज सरकार। चुनाव से पहले नरेंद्र मोदी परीक्षा पर चर्चा करते हैं, लेकिन चुनाव के बाद पेपर लीक और धांधली पर कोई बात नहीं होती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यही हालत रही तो आने वाले दिनों में यूपीएससी की परीक्षा भी ठीक से नहीं हो पाएगी। आज देश के किसी भी स्टूडेंट सेंटर में आत्महत्या की घटनाएं समस्या बन चुकी हैं। सरकार को कदम उठाना चाहिए। सिर्फ बयानबाजी से काम नहीं चलेगा, क्योंकि ये देश के भविष्य का सवाल है। नीट और किसी भी अन्य परीक्षा में हुईं धांधली के लिए हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में इसकी एक उच्च स्तरीय जांच हो।

# भारत की तीव्र आर्थिक वृद्धि से विदेश गए स्टार्टअप देश का रुख कर रहे : बर्थवाल





एजेंसी, नई दिल्ली।

वाणिज्य विभाग के सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा है कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर उल्लेखनीय रूप से ऊंची बने रहने से पहले विदेश जाने वाले स्टार्टअप उद्यमी वापस भारत का रुख कर रहे हैं।

श्री बर्थवाल ने भारत-प्रशांत क्षेत्र आर्थिक समृद्धि समझौता (आईपीईएफ) के तत्वावधान में स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक मंच की बैठक के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अन्य उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में लगभग दोगुनी है और यह विचारणीय विषय है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री बर्थवाल ने बैठक में कहा कि देश की मजबूत विकास के कारण ही अब भारत के लिए सकारात्मक उल्टे प्रवाह की परिस्थितियां तैयार हो रही हैं। जो भारतीय स्टार्ट-अप कभी पूंजी पहुंच और कर लाभों के लिए विदेशों का रूख कर गए थे, अब स्वदेश वापसी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ-साथ एआई जैसी उभरती हुई प्रौद्योगिकियां और डेटा सेंटर का उदय भविष्य के भारतीय विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। सिंगापुर में भारतीय उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले ने कहा कि भौतिक और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश का भारतीय अर्थव्यवस्था पर गुणात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विधायी नियामक परिवर्तनों ने इसे बाजार अनुकूल क्षेत्र बनाया है। यह

- आज डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ-साथ एआई जैसी उभरती हुई प्रौद्योगिकियां और डेटा संेटर का उदय भविष्य के भारतीय विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं

अनुकूल और पूर्वानुमानित नीतिगत वातावरण प्रदान करता है।

इस सम्मेलन में भारत की ओर से देश में नए क्षेत्रों में उभरते अवसरों पर प्रस्तुति दी गयी। इस बैठक में वैश्विक निवेशकों और वित्तीय संस्थानों के 60 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने के लिए 15 से अधिक भारतीय फर्मों ने भागीदारी की।

सिंगापुर के मरीना बे सैंड्स में आयोजित इस बैठक में 60 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें अमेरिका, सिंगापुर, जापान, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया और अन्य देशों के वैश्विक निवेशकों के साथ-साथ भारत के निजी क्षेत्र और सरकारी विभागों के अधिकारी शामिल हुए।


इस कार्यक्रम में टेमासेक, ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर पार्टनर्स, गारंटको, प्राइवेट इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट ग्रुप (पीआईडीजी), गोल्डमैन सैक्स, आई स्क्वैयर्ड कैपिटल, मिजुहो बैंक लिमिटेड, एडवांटेज पार्टनर्स, नोमुरा, डीबीएस बैंक और सिटी बैंक जैसे आईपीईएफ सदस्य देशों के निवेशक उपस्थित थे।

# ईडी ने राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल को जब्त की गई 180 करोड़ की संपत्ति लौटाई

मुंबई, समृद्धि न्यूज।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राकांपा (अजीत पवार) गुट के नेता प्रफुल्ल पटेल की 180 करोड़ की संपत्ति जब्ती रद्द करके लौटा दी है। इन संपत्तियों में मुंबई के वर्ली इलाके में स्थित सीजे हाउस में 12वीं और 15वीं मंजिल के सात फ्लैट शामिल हैं।

ईडी ने 2022 में प्रफुल्ल पटेल, उनकी पत्नी वर्षा और उनकी कंपनी मिलेनियम डेवलपर्स के स्वामित्व वाले कम से कम सात फ्लैट मनी लॉड्रिंग के तहत जांच करते हुए जब्त कर लिए थे। ईडी ने आरोप लगाया था कि पटेल ने यह सभी फ्लैट गैंगस्टर इकबाल मिर्ची की पत्नी से अवैध रूप खरीदे थे। ईडी का यह भी आरोप था कि इस संपत्ति के लिए 2007 में समझौता हुआ था। अब ईडी ने दावा किया है कि यह संपत्ति इकबाल मिर्ची से संबंधित नहीं है, इसलिए जब्ती रद्द करते हुए यह संपत्ति प्रफुल्ल पटेल को



लौटा दी है।राकांपा शरद पवार गुट के विधायक रोहित पवार ने कहा कि प्रफुल्ल पटेल का भाजपा के साथ जाना सफल हो गया है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राऊत ने कहा कि ईडी ने उनका घर और गांव में जमीन जब्त किया है। प्रफुल्ल पटेल भाजपा में गए और ईडी ने उनकी संपत्ति लौटा दी। अगर मैं भी भाजपा में गया तो मेरी संपत्ति भी ईडी लौटा देगी, लेकिन मैं भाजपा में नहीं जाऊंगा। राऊत ने कहा कि यह संपत्ति उन्होंने किसी गैंगस्टर से नहीं खरीदी है। सारा लेन-देन कानूनी है, इसलिए ईडी को उनकी भी संपत्ति लौटा देनी चाहिए।

# दिल्ली के लोगों के खिलाफ षड्यंत्र रच रही हरियाणा सरकार : आतिशी

एजेंसी, नई दिल्ली।

दिल्ली की जलमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि हरियाणा सरकार लगातार दिल्ली के हिस्से का पानी रोककर यहाँ के लोगों के खिलाफ़ षडयंत्र रच रही है।

सुश्री आतिशी ने शुक्रवार को वजीराबाद बैराज का निरीक्षण करने के बाद कहा कि हरियाणा सरकार दिल्ली के हक का पूरा पानी नहीं दे रही है। इसके कारण जल स्तर दो जून के 671.3 फुट की तुलना में सात जून को घटकर 669.7 फुट रह गया है।

उन्होंने कहा कि दो जून से जब से पानी का ये मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में पहुँचा है तभी से हरियाणा ने लगातार दिल्ली की ओर यमुना में पानी छोड़ना कम कर दिया है। इसका नतीजा है कि, दो जून को वज़ीराबाद बैराज स्थित बैराज में पानी का स्तर 671.3



- हरियाणा सरकार दिल्ली के हक का पूरा पानी नहीं दे रही : जलमंत्री

फुट था जो सात जून को घटकर 669.9 फीट पर आ गया है।

जलमंत्री ने कहा कि दिल्ली अपनी पूरी पानी की सप्लाई के लिए यमुना नदी पर निर्भर है। यमुना नदी में वही पानी आता है जो हरियाणा से छोड़ा जाता है। यमुना में आने वाला पानी वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को मिलता है। जब हरियाणा से यमुना में पानी ही कम आएगा तो वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पानी कहां से पानी उत्पादित करेगा? इसका असर सप्लाई पर पड़ेगा और लोगों को परेशानी होगी।

## रूस में चार भारतीयों की मौत मामले में भारतीय दूतावास कर रहा हरसंभव मदद : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय का कहना है कि रूस में चार भारतीय छात्रों की डूबने से हुई मौत मामले में सेंट पीटर्सबर्ग में भारतीय वाणिज्य दूतावास विश्वविद्यालय और स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। रूस के वेलिकि नोवगोरोड में स्थित यारोस्लाव-द-वाइज़ नोवगोरोड स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे चार भारतीय छात्रों की वोल्खोव नदी में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में डूबने से मौत हो हुई थी। घटना में पांचवें भारतीय छात्र को डूबने से बचा लिया गया। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। मंत्रालय ने कहा कि सेंट पीटर्सबर्ग में हमारा वाणिज्य दूतावास नश्वर अवशेषों की स्वदेश वापसी के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है। वाणिज्य दूतावास महाराष्ट्र के जलगांव में परिवारों और जिला प्रशासन के साथ संपर्क में बना हुआ है।

## कमल किशोर सोन ने ईएसआईसी के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाला



**एजेंसी, नई दिल्ली।** श्रम और रोजगार मंत्रालय में श्रम कल्याण के अतिरिक्त सचिव और महानिदेशक के रूप में कार्यरत कमल किशोर सोन कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कमल किशोर सोन झारखंड कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं। कमल किशोर सोन का झारखंड राज्य में भूमि राजस्व प्रबंधन और जिला प्रशासन, कृषि और पारस्परिक सहायता, स्वास्थ्य, भवन निर्माण, परिवहन, वित्त, ऊर्जा, जल संसाधन, सामाजिक न्याय और हस्तांतरण सहित विभिन्न विभागों के शासन और प्रबंधन में व्यापक अनुभव है।

# बिहार के दो अपराधी प्रतिबंधित कार्बाइन के साथ गिरफ्तार



समृद्धि न्यूज, बलिया।

बलिया पुलिस ने प्रतिबंधित नाइन एमएम कार्बाइन के साथ बिहार के दो बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। हत्थे चढ़े बदमाशों के पास से पुलिस ने कार्बाइन के अलावा तीन तमंचे व सात कारतूस भी बरामद किए हैं।

क्षेत्राधिकारी रसड़ा मो फहीम कुरैशी ने शुक्रवार को बताया कि गुरूवार को मध्यरात्रि में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सर्विलांस और स्वॉट प्रभारी टीम के साथ उभांव थाने के निरीक्षक विपिन सिंह संदिग्ध अपराधियों की धर-पकड़ के लिए तुर्तीपार मेन रोड के पास चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दो अपराधियों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की तलाशी करने पर उनके कब्जे से एक प्रतिबन्धित नाइन एमएम कार्बाइन, तीन तमंचे व सात जिंदा कारतूस मिले। सभी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस के हाथ लगे बदमाशों की पहचान गुलशन कुमार पुत्र शम्भू सिंह निवासी पचबेनियां थाना असांव सिवान बिहार व टुन्नु सिंह उर्फ आलोक रंजन पुत्र स्व लालबाबू सिंह निवासी पतार थाना रघुनाथपुर जनपद सिवान बिहार कब रूप में हुई है।

# कुख्यात नशा तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी, बारामूला।

नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए और समाज से नशे की बुराई को खत्म करने के लिए पुलिस ने बारामूला में कुख्यात नशा तस्कर के खिलाफ पीआईटी एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि कुख्यात नशा तस्कर तौसीफ नबी गनी पुत्र गुलाम नबी निवासी स्टेडियम कॉलोनी बारामूला के खिलाफ सक्षम प्राधिकारी से औपचारिक हिरासत आदेश प्राप्त करने के बाद पीआईटी.एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए नशा तस्कर को हिरासत में लिया गया है और बाद में उसे सेंट्रल जेल कोट.बलवाल जम्मू में रखा गया। उन्होंने कहा कि उक्त नशा तस्कर के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं और वह बारामूला शहर और जिले के अन्य क्षेत्रों के स्थानीय युवाओं को नशीले




पदार्थ की आपूर्ति करके नशीली दवाओं के व्यापार को बढ़ावा देने में शामिल था। उन्होंने यह भी कहा कि कई एफआईआर में शामिल होने के बावजूद उसने अपनी गतिविधियों में सुधार नहीं किया और स्थानीय युवाओं को नशीले पदार्थ की आपूर्ति करके फिर से नशीली दवाओं के व्यापार को बढ़ावा देने में शामिल रहा। वहीं आम जनता ने नशा तस्करों के खिलाफ उनकी कार्रवाई के लिए पुलिस की भूमिका की सराहना की। पुलिस ने एक बयान में कहा कि मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ हमारी लगातार कार्रवाई से समुदाय के सदस्यों को यह भरोसा मिलता है कि पुलिस हमारे समाज को मादक पदार्थ दुरुपयोग से मुक्त रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

# संसद भवन से गांधी, अंबेडकर और शिवाजी की मूर्ति हटाने पर भड़की कांग्रेस

एजेंसी, नई दिल्ली।

कांग्रेस ने संसद भवन परिसर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डॉ बी आर अंबेडकर तथा छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति हटाने को लेकर सरकार पर कड़ा हमला करते हुए कहा है कि उसने महाराष्ट्र में मिली हार का बदला लेने के लिए यह कदम उठाया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संसद भवन परिसर से मूर्तियों का हटाना महाराष्ट्र की जनता से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वोट नहीं देने का बदला निकालना है। गांधीजी, डॉ अंबेडकर और शिवाजी महाराज की मूर्ति हटाने को लेकर सरकार जो भी तर्क दे, लेकिन असलियत यह है कि उसने महाराष्ट्र के लोगों से बदला लेने के लिए यह



कदम उठाया है। उनका कहना था कि सरकार को इस मामले में स्पष्टीकरण देना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों से बदला लेने के लिए संसद भवन परिसर से शिवाजी की मूर्ति हटाई गई है। ये सब खीझ निकालने के लिए किया गया है क्योंकि जब नरेंद्र मोदी ने कहा कि गांधी फिल्म आने से पहले गांधी जी को कोई नहीं जानता था तो जनता ने जवाब दिया तो गांधी जी की प्रतिमा हटा दी। हमने चुनावों में संविधान को बचाने की मुहिम छेड़ी तो खीझ निकलने के लिए अंबेडकर की मूर्ति को कहीं पीछे धकेल दिया। महाराष्ट्र की जनता ने जब चुनावों में करारा जवाब दिया, तो बदला लेने के लिए शिवाजी महाराज जी की मूर्ति हटा दी। उन्होंने कहा कि संसद भवन परिसर की विरासत विशेषता के रखरखाव और विकास पर तथा संसद भवन परिसर में राष्ट्रीय नेताओं और सांसदों के चित्र एवं प्रतिमाओं की स्थापना पर दो कमेटियां बनी थीं लेकिन हैरानी की बात है कि पोर्टरेट स्टेचू कमेटी की आखिरी मीटिंग 18 दिसंबर 2018 को हुई। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कल जब यह मुद्दा उठाया तो सरकार की तरफ से झूठ बोला जाता है कि राजनीतिक दलों से बात हुई थी जबकि किसी राजनीतिक दल से कोई बात नहीं हुई। ऐसे में भाजपा देश की जनता को स्पष्टीकरण दे कि महान विभूतियों की मूर्ति को हटाने के पीछे मंशा क्या है।

# भवानी रेवन्ना को मिली अंतरिम जमानत

एजेंसी, बेंगलुरु।

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने यौन शोषण के आरोप में निलंबित जनता दल-सेक्यूलर (जनता-एस) नेता प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना को अपहरण के आरोपों से संबंधित एक मामले में शुक्रवार को अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी।

उच्च न्यायालय का यह निर्णय अतिरिक्त मुख्य महानगर दंडाधिकारी (एसीएमएम) की ओर से श्रीमती भवानी के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट के जवाब में आया है। न्यायालय ने उन्हें अंतरिम राहत देते हुए पुलिस को उन्हें गिरफ्तार करने या हिरासत में लेने से परहेज करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित ने जमानत का जश्न मनाने के खिलाफ चेतावनी दी और चल रही जांच में सहयोग सुनिश्चित करने की शर्त भी रखी।

न्यायालय की ओर से निर्धारित शर्तों के तहत श्रीमती भवानी को जांच में पूरा सहयोग करना होगा और शुक्रवार अपराह्न एक बजे जांच





अधिकारी के समक्ष पेश होना होगा। इसके अतिरिक्त, उन्हें उन विशिष्ट क्षेत्रों में प्रवेश नहीं करने का निर्देश दिया गया, जहां कथित अपहरण हुआ था। उन पर एक महिला के अपहरण में शामिल होने का आरोप है, जिसका कथित तौर पर उसके बेटे प्रज्वल ने यौन उत्पीड़न किया था। प्रज्वल कई महिलाओं पर यौन उत्पीड़न के आरोपों और ऐसे हमलों की रिकॉर्डिंग के सिलसिले में फिलहाल गिरफ्तार है। इस मामले ने पिछले महीने तब व्यापक ध्यान आकर्षित किया जब कर्नाटक में सार्वजनिक स्थानों पर छोड़े गये पेन ड्राइव में यौन उत्पीड़न को दर्शाने वाले 2,900 से अधिक वीडियो सामने आये। इसके बाद राजनीतिक उथल-पुथल के बीच, प्रज्वल जर्मनी चले गये, लेकिन 31 मई को भारत लौटने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। फिलहाल उसकी 10 जून तक विशेष जांच दल की हिरासत बढ़ा दी है।

एसआईटी का प्रतिनिधित्व करने वाले विशेष लोक अभियोजक ने दावा किया है कि श्रीमती भवानी अपहरण की साजिश के पीछे मास्टरमाइंड थीं। इस मामले पर अगले सप्ताह फिर से सुनवाई होने वाली है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू और आयुष मंत्रालय सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने यहां बताया कि आगामी 21 जून को मनायें जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाइयां योग अभ्यास के लाभों के बारे में जागरूकता के साथ-साथ कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न प्रकार की कार्यक्रम गतिविधियों का आयोजन करने की तैयारी कर रही हैं। प्रेस सूचना ब्यूरो, प्रसार भारती, न्यू मीडिया विंग और अन्य विभिन्न मीडिया इकाइयों ने प्रमुख गतिविधियों की योजना बनाई है। लोक सेवा प्रसारक, प्रसार भारती दूरदर्शन और आकाशवाणी नेटवर्क से विभिन्न कार्यक्रमों का प्रसारण करेगा। दूरदर्शन विशेष लाइव मॉर्निंग शो के साथ-साथ योग विशेषज्ञों के साथ कार्यक्रम और साक्षात्कार प्रसारित करेगा।

# कंगना की टिप्पणी की पंजाब के नेताओं ने की आलोचना

- किसान देश के लिए अन्न उगा रहे हैं और उनके बेटे, भाई- बहन सीमाओं पर सेवा कर रहे हैं उनकी आवाज अनसुनी नहीं की जानी चाहिए : मजीठिया

एजेंसी, चंडीगढ़।

पंजाब के नेताओं हरसिमरत कौर बादल, बिक्रम सिंह मजीठिया और सुखपाल सिंह खैरा सहित कई अन्य ने अभिनेत्री एवं नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत की पंजाब में आतंकवाद को लेकर की गयी टिप्पणी के लिए आलोचना की है।

सुश्री रनौत ने कहा था कि पंजाब में आतंकवाद और अतिवाद बढ़ रहा है। गुरुवार को चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर हुई एक चौका देने वाली घटना में सीआईएसएफ की एक महिला जवान ने कंगना को थप्पड़ मार दिया था। बताया जा रहा है कि महिला किसान



आंदोलन को लेकर अभिनेत्री की टिप्प्णी से आहत थी।

शिरोमणि अकाली दल के सांसद बादल ने कहा कि किसी को भी पंजाबियों को आतंकवादी या उग्रवादी कहने और लोगों को सांप्रदायिक आधार पर बांटने की इजाजत दी जानी चाहिए। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री मजीठिया ने 'एक्स' पर लिखा कि हालांकि वह किसी भी रूप में हिंसा के समर्थक नहीं हैं, लेकिन उन्होंने बार-बार कहा है कि किसान देश के लिए अन्न उगा रहे हैं और उनके बेटे, भाई- बहन सीमाओं पर सेवा कर रहे हैं । उनकी आवाज अनसुनी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि चंडीगढ हवाई अड्डे पर जो कुछ हुआ वह शासकों के किसानों और सैनिकों की आवाज अनसुनी करने का ही परिणाम था। शासकों को समझना चाहिए कि ऐसी स्थिति क्यों पैदा हुई कि जिसमें कुलविंदर कौर को ऐसा अतिवादी कदम उठाना पड़ा। श्री मजीठिया ने कहा एक बयान जारी किया गया पंजाबी आतंकवादी बन रहे हैं... ऐसे बयानों से बचने की जरूरत है जो कड़वाहट का माहौल बनाते हैं। कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा ने सुश्री रनौत की टिप्पणी की निंदा करते हुए 'एक्स' पर लिखा कि मैं कभी भी किसी भी तरह की हिंसा का समर्थन नहीं करता, लेकिन सीआईएसएफ कर्मी कुलविंदर कौर ने अपने नापाक विभाजनकारी एजेंडे और किसानों के प्रति अपनी नफरत के कारण उसे थप्पड़ मारा। सुश्री कुलविंदर ने उन्हें इसलिए मारा क्योंकि उन्हें बुरा लगा जब सुश्री रनौत ने प्रदर्शनकारी किसानों को वेतनभोगी दिहाड़ी मजदूर कहकर चिढ़ाया, क्योंकि उसकी मां भी उसी विरोध प्रदर्शन का हिस्सा थी।

ऐसा लगता है कि उन्होंने कोई सबक नहीं सीखा है और एक बार फिर किसानों और पंजाब के खिलाफ जहर उगल रही है। वह थप्पड़ को पंजाब में फिर से आतंकवाद के सिर उठाने के रूप में पेश कर रही हैं। वह नहीं समझ रहीं कि यह एक थप्पड़ था न कि गोली चलाई गई।

श्री खैरा ने कहा कि उन्हें अब यह समझ लेना चाहिए कि वह एक सांसद हैं और उन्हें अपनी जुबान पर नियंत्रण रखना चाहिए।